नई दिल्ली
शुक्रवार 12 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 54
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 40
न्यून. 31

यूएनएससी की बैठक में भारत के वरिष्ठ राजदूत पी.हरीश ने मजबूती के साथ रखा नई दिल्ली का पक्ष

## युद्ध के बीच व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाने के सख्त खिलाफ भारत, बातचीत से लौटेगी शांति



**गाजा और फिलिस्तीन के मामले पर भी साफ किया देश का रुख**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध की वजह से गहराते तनाव के मध्य भारत ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के मंच पर नई दिल्ली के रुख को पूरी मजबूती के साथ एक बार फिर से स्पष्ट कर दिया है। यूएन में वरिष्ठ भारतीय राजदूत पी.हरीश ने कहा कि मौजूदा ईरान संघर्ष के बीच व्यापारिक जहाजों पर किए जा रहे हमलों का भारत सख्त अंदाज में विरोध करता है। ऐसे कुछ हमलों में हमारे देश के कई नागरिक मारे गए हैं। जबकि कई अन्य आज भी लापता हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता गंभीर प्रभाव

उन्होंने यह भी कहा कि हमारा व्यापार और ऊर्जा सप्लाई चेन को लेकर बनी हुई निर्भरता पश्चिम-एशिया के अलावा खाड़ी क्षेत्र में स्थिरता पर पूरी तरह से निर्भर करती है। ऐसे में कोई भी बड़ा घटनाक्रम या बाधा का हमारी अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। हरीश के मुताबिक, ईरान संघर्ष में उग्रता के ▶▶ शेष पेज 5 पर

- ▶▶ एमटी सेटेबेलो पर हुए हमले में हुई 3 भारतीयों की मौत, अंतिम संस्कार के लिए जल्द भारत पहुंचेगी पार्थिव देह
- ▶▶ विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने की हमलों की कड़ी निंदा, बोले, समस्याओं का समाधान बातचीत से होगा
- ▶▶ यूएन में गूंजा मामला, पी.हरीश बोले, ओमान सहित खाड़ी क्षेत्र में भारतीय सवार जहाजों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है

# ओमान के तट पर 20 भारतीय सवार तीसरे जहाज पर अमेरिका ने किया हमला, सभी निकले सुरक्षित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ओमान के तट पर अमेरिकी नौसेना द्वारा भारतीय सवार वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला पश्चिमी-अफ्रीकी देश गिनी बिसाऊ के ध्वज वाले एमटी जलवीर जहाज से जुड़ा हुआ है, जिसे अमेरिका ने गुरुवार को निशाना बनाया है। राहत की बात यह रही कि इसमें सवार 20 भारतीयों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

सभी सुरक्षित हैं। इससे पहले 10 जून को एमटी सेटेबेलो नामक एक अन्य जहाज पर हुए हमले में 3 भारतीय नाविकों की दुखद मौत हो गई है। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### अमेरिका की मौजूदगी में यूएन में जताया विरोध

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी.हरीश ने ओमान सहित खाड़ी के समूचे इलाके में भारतीय सवार जहाजों पर किए जा रहे हमलों की जोरदार ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मारीवेक्स जहाज सवार 24 लोग आज लौटेंगे

राजधानी में हुई अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, खाड़ी क्षेत्र में हालिया समय में भारतीय सवार जहाजों पर हमले की कई घटनाएं हुई हैं। भारत की प्राथमिकता ▶▶ शेष पेज 5 पर

**यह युद्ध का समय नहीं: जयशंकर**

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें बेहद चिंताजनक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। बुल्गारिया की विदेश मंत्री डॉ.वेलिस्लावा पेत्रोवा चमोवा के साथ बैठक के बाद उन्होंने मामले पर भारत का रुख साफ करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया एक अस्थिर और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। यह एक ऐसा समय है जब दुनिया के किसी भी देश को ▶▶ शेष पेज 5 पर

राष्ट्रपति भवन में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक

# वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत आत्मविश्वास के साथ प्रगति की ओर अग्रसर : प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दुनिया इस समय अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, लेकिन भारत आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने में केंद्र और राज्यों की साझा जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। राष्ट्रपति भवन में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राज्यों के बीच सहयोग, संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान विकास का आधार बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीति आयोग राज्यों के बीच बेहतर समन्वय और साझेदारी का प्रभावी मंच बन सकता है, जिससे विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।




प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मांग आधारित कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सशक्त और कुशल युवा विकसित भारत की यात्रा के सबसे बड़े प्रेरक बनेंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, जिससे निर्यात और आर्थिक विकास के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए भी वैश्विक बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। इसके लिए एमएसएमई क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ानी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला-नेतृत्व वाला विकास विकसित भारत की अवधारणा का प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि कृषि, स्टार्टअप, विज्ञान और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने राज्यों से महिलाओं की शिक्षा, कौशल विकास, सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने का आह्वान किया ताकि उनकी पूरी क्षमता का उपयोग देश के विकास में किया जा सके। बैठक में देशभर में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास को मजबूत करने और टिकाऊ रोजगार के अवसर सृजित करने के उपायों पर चर्चा की जा रही है। साथ ही सुशासन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और विभिन्न साझेदारियों का प्रभावी उपयोग करते हुए जवाबदेही और मापनीय परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर भी विचार-विमर्श हो रहा है।

इस वर्ष नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल बैठक का विषय ₹विकसित भारत @2047 के लिए समावेशी मानव विकास₹ रखा गया है। इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक के कल्याण और विकास को सुनिश्चित करना है, चाहे उसकी आयु, क्षेत्र, लिंग या सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। बैठक में देशभर के मुख्यमंत्री और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल शामिल हुए। परिषद चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित समावेशी मानव विकास ढांचे पर चर्चा कर रही है। इनमें आधारभूत मानव पूंजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल, उत्पादक रोजगार एवं उद्यमिता तथा विकेंद्रीकृत विकास, स्वास्थ्य-पोषण और समग्र कल्याण, तथा सभी के लिए समानता और गरिमा सुनिश्चित करना शामिल है।

मप्र में भाजपा के तीनों उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

# 26 सीटों में से 14 पर निर्विरोध उम्मीदवार जीते भाजपा से 10, कांग्रेस से चार चुने लिए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंततः भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में बड़ी सफलता हासिल कर ली। गुरुवार को उसके तीनों प्रत्याशियों तरुण चुग, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

विधानसभा परिसर में रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शर्मा ने तीनों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपकर उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की। इसके साथ ही 26 सीटों में से 14 पर निर्विरोध उम्मीदवार जीते। इनके सामने कोई और कैंडिडेट खड़ा नहीं था। इनमें 10 भाजपा और 4 कांग्रेस से हैं। चुनाव जीतने वालों में कर्नाटक से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और मीडिया व प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा का नाम शामिल हैं। वहीं, राजस्थान से भाजपा के सतीश पूनिया, अलका गुर्जर और कांग्रेस के नीरज डांगी निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इसके अलावा गुजरात से भाजपा के सभी चार राज्यसभा उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। शामिल हैं। वहीं, राजस्थान से भाजपा के सतीश पूनिया, अलका गुर्जर और कांग्रेस के नीरज डांगी निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इसके अलावा गुजरात से भाजपा के सभी चार राज्यसभा उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है।

12 सीटों पर 18 जून को वोटिंग अंध्रप्रदेश की 4, झारखंड की 2 और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल, मिजोरम, महाराष्ट्र, और तमिलनाडु की एक सीट पर 18 जून को वोटिंग होगी। यहां कांग्रेस को एक, भाजपा को 8, जेएमएम को दो और टीवीके को एक सीट पर जीत मिल सकती है।

द्वीपीय देश में बीमारी के बढ़ते मामलों से निपटने में मिलेगी मदद

# भारत ने मालदीव को भेजी चेचक से बचाव के लिए 20 हजार टीकों की खेप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मालदीव में तेजी से बढ़ते चेचक के मामलों को देखते हुए जरूरी चिकित्सा सहायता की खेप भेजी है। जिसमें 20 हजार चेचक के टीके और 3 टन चिकित्सा सप्लाई मुख्य रूप से शामिल है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान के जरिए बताया कि नई दिल्ली द्वारा भेजी गई जरूरी चिकित्सा सप्लाई के जरिए द्वीपीय देश में इस बीमारी से बचाव के लिए जारी टीकाकरण कवरेज बढ़ेगी और जन स्वास्थ्य को भी सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी। मंत्रालय ने यह भी बताया कि वर्तमान में मालदीव में इस बीमारी के मामलों में वृद्धि देखने को मिल रही है। ऐसे में भारत द्वारा समय पर मदद पहुंचाने से न केवल इससे बचाव हो सकेगा। बल्कि मालदीव की सरकार द्वारा मामले पर दी जा रही प्रतिक्रिया से जुड़े प्रयासों को भी मजबूती ▶▶ शेष पेज 5 पर

# मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस शुरू करेगी बड़ा देशव्यापी आंदोलन

- ▶▶ खरगे की अध्यक्षता में हुई पार्टी महासचिवों, प्रदेश प्रभारियों एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक में लिया गया अहम फैसला
- ▶▶ वेणुगोपाल और जयराम रमेश ने कहा- आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, परीक्षा घोटालों और लोकतंत्र पर कुठाराघात जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने देश में गहराते आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, परीक्षा घोटालों और लोकतंत्र पर कुठाराघात जैसे मुद्दों को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ जमीनी स्तर पर बड़ा देशव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में देश के मौजूदा हालात पर पार्टी महासचिवों, प्रदेश प्रभारियों एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों की तीन घंटे तक चली महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी और संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश समेत वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बैठक के बाद पत्रकार वार्ता करते हुए केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश ने बताया कि यह आंदोलन सिर्फ राष्ट्रीय स्तर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर तक ले जाया जाएगा।

केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सीधे उन लोगों के बीच जाएंगे जो महंगाई, बेरोजगारी तथा वर्तमान व्यवस्था से पीड़ित हैं, उनका दर्द बांटेंगे और उनकी आवाज को आंदोलन के जरिए राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरे आंदोलन का विस्तृत कार्यक्रम अगले 4-5 दिनों में जारी कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बताया कि बैठक में देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

# मुख्यमंत्री सैनी ने नीति आयोग की बैठक में 50 औद्योगिक पार्कों में हरियाणा को शामिल करने की रखी मांग



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के कल्चरल सेंटर में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर टीम इंडिया की ▶▶ शेष पेज 5 पर

> प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लिया हिस्सा

> मुख्यमंत्री नायब ने प्रदेश के हित से जुड़ी विभिन्न मांगों को बैठक में रखा

## कारीगरों द्वारा तैयार उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री जारी

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाना है

# रेलवे स्टेशनों पर बिकेंगे दिव्यांग कारीगरों के उत्पाद, एमएसएमई मंत्रालय की नई पहल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत दिव्यांगजन विश्वकर्मा कारीगरों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' (ओएसओपी) पहल लागू करने जा रहा है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, इस पहल के तहत देश के चुनिंदा अधिक भीड़-भाड़ वाले रेलवे स्टेशनों पर विशेष खुदरा बिक्री केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से दिव्यांगजन कारीगरों द्वारा तैयार उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जा रही है। इससे उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध होने के साथ-साथ उनकी पहचान और बिक्री के अवसरों में भी वृद्धि हो रही है।




ओएसओपी पहल का उद्देश्य दिव्यांग कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, उन्हें वित्तीय आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना तथा समावेशी विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। यह पहल दिव्यांगजन कारीगरों को अपनी कला और उत्पादों के लिए नए ग्राहकों तक पहुंच बनाने का अवसर प्रदान कर रही है, जिससे उनके लिए टिकाऊ आजीविका के रास्ते खुल रहे हैं। आला अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत संचालित ओएसओपी पहल कारीगरों को कौशल उन्नयन, बाजार तक पहुंच और आजीविका सुधार के लिए आवश्यक संसाधन एवं अवसर उपलब्ध कराने पर भी केंद्रित है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाना है। यह योजना 'सम्मान', 'सामर्थ्य' और ▶▶ शेष पेज 5 पर



# डीआरडीओ कर्मी से 15 लाख रुपये की साइबर ठगी, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक कर्मचारी से ऑनलाइन निवेश के नाम पर 15 लाख रुपये से अधिक की ठगी के मामले को सुलझाते हुये पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी व्यक्ति संदीप सैन (30), परीक्षित (23) और सचिन झक्कर (25) हरियाणा और राजस्थान के रहने वाले हैं। ठगी से हासिल रकम को इधर-उधर करने में इनकी भूमिका पुख्ता तौर पर सामने आने के बाद इन्हें पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार नई दिल्ली के रहने वाले शिकायतकर्ता ने एक फर्जी ऑनलाइन निवेश योजना में ठगे जाने के बाद शिकायत दर्ज कराई थी। बताया गया कि उनसे कुछ लोगों ने संपर्क किया था, जिन्होंने खुद को एक 'वर्क-फ्रॉम-होम' कंपनी का प्रतिनिधि बताया था। जालसाजों ने दावा किया कि कंपनी किराये वाली संपत्तियों को रेटिंग देने व पट्टे पर देने से संबंधित काम में शामिल है। पीड़ित को एक ग्रुप में भी जोड़ा गया और उसे बाकायदा प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद उसे कई वेबसाइटों पर पंजीकरण करने के लिए कहा गया। शुरुआत में कार्य पूरे करने और पैसे जमा करने के बाद उसे थोड़ा लाभ मिला, जिससे ठगों को उसका विश्वास जीतने में मदद मिली। इसके बाद पीड़ित को कथित चार्टर लीज, बोनस कार्यों और अन्य निवेश योजना में बड़ी रकम निवेश करने के लिए राजी किया गया, जिनमें पैसा लगाने पर मोटा मुनाफा मिलने का झांसा दिया गया था। पीड़ित ने लगभग 15.74 लाख रुपये का निवेश किया। जब उसने अपने ऑनलाइन खाते में दिखाई गई राशि निकालने का प्रयास किया, तो ठगों ने कथित तौर पर निकासी जुर्माने के रूप में अतिरिक्त भुगतान की मांग की। बाद में ना तो पैसे निकालने दिए गए और ना ही वापस किए गए। शिकायत मिलने के बाद एक ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सात जून को करनाल से संदीप को और उसके बाद आठ जून को दिल्ली के पीतमपुरा से सचिन को गिरफ्तार किया गया। परीक्षित पहले की छापेमारी में पुलिस से बच निकला था, लेकिन उसे भी नौ जून को हरियाणा के हिसार से पकड़ लिया गया। इस मामले में शामिल अन्य सदस्यों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर 15 लाख की ठगी में तीन अरेस्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के नाम पर एक शख्स से 15 लाख से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम कुंदन (34), विपिन कुमार (23) और नवीन (36) बताये गये हैं। सभी बाहरी दिल्ली के नजफगढ़ इलाके के रहने वाले हैं। तीनों कमीशन पर मिलने वाले बैंक खाते चलाते थे। डीसीपी आकांक्षा यादव के अनुसार शालीमार बाग निवासी साई किरण माधवन ने इस साल जनवरी में एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के नाम पर उनसे 15.26 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता के मुताबिक जालसाजों ने स्वयं को बैंक प्रतिनिधि बताकर उनका विश्वास जीता तथा क्रेडिट कार्ड सीमा बढ़ाने की प्रक्रिया के बहाने उनसे बैंकिंग संबंधी संवेदनशील जानकारी प्राप्त कर उनके खाते से अनधिकृत तौर पर 15.26 लाख रुपये की राशि निकाल ली। यादव ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने मनी ट्रेल का विश्लेषण किया, जिससे पता चला कि ठगी की राशि को विभिन्न 'म्यूल' बैंक खातों के माध्यम से स्थानांतरित किया गया था ताकि अपराध की आय को छिपाया जा सके और पुलिस से बचा जा सके। जांच टीम ने बैंक खातों का विवरण, केवाईसी दस्तावेज, लेन-देन का पैटर्न, निकासी के स्थान तथा लाभार्थी खातों से जुड़े मोबाइल नंबरों का गहन विश्लेषण किया। इस दौरान आरोपियों की गतिविधियों का क्षेत्र दिल्ली के नजफगढ़ एवं द्वारका में पता चला और उन्हें पकड़ लिया गया। इनके पास से सात मोबाइल, तीन एटीएम कार्ड, तीन चेक बुक तथा दो पासबुक बरामद की गई हैं।

# सीलमपुर में पत्नी की सिर पर हथौड़े से वार कर हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सीलमपुर इलाके में एक शख्स ने अपनी पत्नी की सिर पर हथौड़े से वार कर हत्या कर दी। मृतका की पहचान राजदा (35) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतका और आरोपी की इसी साल 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे पर ही शादी हुई थी। शुरुआती तौर पर पता चला कि शादी के चार माह बाद आरोपी शख्स घर में अचानक चार बच्चों को अपने बच्चे कहकर ले आया, जिसके बाद पति पत्नी के बीच विवाद शुरू हुआ था। सीलमपुर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। स्थानीय एसडीएम भी मामले की जांच कर रहे हैं।

मिली सूचना के मुताबिक राजदा अपने पति दाऊद इशाक (36) के साथ गौतमपुरी में रहती थीं। परिवार में सास व अन्य सदस्य हैं जो कुछ दूरी पर ही रहते हैं। राजदा के माता-पिता की मौत हो चुकी है। उनका मायका सीलमपुर क्षेत्र में बताया गया हैं। राजदा की शादी उनके जीजा रिजवान ने 14 फरवरी को इसी साल करवाई थी। दाऊद उसने राजदा को बताया नहीं था कि वह पहले से शादीशुदा है। एक सप्ताह पहले अचानक से वह घर पर चार बच्चे ले आया। उसका सबसे बड़ा बेटा लगभग 18 साल का है। उसकी पहली पत्नी गोवा में रहती है। पहली पत्नी से अनबन के बाद ही दाऊद ने दूसरी शादी धोखे से की थी। बुधवार शाम को दाऊद ने अपने बच्चों को पास में ही रहने वाली मां के घर भेज दिया था। बृहस्पतिवार सुबह आरोपी की बहन ने रिजवान को फोन करके कहा कि दाऊद ने राजदा की हत्या कर दी है। जब मायके वाले राजदा के घर पर पहुंचे तो वह खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़ी हुई थी। महिला के परिजनों का आरोप है कि दाऊद रात को शराब पीने के बाद पत्नी के साथ मारपीट करता था। कई बार रिश्तेदारों की मीटिंग भी हुई लेकिन वह फिर भी नहीं समझा। रिश्ता न टूट जाए, इसलिए परिवार ने पुलिस में शिकायत नहीं की थी। सीनियर अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को अरेस्ट कर लिया गया है।

# नंद नगरी इलाके में व्यक्ति की हत्या



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के नंद नगरी इलाके में गुरुवार तड़के गगन सिनेमा के पास एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 42 वर्षीय मोहम्मद अनीस के रूप में हुई है। पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किये जाने की बात कहीं जा रही है। पुलिस के अनुसार नंद नगरी थाने को मिली सूचना के बाद एक टीम घटनास्थल गगन सिनेमा के मुख्य द्वार के सामने पहुंची। सड़क पर एक व्यक्ति घायल मिला। उसे तुरंत जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतक की पहचान 42 वर्षीय मोहम्मद अनीस के रूप में हुई। अपराध और फॉरेंसिक टीमों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में नंद नगरी थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## राहुल के जन्मदिन पर कांग्रेस 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित करेगी मेगा जॉब फेयर



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा है कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन को प्रेरणादायक बनाने के लिए दिल्ली कांग्रेस और युवा कांग्रेस मिलकर 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में एक मेगा जॉब फेयर (रोजगार मेला) आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला को लेकर गुरुवार को एक अहम बैठक बुलाई थी जिसमें सभी 14 जिला अध्यक्ष और 258 ब्लाक अध्यक्ष मौजूद थे। इस बैठक में तय हुआ कि पूरी दिल्ली में हम करीब 50 हजार युवाओं से सम्पर्क करेंगे। तब कहीं जाकर हम 14-15 हजार बेरोजगार युवाओं को रोजगार मेला तक ला पाऐंगे। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेला में लगभग 150 से अधिक नामी कंपनियां हिस्सा लेगी। पिछले वर्ष आयोजित रोजगार मेला में 100 के लगभग कम्पनियां शामिल हुई और 3391 युवाओं को मौके पर नियुक्ति पत्र सौंपकर रोजगार प्रदान किए गए थे। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में अखिल भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानू चिब, एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, प्रदेश महासचिव संगठन अनिल भारद्वाज, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा व सोशल मीडिया चेयरमैन राहुल शर्मा आदि मौजूद थे। जानकारी अनुसार यादव ने बैठक में मौजूद सभी ब्लॉक अध्यक्षों को अपने अपने ब्लाक से कम से कम 50 बेरोजगार युवाओं के नाम की सूची 15 जून शाम तक सौंपनी होगी। वहीं दूसरी तरफ रोजगार मेला के लिए एक बारकोड भी दिया है, जिसको स्कैन करके कोई भी पंजीकरण कर सकते है। सभी जिला और ब्लाक अध्यक्षों से कहा कि आप अपने क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने में सहायक बनकर उनके परिवार को खुशियों के साथ बेहतर जीवन शैली उपलब्ध कराने में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि फार्म भरते वक्त युवाओं की शैक्षणिक योग्यता, बेसिक जानकारी, मोबाईल नम्बर और ईमेल आईडी सभी जानकारी स्पष्ट रूप से डाले ताकि रोजगार मेला में बुलाने के लिए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके।

# मेट्रो से यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पहुंचे एलजी लू से निपटने के उपायों की मौके पर की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को दिल्ली मेट्रो से यात्रा करते हुए यमुनापार स्थित यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। इस दौरान एलजी ने मौके पर जाकर खुद सरकार द्वारा हीटवेव (लू) से निपटने के लिए चल रहे उपायों की समीक्षा की। इस बारे में एलजी ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर फोटो सहित पोस्ट की है। एलजी ने लिखा कि आज मैंने जमीनी स्तर पर हीटवेव (लू) से निपटने के लिए चल रहे उपायों की समीक्षा की। मौके पर कूलिंग सेंटर की तैयारियों का जायजा लिया और यह सुनिश्चित किया कि ज़्यादा भीड़-भाड़ वाले इलाकों, खासकर आईएसबीटी और मेट्रो स्टेशनों पर तैनात मोबाइल रिलीफ वैन पूरी तरह से कार्य कर रही हो, नागरिकों को जरूरी राहत और मदद देने के लिए पूरी तरह से तैयार हों। एलजी ने लिखा कि हीट वेव से निपटने व लोगों को राहत देने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन हमें अपनी कोशिशों को और बढ़ाना होगा। उन्होंने लिखा कि बढ़ते तापमान से गंभीर चुनौतियां पैदा हो रही हैं, इसलिए सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे राहत के तरीकों को मजबूत करने और समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए मिलकर कार्य करें। वहीं उन्होंने दूसरी पोस्ट में लिखा कि शाहदरा इलाके में मौजूद यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होनहार युवा खिलाड़ियों से मिलना और बातचीत करना बहुत सुखद रहा। उनका जोश, अनुशासन, महत्वाकांक्षा और सुनहरे सपने भारत के युवाओं की अद्भुत भावना और अपार क्षमता को दर्शाते हैं। एलजी ने लिखा कि इस बातचीत ने एक ऐसा वर्ल्ड-क्लास स्पोर्ट्स इकोसिस्टम बनाने के हमारे संकल्प को और मजबूत किया जो उत्कृष्टता को बढ़ावा दे और अगली पीढ़ी को विकसित दिल्ली और विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाए। एलजी ने लिखा कि डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को जीवंत सामुदायिक संपत्ति में बदलने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया जाना चाहिए। इसके लिए स्थानीय जरूरतों के हिसाब से सुविधाएं देना, पहुंच बढ़ाना, महिलाओं और युवाओं की ज्यादा भागीदारी को प्रोत्साहित करना और नियमित खेल व सामुदायिक गतिविधियों के ज़रिए सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का सही इस्तेमाल सुनिश्चित करना जरूरी है।

# जिम के शीशे पर फायरिंग से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम विहार के पुष्कर एंक्लेव में एक जिम पर फायरिंग की घटना सामने आई है। मामला गुरुवार सुबह सामने आया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि जिम पंजाबी सिंग गुरु रंधावा से भी जुड़ा है क्योंकि वह इसके ब्रांड एंबेसडर है। इसलिये आसपास के एरिया में यह जिम काफी फेमस है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के अनिल पंडित ग्रुप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

बाहरी जिले के डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार गुरुवार की सुबह, पश्चिम विहार ईस्ट पुलिस स्टेशन एरिया में पड़ो वाले पुष्कर एन्क्लेव के 24 एचएस फिटनेस जिम में फायरिंग की घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। शुरुआती जांच में यह पुष्टि हुई है कि बाइक पर सवार दो अज्ञात लोगों ने जिन्होंने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे, जिम के शीशे पर आधा दर्जन राउंड फायरिंग की। इस घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई है। स्थानीय और जिला पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की है और उचित कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। आरोपियों की पहचान करने, उनका पता लगाने और उन्हें जल्द से जल्द पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। शुरुआती तौर पर जानकारी मिली कि यह जिम राजौरी गार्डन के रहने वाले दो लोगों का है, जबकि गुरु रंधावा 'ब्रांड एंबेसडर' के तौर पर इससे जुड़े हैं। जिस समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है उसका आरोप लगाया कि गुरु रंधावा ने गिरोह की पिछली चेतावनियों के बावजूद बॉलीवुड के एक अभिनेता के साथ करीबी संबंध बनाए रखे हैं। पोस्ट में गायक और गिरोह के दूसरे कथित दुश्मनों को भी धमकी दी गई है कि वे चाहे कहीं भी छिप जाएं, उन्हें निशाना बनाया जाएगा। पुलिस ने कहा कि वे इस पोस्ट की सच्चाई की जांच कर रहे हैं।

## बल्लीमारान में पेयजल आपूर्ति नहीं होने से नाराज लोगों ने किया विधायक के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पुरानी दिल्ली के बल्लीमारान विधानसभा अंतर्गत लाल कुआं क्षेत्र में लंबे समय से पीने के पानी की आपूर्ति बाधित रहने से परेशान लोगों ने स्थानीय आप विधायक इमरान हुसैन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि यहां करीब दो साल से पीने के पानी की गंभीर समस्या है। जिस समय विधायक इमरान हुसैन आप सरकार में मंत्री थे, तब भी पानी की समस्या बनी रहती थी। लोगों ने आरोप लगाया कि विधायक इमरान से बार बार शिकायत करने के बाद भी आज तक पेयजल समस्या का कोई हल नहीं निकला है। हालांकि विधायक इमरान समस्या को सुनते जरूर है, भरोसा भी देते है लेकिन हल नहीं करते। लोगों यह भी आरोप है कि यहां बना टॉयलेट भी हमारे लिए बड़ी समस्या का कारण है। क्योंकि टॉयलेट हमेशा गंदा रहता है, लोग बाहर ही पेशाब करते है जिससे चारों तरफ गंदगी बनी रहती है। लोगों ने विधायक इमरान हुसैन से मांग की है कि वह जल्द से जल्द लाल कुआं क्षेत्र में में पीने के पानी की समस्या का हल करवाएं। इसके अलावा यहां बना सार्वजनिक टॉयलेट भी हटाया जाए जिससे लोगों को गंदगी से निजात मिल सके।

लोगों ने बताया कि लाल कुआं क्षेत्र में करीब दो साल पहले नई पाइप लाइन डाली गई थी, जब से यहां पीने का पानी लगभग न के बराबर रहता है। मजबूरी में लोगों को बोतल बंद महंगा पानी खरीदना पड़ रहा है।

## राजस्व विभाग ने 47 संपत्तियों को जांचा कई संपत्तियों को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ और अग्निशमन नियमों के उल्लंघन करने वाली संपत्तियों पर कार्रवाई जारी है। राजस्व विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को 47 संपत्तियों को जांचा गया। वहीं 5 जून से गुरुवार 11 जून तक कुल 654 संपत्तियों को जांचा गया। इनमें से कई संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को 47 संपत्तियों को जांचा गया। इनमें उत्तरी जिले की 11 संपत्तियों को नोटिस जारी किए गए। पुरानी दिल्ली जिले की 1 संपत्ति की जांच की गई। जबकि बाहरी उत्तरी जिले की 4 संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी है। इसके अलावा दक्षिणी जिले की 3 और उत्तरी पूर्वी जिले की 10 संपत्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही मध्य जिले की 5 और पश्चिमी जिले की 13 संपत्तियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। राजस्व विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार 5 जून से 11 जून तक कुल 654 संपत्तियों को जांचा गया। वहीं दिल्ली नगर निगम की बात करें तो गुरुवार को 11 जून को 15 संपत्तियों को ध्वस्त किया गया। 6 संपत्तियों को सील किया गया। वहीं अवैध निर्माण के कारण 61 संपत्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। इसके अलावा 8 संपत्तियों को सील करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और 16 संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हेतु आदेश दिए गए। निगम से मिले आंकड़ों के अनुसार अब तक 179 संपत्तियों को ध्वस्त किया जा चुका है। 206 संपत्तियों को सील की जा चुका है। जबकि 252 संपत्तियों को अवैध निर्माण के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है। वहीं 111 संपत्तियों को सील करने का नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही अब तक कुल 82 संपत्तियों को ध्वस्त करने के आदेश जारी किए गए हैं।

# मायापुरी इलाके की फैक्टरी में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मायापुरी इलाके में गुरुवार को एक स्टील कटिंग और पैकिंग सामग्री की फैक्टरी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग बुझाने के प्रयास के दौरान इमारत का कुछ हिस्सा ढह गया। इससे इमारत खतरनाक स्थिति में आ गई। दमकल की 18 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों की पड़ताल जारी है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के मुताबिक, मायापुरी औद्योगिक क्षेत्र के फेज-1 में स्थित एक फैक्टरी में आग लगने की सूचना सुबह करीब 11:17 बजे मिली। जैसे-जैसे आग का दायरा बढ़ता गया, आग बुझाने के लिए दमकल की अतिरिक्त गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। आग ने इमारत की पहली और दूसरी मंजिल पर चल रही स्टील-कटिंग और पैकिंग सामग्री की फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया था। इमारत में एक बेसमेंट, भूतल और दो ऊपरी मंजिलें शामिल हैं। आग बुझाने के अभियान के दौरान, पहली और दूसरी मंजिल के कुछ हिस्से ढह गए। इस बाद इमारत खतरनाक स्थिति में आ गई है। अधिकारियों ने कहा कि दोपहर 2:20 बजे आग पर काबू पाया गया। खबर लिखे जाने तक इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली थी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन कुमार, पुत्र श्री श्याम सिंह, निवासी मकान नंबर सी-77/ए, अनूप नगर, डी.के मोहन गार्डन, दिल्ली-110059, दूसरा पता सी/ओ मेसर्स रबर इंडिया, खसरा नंबर 647/2, शहीद भगत सिंह मार्ग, मेट्रो पिलर नंबर 507 के पास, मुंडका, नई दिल्ली-110041 ने सीटी केस/सीसी एनआई एक्ट 3454/2019, धारा 138 एनआई एक्ट, थाना पंजाबी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **पवन कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **पवन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीटी केस/सीसी एनआई एक्ट 3454/2019, धारा 138 एनआई एक्ट, थाना पंजाबी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पवन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.07.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूनम सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी( पश्चिम )
( एनआई एक्ट )-04, कमरा नं.04, उपभवन-1
तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/7755/WD/2026


# प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप महिला तकनीकी संस्थान का होगा व्यापक विकास : चहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ कुलजीत सिंह चहल ने एनडीएमसी के महिला तकनीकी संस्थान, नेताजी नगर का दौरा किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन के अनुरूप महिला तकनीकी संस्थान को महिला कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा का एक उत्कृष्ट केंद्र बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। यह बात गुरुवार को नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने नेताजी नगर स्थित एनडीएमसी के महिला तकनीकी संस्थान (डब्ल्यूटीआई) का दौरा करने के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने छात्राओं की आकांक्षाओं, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना 'विकसित भारत' के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में देश का युवा वर्ग सबसे बड़ी शक्ति है और महिला तकनीकी संस्थान जैसे संस्थान एक कुशल, आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी पीढ़ी तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संवाद के उपरांत चहल ने संस्थान की विभिन्न कक्षाओं, प्रयोगशालाओं एवं अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा छात्राओं एवं शिक्षकों की आवश्यकताओं और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि एनडीएमसी महिला तकनीकी संस्थान को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी तथा छात्राओं और शिक्षकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संस्थान के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। चहल ने कहा कि वर्ष 1990 में स्थापित महिला तकनीकी संस्थान महिलाओं को व्यावसायिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने वाला एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यहां राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी), राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) तथा प्रयाग संगीत समिति से संबद्ध विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। संस्थान में कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), हिंदी एवं अंग्रेजी स्टेनोग्राफी, ब्यूटी एवं हेयर ड्रेसिंग, कटिंग एवं सिलाई, ड्रेस डिजाइनिंग, टेक्सटाइल डिजाइनिंग, कुकिंग, कैटरिंग एवं होम मैनेजमेंट जैसे पाठ्यक्रमों के साथ-साथ संगीत एवं नृत्य के दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं। चहल ने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकताओं को देखते हुए संस्थान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), डिजिटल लर्निंग, सूचना प्रौद्योगिकी, उद्यमिता तथा अन्य उभरते क्षेत्रों से संबंधित अल्पकालिक पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किए जाने चाहिए, ताकि छात्राएं भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें।

# आजादपुर के पब में अज्ञात लोगों ने की तोड़फोड़, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आजादपुर इलाके में स्थित एक पब में अज्ञात लोगों ने बुधवार रात तोड़फोड़ की। कार से आए लोगों ने परिसर में लाठियों और दरांतियों से हमला किया। हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिये आसपास के इलाके में लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार घटना 10 और 11 जून की दरमियानी रात को आजादपुर मेट्रो स्टेशन के नजदीक स्थित डॉट क्लब में हुई। पुलिस के अनुसार क्लब के मालिक ओम सिंह ने बताया कि कुछ लोग एक कार में आए और लाठियों व दरांतियों का उपयोग कर पब के अंदर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम घटनास्थल पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की और हमले में शामिल कुछ संदिग्धों की जल्द पहचान करने का दावा किया है। पुलिस ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने बताया कि हमले के पीछे का मकसद अब तक पता नहीं चला है और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **बृजू कुमार पुत्रः** श्री केदार पासवान, **पताः** म. नं. 222, पंजा शरीफ, कश्मीरी गेट, दिल्ली, ने **FIR No.: 98/2026, U/s: 306 BNS, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **बृजू कुमार**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **बृजू कुमार**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 98/2026, U/s: 306 BNS, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **बृजू कुमार**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
(केन्द्रीय) कोर्ट नंबर 138, प्रथम तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7777/N/2026
(Court Matter)

## नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री ने 'विकसित भारत 2047' के निर्माण में दिल्ली की भूमिका पर प्रस्तुत किया अपना विजन

# केंद्र के सहयोग से दिल्ली में बन रहा एक लाख करोड़ का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली में 1 लाख करोड़ का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक में देश की राजधानी के विकास और 'विकसित भारत@2047' के निर्माण में दिल्ली की भूमिका पर अपना विजन प्रस्तुत करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राष्ट्र की पहचान केवल आर्थिक या तकनीकी विकास से नहीं, बल्कि उसके नागरिकों की क्षमता और उत्पादकता से होती है। उन्होंने रेखांकित किया कि दिल्ली देश के परिवर्तन को गति देने वाला एक सशक्त इंजन बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में चलाई जा रही क्रांतिकारी योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा देश के सामने रखा और बताया कि उनकी सरकार राजधानी को 'विकसित दिल्ली' बनाने के लिए लगातार गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने आभार जताया कि इस कार्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार पूरा सहयोग कर रहे हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने क्रमवार सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी पेश की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल और गौरवशाली 12 वर्षों का ऐतिहासिक कार्यकाल पूरा करने पर दिल्ली की जनता की ओर से शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक परिदृश्य कुछ भी रहा हो, लेकिन केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री सदैव दिल्ली को मजबूत करने के लिए साथ खड़े रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक उपलब्धि साझा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के दिशा-निर्देशों पर पड़ोसी राज्यों के साथ एक विशेष 'कोऑर्डिनेशन टीम' का गठन हो चुका है। यह टीम राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर यमुना नदी के अविरल स्वरूप को वापस लौटाने और प्रदूषण की गंभीर समस्या से निपटने के लिए एक सुनियोजित रूप से कार्य की शुरुआत कर चुकी है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्र सरकार के समक्ष निवेदन करते हुए कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासनिक और वित्तीय मांगे भी रखीं। जैसे वर्ष 2025 से दिल्ली सरकार का पब्लिक अकाउंट अलग होने के कारण, उसमें उपलब्ध शेष राशि का मिलान कर उसे जल्द जारी करने का अनुरोध किया गया। पीडब्ल्यूडी कार्यों में तेजी और स्पष्ट कमांड चेन के लिए दिल्ली के पीडब्ल्यूडी इंजीनियरिंग कैडर को केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से पूरी तरह अलग करने का प्रस्ताव रखा गया। दिल्ली को वित्त आयोग से करों में कोई हिस्सेदारी या अनुदान नहीं मिलता इसलिए मुख्यमंत्री ने दिल्ली को दी जाने वाली केंद्रीय सहायता का स्तर अन्य राज्यों के हस्तांतरण के अनुरूप बढ़ाने का निवेदन किया। केंद्र सरकार की विनिर्माण उद्योगों को बढ़ावा देने वाली 'भव्य योजना' के अंतर्गत दिल्ली की विशिष्ट परिस्थितियों को देखते हुए नई तकनीकों, सेवा क्षेत्र और प्रदूषण-मुक्त विनिर्माण उद्योगों के लिए दिल्ली को भी शामिल करने का आग्रह किया गया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार के सुशासन के केंद्र में बच्चे और माताएं हैं। इस दिशा में सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों के कायाकल्प के लिए 'समर्थ' नाम की एक नई और दूरदर्शी पहल शुरू की है। यह मॉडल छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित है जिनमें पालना (क्रेच), पोषण, पढ़ाई, परिवार, प्रतिभागिता और प्रगति शामिल है। महिलाओं और बच्चों के उत्पादों को बाजार देने के लिए सरकार 'महिला हाट आउटलेट' (रानी हाट) की शुरुआत करने जा रही है। बालिकाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 से 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' की शुरुआत की गई है।

मुख्यमंत्री के अनुसार युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए दिल्ली के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में 9 उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की गई है, जहां औद्योगिक स्वचालन, रोबोटिक वेल्डिंग, सेमीकंडक्टर और स्मार्ट एनर्जी जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा और पीएम-सेतु योजनाओं को भी सक्रियता से लागू कर रही है। हाल ही में आयोजित 'दिल्ली स्टार्ट-अप युवा फेस्टिवल 2026' में 700 से अधिक स्टार्टअप्स ने भागीदारी की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में 50 वर्षों में पहली बार एक नया ड्रेनेज मास्टर प्लान शुरू किया गया है। महिलाओं और ट्रांसजेंडरों को मुफ्त यात्रा सुविधा देने के लिए 'सहेली पिंक कार्ड' लॉन्च किया गया है। मार्च 2027 तक दिल्ली में 5 हजार 800 से अधिक ईवी बसें होंगी। यमुना नदी के पुनर्जीवन के लिए 170 एमजीडी क्षमता वाले 35 विकेंद्रीकृत एसटीपी विकसित किए जा रहे हैं। सामाजिक कल्याण के तहत अटल कैंटीनों के माध्यम से मात्र 5 रुपये में किफायती भोजन दिया जा रहा है। हर जिले में आधुनिक रेफरल पशु चिकित्सालय विकसित किए जा रहे हैं और आधुनिक गौशालाएं बनाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए 'मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना' के तहत प्रशिक्षण, भागीदारी समर्थन और सरकारी नौकरी के अवसर दिए जा रहे हैं। दिल्ली में खेलो इंडिया केंद्रों की संख्या 5 से बढ़ाकर 11 कर दी गई है और आधुनिक खेल पुनर्वास केंद्र की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'दिल्ली खेल महाकुंभ 2025-26' देश का सबसे बड़ा खेल आयोजन बनकर उभरा, जिसमें 25 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



### छात्राओं को मुफ्त साइकिल, डिजिटल सुशासन और परिवहन में बड़े सुधार

बैठक में मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं में होने वाले 'ड्रॉपआउट' को कम करने के लिए छात्राओं को मुफ्त साइकिल देने की एक बेहद प्रभावी योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार में पूरी तरह से 'ई-फाइल' और डिजिटलाइजेशन लागू हो चुका है तथा नए 'कंट्रोल एंड कमान सेंटर' स्थापित किए हैं, जबकि 'मिशन कर्मयोगी' के तहत अधिकारियों की लगातार ट्रेनिंग हो रही है। परिवहन क्षेत्र में सुरक्षा और आधुनिकता को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली में कमर्शियल वाहनों की फिटनेस जांच के लिए 3 नए 'ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन' तैयार किए जा रहे हैं

### दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में बड़े परिवर्तन किए जा रहे

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप एक बड़े परिवर्तन से गुजर रही है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दिल्ली सरकार ने 75 'सीएम श्री स्कूल' स्थापित किए हैं। सरकारी स्कूलों में 8 हजार 777 से अधिक स्मार्ट क्लासरूम बनाए जा चुके हैं। पिछले एक वर्ष में 125 डिजिटल पुस्तकालय, 175 कंप्यूटर प्रयोगशालाएं और 125 भाषा प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए एनईईवी कार्यक्रम के तहत पिछले वर्ष प्रत्येक इनोवेशन टीम को 20 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिससे 4 हजार 800 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए।

### अस्पतालों का उन्नयन कर स्वास्थ्य सेवाओं को किया सुदृढ़

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली सरकार ने अस्पतालों का उन्नयन कर सेवाओं को सुदृढ़ किया है। द्वारका में दिल्ली का पहला 'ब्रेन हेल्थ क्लिनिक' स्थापित किया गया है। सरकार पीपीपी मॉडल के तहत सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी नैदानिक सुविधाएं देने जा रही है, जबकि 150 डायलिसिस केंद्र पहले से संचालित हैं। दिल्ली में 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर चालू किए जा चुके हैं और इस वर्ष 750 और केंद्र खोलने का लक्ष्य है।

## एलजी के दिशा निर्देश पर डीडीए चलाएगा मेगा वृक्षारोपण अभियान, लगेंगे करीब 23 लाख पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा शुरू किए जाने वाले मेगा वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। गुरुवार को इस बैठक में डीडीए ने उपराज्यपाल को बताया कि आपके दिशा निर्देश पर संपूर्ण दिल्ली में एक विशाल वृक्षारोपण अभियान चलाने की कार्य योजना बना ली गई है। यह अभियान जुलाई 2026 के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ होकर सितंबर, 2026 के मध्य तक संचालित करना निर्धारित हैं। एलजी ने बैठक में मौजूद डीडीए उपाध्यक्ष एन सरवन कुमार को निर्देश दिए कि समय पर अभियान शुरू होना चाहिए और वास्तविक रूप से मेगा वृक्षारोपण अभियान सफल होना चाहिए। इस बारे में डीडीए ने जानकारी दी है की वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगभग 1,000 एकड़ क्षेत्र में करीब 23 लाख देशी पौधे लगाए जाएंगे। जिनमें डीडीए के 675 पार्क, रिज क्षेत्र, जैव-विविधता पार्क, ग्रीन कॉरिडोर और अन्य पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र शामिल होंगे। डीडीए ने कहा कि इस मेगा अभियान पर खुद एलजी व लोक निवास सचिवालय पर नजर रखेंगा। इस अभियान के अंतर्गत दिल्ली के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के लगभग 2.9 प्रतिशत भाग को शहरी वनीकरण एवं पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन के एक लक्षित कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया है। एलजी के निर्देशों के अनुसार महत्वपूर्ण रिज, इकोसिस्टम, अरावली लैंडस्केप, यमुना के बाढ़ वाले क्षेत्रों, शहरी जंगलों और जैव-विविधता पार्कों के साथ-साथ सड़कों और नालों के किनारे ग्रीन कॉरिडोर और संस्थागत व सामुदायिक ग्रीन स्पेस में खास कामों के जरिए इकोलॉजिकल रेस्टोरेशन, जलवायु के प्रति मजबूत और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। पौधारोपण अभियान की तैयारी का कार्य पहले से ही चल रहा है। इसमें स्थल की पहचान और सीमांकन करना, मिट्टी तैयार करना और गड्ढे खोदना, सिंचाई की व्यवस्था करना, इकोलॉजिकल अनुकूलता के आधार पर पौधों की प्रजातियों का चयन, नर्सरी स्टॉक और पौधारोपण से जुड़ी लॉजिस्टिक्स को मजबूत करना, पौधों के सतत विकास, सही देखभाल और लंबे समय तक जीवित रहने को सुनिश्चित करने के लिए रखरखाव और निगरानी के तरीकों की योजना बनाना शामिल है।

## एलजी ने समीक्षा बैठक में सभी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को मानसून पूर्व चालू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को एक समीक्षा बैठक बुलाई जिसमें मौजूद विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मानसून से पहले सभी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम चालू हो जाने चाहिए। उन्होंने कहा है कि पानी की एक एक बूंद को बचाकर हम दिल्ली के जीवन में खुशहाली भर सकते है। क्योंकि पानी का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए हमें हर हाल में बरसाती पानी को बचाकर उसका सदुपयोग करना बेहद जरूरी है। इस बैठक में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में तीनों विभागों की तरफ से एलजी के समक्ष अपने अपने क्षेत्रों में लगे रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने एलजी को बताया कि कितने रेन वाटर हार्वेस्टिंग चालू हालत में है, कितने जल्द सुधार लिए जाएगें। लोक निवास सचिवालय की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार इस एलजी ने इस अहम बैठक में राजधानी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की तैयारियों की समीक्षा की। एलजी ने खराब पड़े संरचनात्मक सिस्टम की मरम्मत के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए है। एलजी ने साफ और स्पष्ट रूप से विभागों को सख्त व स्पष्ट निर्देश देते हुए मॉनसून सीज़न से पहले सभी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को पूरी तरह से चालू करने की समय-सीमा तय कर दी है। इतना ही नहीं, एलजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह भविष्य की योजना, ग्राउंडवाटर रिचार्ज और लंबे समय तक पानी बचाने की कोशिशों के लिए एक मजबूत आधार सिस्टम तैयार करने के मकसद से दिल्ली में मौजूद सभी रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर की कुल क्षमता का व्यापक आकलन करें।

## डीटीसी ने कई जगह किया बसों के रूटों में बदलाव, प्रयोग सफल होने पर करेंगे स्थायी

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने अपनी कई बसों के रूटों में मामूली बदलाव किया है। यह अभी प्रयोग के रूप में किए हे अगर सही परिणाम मिले तो इन्हें भविष्य में स्थायी कर दिया जाएगा। डीटीसी के जनसंपर्क प्रबंधक राकेश कुमार के अनुसार रूट संख्या 158 का विस्तार जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन से आगे वाया जहांगीरपुरी, महिंद्रा पार्क, सराय पीपल थला, आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन, नई सब्जी मंडी बस स्टॉप से होते हुए आजादपुर टर्मिनल तक किया जा रहा है। इसी प्रकार रूट संख्या आरएल 79 का विस्तार द्वारका सेक्टर 23 से पोचनपुर से आगे वाया राधा स्वामी सत्संग द्वारका सेक्टर 23, द्वारका सेक्टर 23 क्रासिंग, द्वारका सेक्टर 23 बी क्रासिंग, द्वारका सेक्टर 23 गोल्फ लिंक बस स्टॉप होते हुए द्वारका सेक्टर 23 बी महादेव अपार्टमेंट तक किया जा रहा है। वहीं देवी सेवा रूट संख्या डी 2601 औचंदी बार्डर से टिकरी कलां गांव में परिवर्तन किया है। इसमें औचंदी बॉर्डर, मुंगेशपुर गांव, कुतुबगढ़, पंजाब खोड़, जौंती गांव, गढ़ी रंढाला गांव, निजामपुर गांव, सावदा गांव, घेवरा गांव, टिकरी अस्पताल और टिकरी कलां गांव को जोड़ा गया है। इसके अलावा रूट संख्या 806 द्वारका मोड़ से पपरावटा गांव में परिवर्तन हुआ है। इनमें द्वारका मोड, ककरौला ब्रिज, नंगली सकरावती, नजफगढ़ दिल्ली गेट, 28 फुटा रोड और पपरावटा गांव तक शामिल है। राकेश कुमार के अनुसार वहीं नवादा मेट्रो स्टेशन के नीचे चल रहे सीवर लाइन कार्य के चलते यहां से गुजरने वाली अधिकांश बसों के रूट में अस्थायी परिवर्तन किए गए है।

## कोचिंग संस्थानों के संचालन के लिए व्यापक दिशा-निर्देश तैयार कर रही सरकार : सूद

**नई दिल्ली।** राजधानी में कोचिंग संस्थानों के संचालन एवं उनमें पढ़ने वाले छात्रों के समग्र विकास के लिए दिल्ली सरकार व्यापक दिशा-निर्देश तैयार कर रही है। इन व्यापक दिशा-निर्देशों को तैयार करने के लिए दिल्ली सरकार ने उच्च शिक्षा निदेशक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में एक उच्च स्तरीय समन्वय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद दी। बैठक में नगर निगम दिल्ली (एमसीडी), दिल्ली अग्निशमन सेवा, उच्च शिक्षा निदेशालय, दिल्ली पुलिस, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शहरी विकास विभाग सहित सभी प्रमुख नियामक एवं नागरिक एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार कोचिंग संस्थानों के विषय को अत्यंत गंभीरता से ले रही है। आज की यह बैठक दिल्ली में कोचिंग संस्थानों के प्रशासन एवं निगरानी व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है, जिसके तहत अव्यवस्थित निगरानी प्रणाली से आगे बढ़कर एक समन्वित शैक्षणिक एवं नियामक ढांचे की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।

## 'आप' विधायक ने की मृतक सुमित झा के परिवार के लिए आर्थिक मदद की अपील

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने शालीमार बाग में 4 जून को चाकू मार कर हुई युवक सुमित झा की हत्या के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की लोगों से मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी शालीमार गांव के स्वर्गीय सुमित झा के परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। सुमित झा इस परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे और उनके असामयिक निधन के बाद यह परिवार गहरे दुख और बड़े आर्थिक संकट से गुजर रहा है। सभी दिल्लीवासियों और समाज के लोगों से निवेदन है कि अपनी सामर्थ्य अनुसार इस परिवार की आर्थिक सहायता करें और इस कठिन समय में उनका सहारा बनें। संजीव झा ने कहा कि मानवता के नाते एक पीड़ति परिवार की मदद के लिए हम सबको आगे आने की जरूरत है।

## पीएम मोदी के 12 वर्षों की सेवा और सुशासन को जन-जन तक पहुंचाएंगे जन कल्याण शिविर : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।



- 18 से 20 जून तक दिल्ली में 39 जन कल्याण शिविरों का होगा आयोजन, नागरिकों को मिलेगा केंद्र और दिल्ली सरकार की योजनाओं का लाभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 18 से 20 जून तक दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में 39 जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं सेवाओं को नागरिकों तक सीधे पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली सचिवालय में जन कल्याण शिविरों की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक करने के बाद दी। बैठक के दौरान प्रत्येक विभाग को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि शिविरों में आने वाले नागरिकों को योजनाओं की जानकारी, आवश्यक सेवाएं और सहायता एक ही स्थान पर सरल एवं प्रभावी तरीके से उपलब्ध हो। विशेष रूप से पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, दिल्ली नगर निगम, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, समाज कल्याण, सीएसटी-ओबीसी वेलफेयर विभाग, वित्त विभाग, गृह विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, डीडीए, दिल्ली फायर सर्विस विभाग, राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सूचना एवं प्रचार निदेशालय, सूचना तकनीकी विभाग, कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, कानून विभाग, पर्यावरण विभाग, डूसिब, शहरी विकास विभाग आदि विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मंत्री प्रवेश ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन, पारदर्शिता और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। जन कल्याण शिविरों का उद्देश्य सरकार और जनता के बीच की दूरी को कम करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी पात्र नागरिक को किसी योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। हमारी कोशिश है कि सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और प्रत्येक नागरिक स्वयं महसूस करे कि सरकार उसके द्वार तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि ये शिविर केवल योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि जनता के साथ सीधे संवाद और समस्याओं के समाधान का भी एक महत्वपूर्ण मंच हैं। सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और नागरिकों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मनी म्यूल यानी वह व्यक्ति जो अवैध रूप से प्राप्त पैसों को किसी अन्य व्यक्ति की ओर से कहीं ट्रांसफर करता है या भेजता है।

मनी म्यूल न बनें!



आपका बैंक खाता = आपकी पूंजी

- पैसे ट्रांसफर करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपना बैंक खाता इस्तेमाल न करने दें।
- अगर कोई अन्य व्यक्ति आपके बैंक खाते के ज़रिए पैसा प्राप्त करता है या भेजता है तो आपको जेल हो सकती है।
- अपने बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी को न बताएं।

आपके खाते की सुरक्षा, आपकी सुरक्षा। | अवैध कमाई के जाल में न फंसें।

अधिक जानकारी के लिए देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in
अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935
आरबीआई कहता है... जानकार बनिए, सतर्क रहिए!
जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## खबर संक्षेप

### परचेज ऑर्डर के जरिए ठगो 4.73 लाख रुपए



**फरीदाबाद।** फर्जी आर्मी अधिकारी बनकर परचेज ऑर्डर के माध्यम से एक फैक्ट्री संचालक से लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाताधारक सहित 2 आरोपियों को गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकेश कुमार निवासी गांव चिरानी जिला बदायूं उत्तर प्रदेश हाल निवासी जमाईपुरा खेड़ा कॉलोनी गाजियाबाद तथा प्रमोद कुमार निवासी गांव मुकुटगढ़ी जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश हाल निवासी सरस्वती विहार गाजियाबाद के रूप में हुई है। जिनको माननीय अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर-37 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी टीपीएल डिजाइनर्स वायर के नाम से होम डेकोर उत्पादों की फैक्ट्री है। 2 अप्रैल को उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई।

### फरार हुई महिला आरोपित गिरफ्तार




**फरीदाबाद।** बीती 27 मई को थाना डबुआ क्षेत्र के अंतर्गत ज्वैलर्स की दुकान पर सोने के लॉकेट को नकली से बदलकर ठगी करने के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया सोने का लॉकेट बरामद किया गया है। महिला इंदिरा कॉलोनी फरीदाबाद की रहने वाली है। जिसको पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार डबुआ कॉलोनी निवासी करन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 मई को एक महिला उसके घर में स्थित ज्वैलरी की दुकान पर आई। महिला ने उनसे सोने का लॉकेट दिखाने के लिये कहा था। तब महिला ने चालाकी से एक असली सोने के लॉकेट को नकली लॉकेट से बदल दिया और असली लॉकेट लेकर वहां से चली गई।

# रचनात्मकता को आगे बढ़ाने का माध्यम है तकनीकः सुभाष घई

*भविष्य के क्रिएटर्स को तैयार करेगी डब्ल्यूडब्ल्यूआई-इनवीडियो एआई लैब*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

■ उद्देश्य अगली पीढ़ी को आने वाले समय के लिए तैयार करना

व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल (डब्ल्यूडब्ल्यूआई) ने एआई वीडियो प्लेटफॉर्म इनवीडियो के साथ साझेदारी कर फिल्मसिटी कैंपस में अत्याधुनिक डब्ल्यूडब्ल्यूआई-इनवीडियो एआई लैब की शुरुआत की है।

संस्थान अब अपने पाठ्यक्रम में एआई-सक्षम फिल्ममेकिंग टूल्स और एजेंट्स को शामिल करेगा, जो क्रिएटिव आर्ट्स की शिक्षा में एक नया अध्याय जोड़ने जैसा है। डब्ल्यूडब्ल्यूआई के संस्थापक और चेयरमैन सुभाष घई ने कहा कि तकनीक रचनात्मकता को आगे बढ़ाने का माध्यम है। दुनिया तेजी से बदल रही है, ऐसे में जरूरी है कि डब्ल्यूडब्ल्यूआई में हमारे छात्र नई तकनीकों के साथ काम करना सीखें।

लेकिन साथ ही अपनी सोच, कल्पना और मौलिकता को भी मजबूत बनाए रखें, क्योंकि यही किसी भी बेहतरीन रचनात्मक काम




की असली पहचान होती है। पिछले 20 वर्षों में डब्ल्यूडब्ल्यूआई ने मीडिया और एंटरटेनमेंट टेक्नोलॉजी क्षेत्र की कई ऐसी साझेदारियाँ की हैं, जिन्होंने इंडस्ट्री में नए बदलाव लाए हैं। इन वीडियो के साथ यह साझेदारी भी रचनात्मक शिक्षा में इनोवेशन को आगे बढ़ाने की हमारी सोच का ही हिस्सा है।

इनवीडियो एआई के संस्थापक और सीईओ संकेत शाह ने कहा कि फिल्ममेकिंग की दुनिया में नई तकनीकों ने हमेशा रचनाकारों को बेहतर काम करने में मदद की है और एआई उसी दिशा में एक नया और ताकतवर टूल है। इनवीडियो में हमारा उद्देश्य अगली पीढ़ी को आने वाले समय के लिए तैयार करना है और यह लैब उसी सोच का हिस्सा है।

भविष्य के सफल क्रिएटिव प्रोफेशनल्स वही होंगे, जो पारंपरिक रचनात्मकता और एआई से मिलने वाली नई संभावनाओं के बीच सही संतुलन बना सकें। इस लैब के जरिए हम ऐसे नए क्रिएटर्स को तैयार करना चाहते हैं, जो स्टोरीटेलिंग को नए स्तर पर ले जाएं और आने वाले समय में क्रिएटिव आर्ट्स की दुनिया को नई दिशा दें।

## आज 12 जून को निगम करेगा कामकाज ठप

# पांच सीवरमैन कर्मचारियों की मौत का जिम्मेदार नगर निगमः नरेश शास्त्री

*यह फैसला नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी द्वारा बुलाई गई बैठक में लिया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पिछले 15 दिनों में नगर निगम क्षेत्र के अंदर अलग-अलग तीन घटनाओं में पांच सीवर कर्मचारी की मौत से नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने नाराज होकर कल 12 जून को नगर निगम का कामकाज ठप करने का ऐलान किया है।

यह फैसला नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी द्वारा बुलाई गई बैठक में लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री उपस्थित रहे।

नरेश शास्त्री ने सवाल उठाया कि सरकार विश्व गुरु बनने का एवं दुनिया की चौथी आर्थिक महाशक्ति बनने का दावा कर रही है लेकिन पूरे देश में एक भी मानव रहित सीवर सफाई करने की मशीन नहीं है और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को भी दरकिनार कर आये दिन सीवर के अंदर बिना सुरक्षा उपकरणों के सफाई एवं सीवर कर्मचारियों को उतर जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरुप रोजाना हादसे हो रहे हैं। शास्त्री ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार एससी/एसटी एक्ट एवं हत्या की धाराओं में मामला दर्ज करने का आदेश पारित किया गया है, लेकिन तीन घटनाओं में पांच मौतों पर एक भी दोषी के खिलाफ माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। श्री शास्त्री ने पुलिस की कार्यकारिणी पर सवाल उठाते हुए पुलिस आयुक्त से सभी घटनाओं पर संज्ञान लेकर लापरवाह पुलिस कर्मी एवं दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

श्री शास्त्री ने नाराज की प्रकट करते हुए कहा कि निगम प्रशासन शिविर कार्य को ऑपरेशनल मेंटेनेंस के ठीकों में देने की बात कह कर पालन छूट आता है जबकि कॉन्ट्रैक्ट अबॉलिश लेबर एक्ट के तहत प्रिंसिपल एंपलॉयर नगर निगम है। शास्त्री में सेक्टर 87 ग्रेटर फरीदाबाद में दो सीवर कर्मचारी की मौत के दोषी ठेकेदार एवं अधिकारियों एसटीपी प्लांट प्रतापगढ़ में विगत 9 जून को दो सीवर कर्मचारियों की हुई मौत तथा 11 जून को फरीदाबाद में नगर निगम के नियमित सीवर कर्मचारी जोगिंदर की मौत पर सवाल उठाते हुए शास्त्री ने नगर निगम को दोषी बताया है। शास्त्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों अनुसार बिना सुरक्षा उपकरणों के किसी भी सीवर कर्मचारियों को सीवरेज में नहीं उतर जा सकता इसलिए पांच लोगों की मौत हुई है।

जिला प्रधान दलीप बोहत, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव बलबीर सिंह, नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला सचिव अनिल चिंडालिया, सीवरमैन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया ने कहा कि निगमायुक्त से दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई तो निगमायुक्त ने ठेकेदार व अधिकारियों के बचाव में उतर आए जिस पर यूनियन ने कड़ा विरोध कर कल 12 जून को कामकाज ठप रखने का ऐलान किया।

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा में सभी दोषी ठेकेदारों अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने व मृतकों के परिवारों को 50-50 लाख रुपए आर्थिक सहायता राशि एवं आश्रितों को नियमित नौकरी देने की मांग की है। जिला कमेटी की बैठक में जिला प्रधान दलीप बोहत, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव बलबीर सिंह, नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला सचिव अनिल चिंडालिया, सीवरमैन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया, सकसं के नेता करतार सिंह महिला नेता सुरेश देवी, दर्शन सिंह सोया, महेंद्र कुण्डिया, जीतू छाबड़ा, देवीचरण, राहुल चिण्डालिया, विशाल, कुमरपाल बालगुहेर सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देर रात तक चला भक्ति का दौर

# नलखेड़ा में झंडा सम्मेलन का हुआ आयोजन, नगर हुआ धर्ममय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर के गोविंदपुरा स्थित संकट मोचक हनुमान मंदिर पर झंडा सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें 125 से अधिक झंडा मंडलियों ने भाग लिया। झंडा सम्मेलन के चलते सम्पूर्ण नगर धर्ममय हो गया था।

बुधवार रात्रि को गोविंदपुरा स्थित संकट मोचक हनुमान मंदिर पर झंडा सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में आगर जिले के साथ ही राजगढ़ व शाजापुर जिले के 125 से अधिक ग्रामों की झंडा मंडलियों ने भाग लिया। आयोजन स्थल पर प्रत्येक झंडा मंडली का आयोजकों द्वारा स्वागत किया गया एवं पुरुस्कार प्रदान किये गए। आयोजन स्थल पर बने मंच से प्रत्येक झंडा मंडली द्वारा एक एक भजन की प्रस्तुति दी गई। इन भजनों पर उपस्थित भक्त थिरकने से नही रोक पाए। प्रत्येक झंडा मंडली द्वारा नगर के निर्धारित मार्ग पर भ्रमण किया गया एवं नगर के तीन प्रमुख स्थानों घाटी ऊपर किले के दरवाजे, चौक बाजार एवं शिवाजी मार्ग पर भजनों की प्रस्तुति दी गई। झंडा मंडलियों के नगर भ्रमण एवं निर्धारित स्थानों पर भजनों की प्रस्तुति देने के दौरान नगर का वातावरण पूरी तरह धर्ममय हो गया था। झंडा मंडलियों का स्थान स्थान पर पुष्पवर्षा कर एवं अल्पाहार करवाकर स्वागत किया गया। देर रात तक चले उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया था जिसमे बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की गई। इस अवसर पर गोविंदपुरा स्थित संकट मोचक हनुमान मंदिर को पुष्प व विद्युत सज्जा से आकर्षक रूप से सजाया गया था। साथ ही मंदिर के समीप विशाल मंच बनाया गया था व भक्तों के बैठने की व्यवस्था की गई थी।

# सीवर सफाई के दौरान सीवर कर्मी की मौत, बिना सेफ्टी उपकरण काम का रहा था, मौके पर पहुंची पुलिस

*सुरक्षा उपकरणों के बिना सीवर में उतरने का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-19 में गुरुवार सुबह उस वक्त हडकंप मच गया जब सीवर में सफाई करने उतरे सीवर कर्मी की दम घुटने से मौत हो गई। मृतक सीवर कर्मी की पहचान जोगिंदर के रूप में हुई है और वह पलवल के गांव मीतरोल का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-19 स्थित सांझा चूल्हा के पास म.न. 1310 के पास आज सुबह ही जोगिंदर जो नगर निगम का सीवर कर्मी है, सीवर की सफाई के लिए उतरा था। सफाई के दौरान ही उसकी मौत हो गई। आरोप है कि वह बिना सेफ्टी उपकरण सीवर में उतरा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और सीवर से जोगिंदर का शव निकाला।



### कर्मचारी यूनियन के नेता क्या बोले

सेक्टर-19 में सीवर की सफाई करते वक्त हुई सीवरमैन की मौत की सूचना मिलते ही नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, सुनील चिण्डालिया, सीवरमैन यूनियन के प्रधान अनूप चिण्डालिया, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के अध्यक्ष दलीप बोहत, अनिल चिण्डालिया, नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर, जितेन्द्र छाबड़ा, धर्म सिंह मुल्ला, सुदेश कुमार, नंद ढकोलिया, सहित सैकड़ों कर्मचारी पहले घटनास्थल व बाद में बीके अस्पताल पहुंचे हैं। यूनियन ने आरोप लगाया कि 1 घंटे बाद कर्मचारी का शव लाइन से बाहर निकाला गया, अगर समय पर ही सेफ्टी उपकरण ले जाते तो उसको बचाया जा सकता था। इसके बाद सभी कर्मचारी नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री के नेतृत्व में नगर निगम आयुक्त से कार्यालय पहुंचे और निगमायुक्त से मुलाकात कर घटना के संदर्भ में अवगत करवाया।

## हत्या का आरोप लगा परिजनों ने किया हंगामा

# विवाहिता ने लगाई फांसी डेढ़ साल पहले हुई शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सूरजकुंड थाना क्षेत्र के सेक्टर.46 स्थित सरवोम सोसाइटी में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। घटना के बाद मौके पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने पति और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए सोसाइटी परिसर में जमकर हंगामा किया। स्थिति तनावपूर्ण होती देख सूरजकुंड थाना पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल और क्राइम ब्रांच की टीम को भी मौके पर बुलाना पड़ा।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ईएसआईसी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। सूरजकुंड थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार ने बताया कि पुलिस को रात करीब 10 बजे सूचना मिली थी कि सेक्टर-46 स्थित सरवोम सोसाइटी के एक फ्लैट में एक विवाहिता ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। कुछ समय बाद मृतका के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने युवती की मौत को आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान 23 वर्षीय सरसा के रूप में हुई। उसकी शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले फरीदाबाद के सेक्टर-21सी निवासी प्रवीण के साथ हुई थी। लेकिन पारिवारिक अनबन के कारण पिछले कुछ महीनों से पति-पत्नी सेक्टर-46 स्थित सरवोम सोसाइटी में किराए के फ्लैट में अलग रह रहे थे।

# मार्क्सवादी पार्टी ने बढ़ते हुए पैट्रोलियम पदार्थों के दाम वृद्धि के विरोध में दिया ज्ञापन

*रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से गरीब मजदूर, किसान परिवारों का घरेलू बजट गड़बड़ाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी द्वारा लगातार बढ़ती डीजल, पेट्रोल एवं रसोई गैस की कीमतों के विरोध में जिला मुख्यालय पर सेक्टर 12 में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद देश की महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अलग-अलग दो ज्ञापन तहसीलदार फरीदाबाद को सौंपे गए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पार्टी के कार्यकर्ता बड़े सवेरे राजस्थान भवन के सामने एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारी डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, सीएनजी की बड़ी हुई कीमतों को वापस लो। खाद्य पदार्थों की कीमतें कम करने




के नारे लगा रहे थे। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पार्टी के सांगठनिक कमेटी के सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम जनता पर महंगाई का बोझ पड़ रहा है। हर प्रकार की वस्तुओं की कीमतें बढ़ती जा रही हैं। सीधा असर रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। वहीं रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से गरीब मजदूर, किसान, महिलाओं और मध्यम वर्गीय परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है। उन्होंने कहा कि शहर में बिजली की कटौती लगातार हो रही है। लोगों को पीने के लिए स्वच्छ पेयजल नहीं मिल रहा। वैसे फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी का दर्जा मिला हुआ है। लेकिन थोड़ी सी बारिश में सड़क जल मग्न हो जाती हैं। यहां बरसाती और गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। सड़कों की हालत खराब है। नागरिक सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। हर दिन रोड पर जाम लगा रहता है। इस विरोध सभा में निरंतर पराशर, दिनेश, देवीराम, राजू रवि, मनोज, महेश द्विवेदी, के थॉमस, जितेंद्र, आश महमद, जाकिर हुसैन, विनोद, सुनीता, गुलाब, महेश, सुभाष, संतु सिंह, नरवीर, मनोज और जितेंद्र द्वितीय, महावीर ददसिया, हरिचंद, चंद्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

# बंद मकान से मिला युवक का शव, अकेले रहता था

**फरीदाबाद।** सारन थाना क्षेत्र की जवाहर कॉलोनी में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे एक युवक का शव उसके घर के अंदर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 28 वर्षीय जितेंद्र प्रजापति के रूप में हुई है। वह यामाहा कंपनी में प्लांट लाइनमैन के पद पर काम करता था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ईएसआईसी अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया।

## 34 वारदातों में शामिल है गैंगस्टर

# बसपा नेता की हत्या करने का आरोपी गैंगस्टर वैनकेट गर्ग जार्जिया से डिपोर्ट

*आरोपी के खिलाफ चंडीगढ़ में 34 मुकदमें दर्ज*

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने मोस्ट वांटेड गैंगस्टरों में शामिल वैनकेट गर्ग को जॉर्जिया से डिपोर्ट किया है। वैनकेट गर्ग का नाम अंबाला में बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा मर्डर में सामने आया था। उसने खुद इस हत्याकांड की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर धमकी भी दी थी कि सब्र रखो, सबका हिसाब होगा। एसटीएफ के डीआईजी सतीश बालन ने पत्रकारों से




बातचीत में जानकारी दी कि वैनकेट गर्ग के गैंग में करीब 53 सदस्य है और यह गैंग अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, पंचकूला एवं चंडीगढ़ में हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, अवैध वसूली, अवैध हथियार सहित अन्य वारदातों में शामिल रहे हैं। वैनकेट गर्ग को अदालत से भगोड़ा घोषित किया गया था। जिसके खिलाफ हरियाणा एवं चंडीगढ़ में 34 मुकदमें दर्ज हैं। जब तक वैनकेट भारत में था तब तक उस पर 23 मुकदमें थे। विदेश भागने के बाद भी उसने अपने सहयोगियों के माध्यम से अपने नेटवर्क को संचालित रखा और हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी जैसी करीब 11 वारदातों को अंजाम दिया।

**बसपा नेता की हत्या सहित अन्य वारदातों को दिया अंजामः** सतीश बालन ने बताया कि अंबाला के नारायणगढ़ में बहुचर्चित बीएसपी नेता हरबिलास की हत्या तथा अंबाला एवं यमुनानगर जिलों में रंगदारी से संबंधित कई फायरिंग की घटनाओं को भी वैनकेट ने अंजाम दिया है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | दिल्ली मंडल की इंस्पेक्शन कैरिज में लगे Hi-Rel मेक के 10 kVA इनवर्टर का तीन साल के लिए सालाना मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (AMC)। |
| निविदा संख्या | 30–विद्युत–1टी–कोचिंग–2026–27 |
| कार्य का अनुमानित लागत (रू० में) | 27,99,650.16/– रू0 |
| निविदा फार्म का मूल्य | 0.00/– |
| कार्यालय का पता | वरि० मण्डल विद्युत अभियंता/कोचिंग, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | 56,000/– रू० |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 36 महीने |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | 03.07.2026 15:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 03.07.2026 15:01 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरि. मंडल विद्युत अभियंता/कोचिंग/दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2001/26

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मोहम्मद सरफराज, पुत्रः** मोहम्मद गुलाब, **पताः** ई–3377, जेजे कॉलोनी बवाना, दिल्ली **FIR No. 609/2021, U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थानाः बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सरफराज,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सरफराज,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सरफराज, FIR No. 609/2021, U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थानाः बवाना, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
भारती बेनीवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05, (नॉर्थ)
कोर्ट रूम नंबर 114, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7703/ON/2026
(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद कुमार यादव पुत्र उपेन्द्र यादव निवासी मकान नं. सी–4 और सी–5, सी–ब्लॉक, भरत विहार, ककरोला, दिल्ली** ने **FIR No. 458/2016 U/S 279/337/304(A) IPC, अन्तर्गत थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार यादव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 458/2016 U/S 279/337/304(A) IPC, अन्तर्गत थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री राहुल कटारे
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी– 06
दक्षिण–पश्चिम जिला
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

DP/7792/DW/2026(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू उर्फ सोहन लाल, पुत्रः** राम सिंह, **निवासीः** कमरा नं. 10 ए–3, लाल क्वार्टर, विजय विहार, रोहिणी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 743/2023, U/s 411 IPC, थानाः बुध विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ सोहन लाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ सोहन लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 743/2023, U/s 411 IPC, थानाः बुध विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ सोहन लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संयम जैन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–04 (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 112
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7656/RD/2026
(Court Matter)

खबर संक्षेप

## रिम्स में बढ़ेंगी एमबीबीएस सीटें

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में केंद्र प्रायोजित योजना के तहत एमबीबीएस, स्नातकोत्तर, सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों की 258 सीटें बढ़ाने की तैयारी है।



स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने रिम्स निदेशक को यूजी सीटें 180 से बढ़ाकर 250, पीजी की सीटें 176 से बढ़ाकर 275 और सुपर स्पेशियलिटी की सीटें 11 से 100 सीट करने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा है।

## बिहार में समय से पहले ही बिहार पहुंचा मॉनसून

**पटना।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने बिहार में दस्तक दे दी है। पूर्णिया के रास्ते गुरुवार को मॉनसून ने बिहार में प्रवेश लिया।



मौसम विभाग के अनुसार सीमांचल क्षेत्र के 7 जिलों में मॉनसून पहुंच चुका है। इसके आगे बढ़ने की परिस्थितियां अनुकूल हैं। सप्ताह के अंत तक यह बिहार के अधिकतर जिलों को कवर कर लेगा। पटना समेत अन्य जिलों के लोगों को मॉनसून का बेसब्री से इंतजार है।

## लकड़ी कटवाने के बदले मांगी 18 हजार की घूस

**रायबरेली।** जिले में एंटी करप्शन टीम ने घूसखोर वन दरोगा को रंगे हाथ पकड़ा है। वन दरोगा ने



प्रतिबंधित लकड़ी कटवाने के बदले में 18 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। शिकायत पर एंटी करप्शन ने वन दरोगा को पकड़ने जाल बिछाया, जिसमें वह फंस गया। पीड़ित की शिकायत पर पहुंची एंटी करप्शन टीम ने रेंजर कार्यालय में 18 हजार घूस लेते दरोगा को काबू किया।

# 12 वर्षों में 190 अरब डॉलर का हुआ भारतीय वस्त्र उद्योग, 2030 तक 350 अरब डॉलर का लक्ष्यः गिरिराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत का वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र अभूतपूर्व परिवर्तन से गुजरा है और आज यह वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, नवाचार-आधारित तथा रोजगार सृजित करने वाले प्रमुख उद्योग के रूप में उभरा है। मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 5एफ विजन- 'फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फॉरेन' के मार्गदर्शन में वस्त्र क्षेत्र ने किसानों, बुनकरों, कारीगरों, निर्माताओं और निर्यातकों को जोड़ने वाली एक मजबूत और एकीकृत मूल्य श्रृंखला का रूप ले लिया है।



**घरेलू वस्त्र बाजार 16 लाख करोड़ काः** केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत का वस्त्र उद्योग वर्ष 2025-26 में लगभग 190 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है और वर्ष 2030 तक इसे 350 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। घरेलू वस्त्र बाजार का आकार 2014-15 में लगभग 6 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो इस क्षेत्र की तेज़ प्रगति को दर्शाता है। मंत्री ने कहा कि वस्त्र एवं परिधान उद्योग वर्तमान में देश में 5.3 करोड़ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रहा है। अगले तीन वर्षों में इस क्षेत्र से लगभग 2 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित होने की संभावना है।

**कई प्रमुख योजनाओं से मिली गतिः** गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार ने पूरे वस्त्र क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। इनमें पीएम मित्रा पार्क, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन, राष्ट्रीय फाइबर मिशन और रॉ मैटेरियल सपोर्ट स्कीम शामिल हैं। इन पहलों से निवेश, तकनीकी उन्नयन, स्थिरता और निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है। उन्होंने बताया कि कपास उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने और उद्योग के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार ने कॉटन प्रोडक्टिविटी मिशन शुरू किया है तथा कपास आयात पर शुल्क भी समाप्त किया है।

**निर्यात को मिला नया विस्तारः** मंत्री के अनुसार, भारत ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए रोएससीटीएल और रोडटेप जैसी योजनाओं को लागू किया है। साथ ही, देश के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का दायरा भी लगातार बढ़ा है। वर्ष 2014 में भारत के 10 एफटीए 19 देशों तक सीमित थे, जबकि अब 18 एफटीए के माध्यम से 56 देशों तक पहुंच बन चुकी है। इसके परिणामस्वरूप भारत ने वैश्विक व्यापार चुनौतियों के बावजूद 135 देशों में निर्यात वृद्धि दर्ज की है।

**तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में बड़ी छलांगः** गिरिराज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत तकनीकी वस्त्रों का बाजार लगभग 6 अरब डॉलर से बढ़कर 25 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप, इनक्यूबेशन और उद्योग-शिक्षा संस्थानों के सहयोग को बढ़ावा देकर भविष्य के लिए तैयार वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सात पीएम मित्रा पार्कों और एकीकृत वस्त्र पार्कों के विकास से करीब 70 हजार करोड़ रुपये के निवेश तथा लगभग 21 लाख रोजगार अवसरों के सृजन की संभावना है।

**हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र को मिला प्रोत्साहनः** पिछले 12 वर्षों में हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के तहत लगभग 2,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जिससे लाखों बुनकरों को आधुनिक करघे, कौशल विकास, बुनियादी ढांचा और बेहतर बाजार सुविधाएं प्राप्त हुई हैं।

### महिला सशक्तिकरण में अहम भूमिका

वस्त्र मंत्रालय की सचिव ने कहा कि वस्त्र क्षेत्र महिला सशक्तिकरण का एक प्रमुख माध्यम बनकर उभरा है। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यरत हैं और बड़ी संख्या में महिला उद्यमी भी सामने आई हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निरंतर नीतिगत समर्थन, आधारभूत संरचना विकास, निवेश प्रोत्साहन, कौशल उन्नयन और तकनीकी नवाचार के बल पर भारत विश्व के अग्रणी वस्त्र केंद्रों में शामिल होगा तथा विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। वस्त्र मंत्रालय के अनुसार, पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि भारत केवल कम लागत वाले उत्पादक देश से आगे बढ़कर डिजाइन-आधारित, नवाचार-संचालित, टिकाऊ और निर्यातोन्मुख वैश्विक वस्त्र शक्ति बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे शामिल

# आज काशी में सजेगा मोदी सरकार के 12 वर्षों कल्याणकारी योजनाओं का मंच, तैयारियां पूरी

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 12 जून को वाराणसी आएंगे। मुख्यमंत्री चौकाघाट स्थित गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल में आयोजित जनकल्याणकारी योजनाओं के विशेष शिविर में शामिल होंगे और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीएम स्वनिधि, स्ट्रीट वेंडर, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा मुख्यमंत्री की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री लाभार्थियों को प्रमाणपत्र एवं स्वीकृति पत्र भी वितरित करेंगे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न विभागों की जनहितकारी योजनाओं से संबंधित शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा।

पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही लाभान्वित करने का प्रयास होगा

सजेगा बनारसी खाने और मशहूर शिल्पकला का बाजार

**काशी की पारंपरिक पहचान को भी प्रदर्शित किया जाएगा**



### दिव्यांगों के लिए विशेष टीम भी मौजूद होगी

स्वास्थ्य विभाग की ओर से ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण, सामान्य ओपीडी, आयुष्मान कार्ड निर्माण सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए चिकित्सकों की विशेष टीम भी मौजूद रहेगी, जो प्रमाणपत्र जारी करने के साथ उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता करेगी। प्रशासन के अनुसार कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बड़ी संख्या में लाभार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

कार्यक्रम में 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) के अंतर्गत वाराणसी की पारंपरिक पहचान को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके तहत लस्सी, तिरंगा बर्फी, लौंगलता और बनारसी पान के स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही लकड़ी के खिलौने और गुलाबी मीनाकारी जैसे स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। शिविर में बाल विकास एवं महिला कल्याण, कृषि, उद्यान, पर्यटन, नेडा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना, हथकरघा एवं श्रम, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, सेवायोजन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, पंचायती राज, मत्स्य तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग सहित कई विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे।

### यातायात व्यवस्था बनाए रखने की अपील

इसके अलावा भोजूबीर-कचहरी, लहुराबीर-मैदागिन, पुलिस लाइन-चौकाघाट तथा अन्य प्रमुख मार्गों पर ऑटो और ई-रिक्शा संचालन वीवीआईपी आगमन और प्रस्थान से दो घंटे पूर्व बंद रहेगा। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और अत्यंत आवश्यक होने पर ही वीवीआईपी कार्यक्रम क्षेत्र के मार्गों पर निकलें। पुलिस ने लोगों से अतिरिक्त समय लेकर घर से निकलने तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का अनुरोध किया है।

### सभी 10 कैंडिडेट निर्विरोध चुनाव जीते

# निशांत व पवन सिंह बने विधान परिषद के सदस्य



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव और उपचुनाव के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के बेटे एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार एमएलसी बन गए हैं। भोजपुरी स्टार पवन सिंह भी सदन पहुंच गए हैं। एनडीए के 9 और राजद के एक उम्मीदवार ने निर्विरोध चुनाव में जीत दर्ज की। गुरुवार को नाम वापसी की अवधि खत्म होने के बाद सभी को विजयी घोषित कर दिया गया। दूसरी ओर राष्ट्रीय लोक मोर्चा चीफ उपेंद्र कुशवाहा के बेटे एवं पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश एमएलसी बनने से चूक गए। उन्हें एनडीए ने प्रत्याशी नहीं बनाया था। अब उनका मंत्री पद संकट में आ गया है।

### 10 सीटों पर 10 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था

बिहार विधान परिषद की विधानसभा कोटे वाली 9 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव पूरे हो गए हैं। इसके अलावा, पूर्व सीएम नीतीश कुमार द्वारा खाली की गई एक सीट पर भी उपचुनाव हुआ। कुल 10 सीटों पर 10 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। इनमें से 9 सीटों पर एनडीए और विपक्ष से एक प्रत्याशी ने पर्चा भरा। 10 सीटों पर 10 कैंडिडेट ही होने से मतदान की नौबत नहीं आई और सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इसके पहले सभी 10 प्रत्याशियों का नामांकन वैध पाया था। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच में सभी दलीय उम्मीदवार के पर्चे सही पाए गए थे। इसके साथ ही सभी का निर्वाचन तय हो गया था।

पेज एक का शेष....

### ओमान के तट ....

जिनके शवों की पहचान मुख्य अभियंता पटनाला सुरेश, इंजन फिटर शिवानंद चौरसिया और डेक कैडेट आदित्य शर्मा के रूप में की गई है। जल्द ही अंतिम संस्कार के लिए इनकी पार्थिव देह को भारत लाया जाएगा। सेटेबेलो में कुल 28 नाविक सवार थे। जिनमें 3 की मौत हो गई है और बाकी बचे हुए 25 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। 25 में भारत के 21, रूस के 2, पाकिस्तान और यूक्रेन के क्रमशः 1,1 नाविक को सुरक्षित बचाया गया है। बताते चलें कि इन हमलों को लेकर विदेश मंत्रालय ने बुधवार को नई दिल्ली में अमेरिका के कार्यवाहक राजदूत को तलब कर सख्त अंदाज में विरोध जताया था। इन हमलों पर तुरंत रोक लगाने की मांग भी भारत ने की है।

**खाड़ी में 18 हजार से ज्यादा भारतीय नाविकः** बंदरगाह, पोत-परिवहन मंत्रालय के अधिकारी मुकेश मंगल ने कहा, संघर्ष के बीच खाड़ी में भारत के कुल 13 जहाज हैं। पिछले 72 घंटों में हम 31 नाविकों को सुरक्षित बचाकर देश वापस लेकर आए हैं। अकेले गल्फ रीजन की बात करें तो वहां भारत के कुल करीब 18 हजार से अधिक नाविक हैं। भारतीय जहाजों पर सवार नाविकों की संख्या 562 है। जिनमें 329 फारस की खाड़ी के पश्चिम में और 233 ओमान की खाड़ी के पूर्व में हैं। उन्होंने बताया कि दुनियाभर में भारत के नाविकों की संख्या 3.2 लाख है। मंत्रालय पश्चिम-एशिया के हालात पर निगरानी रखे हुए है। बीते वक्त में 12 हजार से अधिक फोन कॉल मिली हैं और 13 हजार से ज्यादा नाविकों को सुरक्षित भारत वापस लाया जा चुका है। मंत्रालय एमटी सेटेबेलो जहाज पर हुए हमले में मारे गए 3 भारतीयों समेत अन्य सभी लोगों के परिजनों के साथ संपर्क बना हुआ है, जिसमें उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

**विवादित जोन में हो रहे हमलेः** भारतीय सवार जहाजों को अमेरिका द्वारा निशाना बनाए जाने के एक प्रश्न के जवाब में रणधीर जायसवाल ने कहा, पूरा इलाका विवादित क्षेत्र है। जिसमें जहाजों को निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन उक्त तीनों जहाजों में से कोई भी भारतीय ध्वज वाला या भारत द्वारा अधिकृत जहाज नहीं था। तीनों विदेशी ध्वज वाले जहाज थे। जिन पर अमेरिका की नौसेना ने हमला किया। एमटी मारिवेक्स, सेटेबेलो और जलवीर जैसे इन तीनों जहाजों में से दो अमेरिकी वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) की प्रतिबंधित सूची में शामिल हैं। जबकि एक अन्य वैश्विक नियमों का उल्लंघन करने वाला जहाज है। एक प्रश्न के जवाब में मुकेश मंगल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में नौवहन की पूरी आजादी होती है। केवल किसी देश विशेष के बंदरगाह में प्रवेश के समय नियमों का पालन करना होता है। भारत ने यूएन के समुद्री प्रतिबंधों के मद्देनजर दिशानिर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय पश्चिम-एशिया में समुद्री संचालन की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय, कूटनीतिक मिशनों सहित अन्य एजेंसियों के साथ संपर्क बनाए हुए है।

### अमेरिका की मौजूदगी ....

अंदाज में निंदा की और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों पर हमला कर नाविकों की जान को खतरे में डालना और वैश्विक व्यापार को बाधित करना भारत को पूरी तरह से अस्वीकार्य है। बीते वक्त में इस क्षेत्र में हुए हमलों में कई भारतीय नाविकों की मौत हो गई है। जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं। नई दिल्ली ने सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव घटाने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की है। हरीश के मुताबिक, समुद्री क्षेत्र में किए जा रहे यह हमले वैश्विक कानूनों का साफ तौर पर उल्लंघन हैं। ऐसे में इन पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए। वरिष्ठ राजदूत ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र की स्थिरता और होर्मुज से निर्बाध समुद्री जहाजों का आवागमन भारत की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसके अलावा इसमें क्षेत्र में रह रहे करीब 1 करोड़ भारतीयों की सुरक्षा और हित भी जुड़े हुए हैं।

### मारीवेक्स जहाज सवार...

इलाके में मौजूद, वहां काम कर रहे देश के सभी नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को बनाए रखने पर केंद्रित है। बीते 10 जून को मंत्रालय ने अमेरिका के कार्यवाहक राजदूत को तलब कर इन हमलों को लेकर विरोध जताया था। साथ ही हमलों पर तत्काल रूप से रोक लगाने व बातचीत, कूटनीति के जरिए समस्याओं का हल निकालने पर जोर दिया था। मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम.आर महाजन ने कहा, एमटी मारीवेक्स जहाज पर हुए हमले में सुरक्षित बचाए गए 24 भारतीय शुक्रवार को स्वदेश पहुंचेंगे। भारत क्षेत्र में मौजूद अपने तमाम दूतावासों की मदद से क्षेत्र के हालात पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

### यह युद्ध का....

समुद्री सुरक्षा से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ये युद्ध का समय नहीं है। प्रत्येक समस्या का समाधान संवाद-कूटनीति के माध्यम से ही निकाला जाना चाहिए। जयशंकर ने मजबूत सप्लाई चेन पर जोर देते हुए दो टूक अंदाज में कहा कि समुद्री व्यापार को बाधारहित होना चाहिए। गाजा में तनाव के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारत फिलिस्तीन के मामले में द्विराष्ट्र समाधान के पक्ष में है। बैठक में विदेश मंत्री ने आतंकवाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि इसे लेकर भारत अपनी शून्य सहिष्णुता की नीति पर कायम है। ओमान (मस्कट) स्थित भारतीय दूतावास क्षेत्र में बने हुए तमाम हालात पर पैनी नजर बनाए हुए है। केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने भी एमटी सेटेबेलो पर हुए हमले में मारे गए 3 भारतीयों के मामले में एक्स पर पोस्ट के जरिए खेद प्रकट किया है।

### युद्ध के बीच ....

दुर्भाग्य से रमजान के पवित्र महीने में शुरू हुए इस संघर्ष को लेकर हम अपनी ओर से गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं और सभी पक्षों से संयम बरतते हुए विवाद को आगे न बढ़ाते हुए नागरिकों की सुरक्षा को हर हाल में प्राथमिकता देने की अपील करते हैं। हमलों का यह घटनाक्रम क्षेत्र के देशों, वाणिज्यिक जहाजों और समुद्री संचार मार्गों के खिलाफ है। भारत के लिए मामला इसलिए भी ज्यादा गंभीर है। क्योंकि उसके नागरिकों की वैश्विक कार्यबल में बहुत अधिक भूमिका है। यहां बता दें कि भारतीय राजदूत का यह बयान परिषद में हुई एक खुली बहस से जुड़ा हुआ है। जिसका विषय 'मेंटेनेंस ऑफ इंटरनेशनल पीसः एडवांसिंग पॉलिटिकल सॉल्यूशन इन द मिडिल ईस्टः मिडिएशन एंड डायलॉग फॉर लास्टिंग पीस' था।

**बातचीत से निकाला जाए समाधानः** भारतीय राजदूत ने कहा कि तनाव के बीच भारत बातचीत और कूटनीति के अपने आह्वान को दोहराता है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय जनक्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्र और निबार्ध आवाजाही को बरकरार रखने, व्यापारिक जहाजों पर सैन्य हमले रोकने, नागरिक आबादी और उनसे जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना न बनाए जाने के साथ ही विवाद का जल्द से जल्द समाधान निकालने के पक्ष में मजबूती से खड़ा है। विवाद का शांतिपूर्ण ढंग से हल निकालने के लिए जारी तमाम प्रयासों को नई दिल्ली अपना समर्थन देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मध्य-पूर्व में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर भी भारत गंभीर रूप से चिंतित है। जिसमें बड़ी तादाद में बेकसूर लोगों की मौत हो गई है, कई लोग घायल हुए हैं। जबकि कई को विस्थापन की मार झेलनी पड़ रही है। समुद्री जलमार्ग क्षेत्र में नौवहन के बाधित होने से वैश्विक सप्लाई चेन, ऊर्जा सप्लाई पर संकट के हालात उत्पन्न होते हैं।

**शरणार्थियों के लिए देंगे 2.5 मिलियन डॉलरः** उन्होंने गाजा के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के हालात गंभीर मानवीय संकट से जुड़े हुए हैं। भारत संघर्षविराम, मानवीय सहायता के निर्बाध रूप से पहुंचने और द्विराष्ट्र सिद्धांत पर आधारित एक संप्रभु, स्वतंत्र-सक्षम फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना के समाधान के लिए जारी संवाद प्रक्रिया को समर्थन देता है। जिससे इस मसले का स्थायी और शांति हल निकलेगा। यह एक ऐसा फिलीस्तीन होगा जो इजरायल के साथ-साथ शांति, सुरक्षा से रहेगा। जिसमें सुरक्षित और घोषित सीमाएं भी शामिल होंगी। राजदूत ने कहा कि यही एक ऐसा रास्ता है जिसकी मदद से स्थायी शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने परिषद को बताया कि भारत यूएन की निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों से जुड़ी हुई रिलीफ, वर्क एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को आगामी कुछ दिनों में 2.5 मिलियन डॉलर की धनराशि सौपेंगा। जो नई दिल्ली के एजेंसी को किए जाने वाले वार्षिक 5 मिलियन डॉलर के योगदान की पहली किस्त होगी।

**लेबनान की संप्रभुता को हो सम्मानः** लेबनान में जारी इजरायल के हमलों के बीच पी.हरीश ने कहा कि भारत लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता का सम्मान किए जाने का आह्वान करता है। इलाके में यूएन शांति सेना के साथ बड़ी तादाद में भारतीय सैनिकों की भी तैनाती बनी हुई है। हम शांति सैनिकों की सुरक्षा को भी बनाए रखने की मांग करते हैं। क्योंकि वह सभी परिषद के ही मूल सिद्धांत का पालन करने में ही जुटे हुए हैं। ऐसे में उन्हें निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत ने लेबनान को चिकित्सा सहायता भेजी है। शांति सेना पर हो रहे हमलों के मामले की पड़ताल कर उन्हें जल्द ही न्याय के कटघरे में खड़ा किए जाने की अपील भी यूएनएससी में भारत के राजदूत ने की है। वर्तमान में गाजा शांति योजना, बोर्ड ऑफ पीस फ्रेमवर्क अपने आप में पहले के तंत्र की तुलना में काफी अलग है। दुनिया के कई भागों में बढ़ते विवाद और उनसे होती मानवीय क्षति ने कहीं न कहीं यूएन की क्षमता, उसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवालिया निशान लगाए हैं। मूल रूप से देखें तो ये आठ दशक एक पुराने ढांचे पर बनी हुई व्यवस्था है। जो आज की वास्तविकताएं से मेल नहीं खाती है। जिसे देखते हुए यूएन की स्थायी और गैर स्थायी दोनों श्रेणियों में सुधारों की नितांत आवश्यकता है।

### भारतीय अर्थव्यवस्था पर...

साथ अन्य देशों में हो रहे इसके विस्तार से हमारी चिंता को बहुत अधिक बढ़ा दिया है। संघर्ष से हो रहे नुकसान, मौतों और आम जनजीवन से लेकर आर्थिक गतिविधियों पर पड़ते असर ने भारत को बहुत अधिक प्रभावित किया है। भारत एक निकट पड़ोसी देश है। जिसका क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता में महत्वपूर्ण भागीदारी है।

### भारत ने मालदीव ...

प्रदान की जा सकेगी। मालदीव भारत की पड़ोसी सबसे पहले और महासागर नीति में एक विशेष स्थान रखता है। साथ ही वह अपने इस मित्र राष्ट्र के साथ बतौर भरोसेमंद साझेदार के रूप में पहले प्रतिक्रिया देते हुए निकटता से कार्य करने का इच्छुक है। जिसमें दोनों देशों की साझा प्राथमिकताओं और आमजन की भलाई अहम है।

### मोदी सरकार की....

कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी (रसोई गैस) के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। आम जनता गंभीर संकट में है, लेकिन सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। देश में बेरोजगारी उच्चतम स्तर पर है। मोदी सरकार द्वारा की गई नोटबंदी और गलत नीतियों के कारण पूरा एमएसएमई सेक्टर बर्बाद हो चुका है। रोजगार न होने की वजह से देश का युवा अपने भविष्य को लेकर बेहद चिंतित है। वेणुगोपाल ने नीट पेपर लीक और सीबीएसई परीक्षा में हुई गड़बड़ी का जिक्र करते हुए कहा कि आज सिर्फ छात्र ही नहीं, बल्कि उनके परिवार भी निराशा में हैं। उन्होंने सरकार की नैतिक जिम्मेदारी पर सवाल उठाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को दोहराया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने राज्यसभा चुनाव को लेकर मध्य प्रदेश और झारखंड के हालिया घटनाक्रमों का हवाला देते हुए चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश से कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन सिर्फ इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि उन्होंने कोर्ट के एक सामान्य नोटिस का खुलासा नहीं किया, जबकि उनके खिलाफ न तो कोई आपराधिक मामला है, न कोई एफआईआर है और न ही कोई चार्जशीट दाखिल हुई है। दूसरी तरफ, भाजपा समर्थित एक कॉर्पोरेट उम्मीदवार के नामांकन पत्र में कई बड़ी कमियां होने के बावजूद उनका नामांकन स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की दयनीय स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि एक तरफ विपक्ष के सांसदों का इस्तीफा कराकर उन्हें भाजपा में शामिल किया जा रहा है, और दूसरी तरफ नामांकन रद्द किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे वोट चोरी के बाद अब सरेआम सीट चोरी की कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ कानूनी और राजनीतिक दोनों मोर्चों पर मजबूती से लड़ेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने जोर देते हुए कहा कि देश में हालात इतने खतरनाक हैं कि एक तरफ लोकतंत्र नहीं है और दूसरी तरफ आम लोग अपनी आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए यह भी लिखा कि मोदी सरकार के कुशासन से प्रभावित सभी वर्गों को एकजुट किया जाएगा और आम लोगों को यह संदेश दिया जाएगा कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ है जबकि भाजपा अमीर और ताकतवर लोगों के साथ है।

### मुख्यमंत्री सैनी ने ....

भावना से काम करें, तभी विकसित भारत का लक्ष्य हासिल होगा। उन्होंने कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता और मानव संसाधन निर्माण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश से जुड़ी विभिन्न मांगों को रखा। उन्होंने मांग की है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'भव्य योजना' के तहत बनाए जाने वाले प्रथम 50 औद्योगिक पार्कों में हरियाणा को भी शामिल किया जाए। इसके साथ-साथ हरियाणा को सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने हेतु विशेष प्रोत्साहन पैकेज दिया जाए। उन्होंने हरियाणा में राष्ट्रीय स्तर का एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाए तथा एआई और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर हब के विकास के लिए विशेष केंद्रीय पैकेज प्रदान किया जाए। उन्होंने औद्योगिक मॉडल टाउनशिप, सेक्टर-विशिष्ट औद्योगिक पार्क, ग्रीन हाइड्रोजन तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराने की मांग भी की। उन्होंने राष्ट्रीय नवाचार एवं अनुसंधान कोष में हरियाणा को प्राथमिकता प्रदान करने पर भी जोर दिया। बैठक में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि विकसित भारत-2047 के विजन को आधार बनाकर हमने हरियाणा विजन डॉक्यूमेंट-2047 तैयार किया है। हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था में 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का योगदान करना है। इसके साथ-साथ हरियाणा को 40 लाख रुपये से अधिक प्रति व्यक्ति आय वाला राज्य बनाना है।

**हरियाणा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सबसे पहले लागू कियाः** मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हमने इस नीति को सबसे पहले लागू किया है। हमने स्कूलों में बच्चों का नामांकन व प्रारंभिक शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य में 17 हजार 859 'स्कूल रेडीनेस मेले' लगाए। इनमें दो लाख बच्चों व अढ़ाई लाख अभिभावकों ने भाग लिया। वर्ष 2018 से आरंभ की गई "सुपर-100" योजना मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रतिष्ठित संस्थानों तक पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रही है। पिछले 5 वर्षों में इस योजना के अंतर्गत 267 विद्यार्थियों ने आइआइटी, एन.आई.टी तथा मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया है। सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापरक शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए 250 पी.एम.श्री स्कूल व 218 मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल खोले जा चुके हैं। उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने की इस कड़ी को एक स्तर आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार द्वारा इसी वर्ष 250 सीएम ईई (चीफ मिनिस्ट्र एफिसिएंसी एंड अरली इंग्लिश) स्कूलों की स्थापना की गई है।

**राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के क्रियान्वयन में हरियाणा अव्वलः** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के क्रियान्वयन में हरियाणा अव्वल है। प्रति लाख जनसंख्या पर हमारे 1 हजार 520 युवा अप्रेंटिसशिप कर रहे हैं। यह संख्या देश में सर्वाधिक है। इस उपलब्धि के लिए हरियाणा को चैंपियन आफ चेंज अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की महत्वपूर्ण पहल 'ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग' योजना का हरियाणा में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

**हरियाणा खेलों का पावर हाउसः** सैनी ने कहा कि हरियाणा को खेलों का पावर हाउस माना जाता है। हम आपके 'खेलो इंडिया' विजन से प्रेरणा लेते हुए खेलों को जन-आंदोलन बनाने में गति से काम कर रहे हैं। गर्व की बात है कि एशियन गेम्स-2026 के लिए चुनी गई भारतीय कुश्ती टीम में सभी 18 खिलाड़ी हरियाणा के हैं। हमने ऐसे खिलाड़ियों को बचपन से ही तैयार करने की नीति बनाई है। हम मिशन ओलंपिक-2036 के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं। इस दिशा में मिशन ओलंपिक-2036 विजयी भव योजना तैयार की है।

**हरियाणा ने बनाई मेक इन हरियाणा औद्योगिक नीति-2026ः** मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि मानव पूंजी का वास्तविक मूल्य तभी है, जब उसे अवसर मिले। इसीलिए, हमने 'मेक इन हरियाणा औद्योगिक नीति-2026' तथा नौ नई सेक्टोरल नीतियां लागू की हैं। हमारा लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना और 10 लाख नए रोजगार सृजित करना है। हमने इसी माह एक तारीख को अपनी नई औद्योगिक नीतियां लॉन्च की और एक ही दिन में हमें 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें 30 हजार करोड़ रुपये की एफ.डी.आई परियोजनाएं शामिल हैं। साथ ही 7 उद्योगों के लिए प्लॉट का आबंटन भी किया है। हरियाणा गंभीरता से मानव पूंजी के विकास में लगा हुआ है।

### रेलवे स्टेशनों पर ...

'समृद्धि' के तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। योजना के माध्यम से कारीगरों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, आधुनिक उपकरण और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, ताकि वे अपनी आजीविका को मजबूत कर सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। माना जा रहा है कि रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर उत्पादों की बिक्री से दिव्यांगजन कारीगरों को नए बाजार मिलेंगे और उनके उत्पादों की मांग में भी बढ़ोतरी होगी, जिससे उनकी आय और जीवन स्तर में सुधार आएगा।



पिछले सप्ताह सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार क्षमा शर्मा ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित स्टोरी टेलिंग सेशन के दौरान एक कहानी बुनकर बच्चों को सुनाई, बच्चों ने खूब आनंद लिया। **हरिभूमि (बालभूमि)** के आग्रह पर क्षमा जी ने वो कहानी हमें लिख कर दी है। यह कहानी उस राक्षस और बच्चों की है, जो बच्चों की टॉफियां लेकर भाग जाता है। निडर बच्चे उस राक्षस से अपनी टॉफियां लेने के लिए उसका पीछा आसमान तक करते हैं। इस बीच बच्चों की मुलाकात एक बहुत प्यारी सी मछली से होती है, जो उन्हें सुरक्षा देती है। इस दरमियान बच्चों को जो मीठे-प्यारे और साहसिक अनुभव होते हैं, वे बहुत ही रोमांचक हैं। बच्चो, तुम भी इस कहानी का मजा लो।

# हिप-हिप हुर्रे...



कहानी

क्षमा शर्मा

मेरे प्यारे बच्चो, आज मैं तुम्हें जो कहानी सुनाने जा रही हूं, बहुत ही मजेदार है, तो सुनो- सोनपुर कस्बे के एक घर में अपने दो बेटों के साथ दादी रहती थीं। उनके बड़े बेटे के एक बच्ची अनाया और बेटा आरव था, छोटे बेटे के बच्चों का नाम लव और कुश था। गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं। बच्चों की दादी और मम्मी-पापा नहीं चाहते थे, बच्चे हरदम मोबाइल और कंप्यूटर में उलझे रहें। दादी हर सुबह बच्चों के साथ मिलकर कोई न कोई ऐसा काम करतीं, जिसमें उन्हें मजा आए। एक दिन उन्होंने बच्चों से पेंटिंग करवाई। चारों में से आरव ने बंदर, शेर और जंगल बनाया, अनाया ने एक तालाब में ढेर सारे कमल खिलाए। वहां मछलियां भी तैर रही थीं। लव ने एक राक्षस बनाया, जो आसमान में उड़ा जा रहा था और कुश, उसने तो एक ऐसी दुकान बनाई, जिसमें बस रंग-बिरंगी टॉफियां भरी थीं।

अगले दिन दादी बच्चों से बोलीं कि तुम लोगों ने बहुत अच्छी पेंटिंग्स बनाई हैं, सभी को ईनाम में टॉफी मिलेगी। वे टॉफी का पैकेट लेकर आईं और सामने की मेज पर रख दिया। तभी दीवार से कूदकर एक बंदर आया और टॉफी के पैकेट को लेकर ये गया और वो गया। दादी चिल्लाईं, 'ओह, ये मुआ राक्षस फिर से आ गया।'

'मगर दादी वह राक्षस कहां, वह तो बंदर था।' आरव बोला। 'तुम्हें नहीं मालूम, यह राक्षस ही है। रूप बदल-बदलकर आता है। इसे टॉफी-चॉकलेट बहुत पसंद हैं। लगता है मुझे ही इसका पीछा करके टॉफी का पैकेट वापस लाना पड़ेगा।' कहती हुई दादी अंदर गईं और अपनी कई साड़ियां उठाकर ले आईं। उसकी एक रस्सी बनाकर उन्होंने हवा में उछाला, तो वह किसी डंडे की तरह सीधी खड़ी हो गई। बच्चे आश्चर्य से देखने लगे। फिर दादी बोलीं, 'अब मैं इस रस्सी के सहारे चढ़कर आसमान में जाती हूं। देखती हूं, राक्षस मुझसे बचकर कहां जाता है?'

यह सुनकर बच्चे चिंतित हो गए। दादी तो बूढ़ी हैं। कहीं ऊपर से गिर गईं, तो क्या होगा? आरव बोला, 'दादी आप नहीं, हम उसे ढूंढ़ने जाएंगे।'

लव ने आरव की बात का समर्थन किया, 'हां, यही ठीक रहेगा।' कुश भी साथ चलने को तैयार हो गया। अनाया कहने लगी, 'मैं भी जाना चाहती हूं, लेकिन कहीं हम गिर गए तो!'

'चल तू हमारे साथ, गिर कैसे जाएगी। हम सब रस्सी को पकड़े होंगे और तुझे भी पकड़े रहेंगे।' आरव बोला।

बस फिर क्या था, बच्चे एक-एक करके रस्सी पर चढ़ गए। रस्सी हवा में ऐसे उड़ने लगी जैसे कोई पंछी। दादी ने उनको बॉय..बॉय कहा। वे तब तक उन्हें हवा में जाती देखती रहीं, जब तक बच्चे आंखों से ओझल न हो गए।

बच्चे उड़े जा रहे थे। आगे-आगे वही बंदर, जो टॉफी का पैकेट लेकर भागा था। पृथ्वी दूर रह गई थी। यहां से सारे पेड़, ऊंची इमारतें, बहुत छोटे-छोटे नजर आ रहे थे। तभी कमाल हुआ। बंदर गायब था। अब उनके आगे बड़े-बड़े बालों वाला, काले रंग का भारी-भरकम एक राक्षस उड़ रहा था। उसने पीछे मुड़कर बच्चों को देखा और जोर से ठहाका लगाया। उसके बड़े-बड़े दांत और सींग देखकर बच्चे डर गए, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। राक्षस उन्हें टॉफी का पैकेट दिखाकर चिढ़ाता। कभी इधर उड़ा, तो कभी उधर। उसके पीछे-पीछे रस्सी भी उड़ी चली जाती, जिसके सहारे बच्चे लटके थे।

तभी एकाएक जोरदार धमाका हुआ। चारों ओर धुआं फैल गया, अंधेरा छा गया। बच्चों को लगा कि कहीं वे रास्ता भूलकर धरती की तरफ ही न चले जाएं। जब धुआं छंटा, अंधेरा कम हुआ, तो राक्षस कहीं नजर ही नहीं आया। बच्चे हक्के-बक्के हो गए, आखिर राक्षस कहां गया! यहां तो कोई घर या झोपड़ी भी दिखाई नहीं दे रही थी। हर तरफ बस बियाबान। कहां ढूंढ़ें उसे? अचानक रस्सी ऊपर की ओर उड़ने की बजाय नीचे की तरफ उतरने लगी। रस्सी ने उन्हें एक नदी के किनारे उतार दिया और खुद गोल घेरा बनाकर सिमट गई। अनाया बोली, 'रस्सी को शायद पता है कि राक्षस यहीं कहीं है।'

'यह रस्सी जादुई है। मगर दादी के पास आई कहां से, उन्होंने इसके बारे में कभी बताया भी नहीं।' लव बोला।

चारों बच्चे नदी के किनारे बैठ गए, तभी उन्हें मीठे गाने की आवाज सुनाई दी। घुंघरू की आवाजें भी। वे समझ नहीं सके कि धरती पर हैं या आसमान में। तभी अचानक नदी के बीच छपाक-छपाक की आवाज सुनाई दी। आरव डरकर खड़ा हो गया। बोला, 'कहीं कोई मगरमच्छ तो नहीं बढ़ा चला आ रहा?' लेकिन तभी पानी के ऊपर एक लाल सिर दिखाई दिया, वह एक बड़ी-सी मछली थी। किनारे पर आकर बोली, 'बच्चो, यहां तुम क्यों आए हो?'

सभी एक सुर में बोले, 'हम उस राक्षस को ढूंढ़ रहे हैं, जो हमारा टॉफी का पैकेट लेकर भाग गया है।' सुनकर मछली को आश्चर्य हुआ, 'अरे, एक टॉफी के पैकेट के पीछे तुम इतनी दूर तक चले आए, दूसरा ले आते।'

बच्चे बोले, 'नहीं, गुस्सा इस बात पर है कि राक्षस अगर टॉफी खाना चाहता था, तो वह दादी से मांग लेता, लेकर भागा क्यों? किसी की चीज इस तरह हड़प लेना तो बुरी बात है न।' मछली बोली, 'हां ये तो सही कहा तुमने। लेकिन तुम लोगों ने जब राक्षस का पीछा किया तो वह गायब हो गया होगा।' लव जोर से बोला, 'हां, बिल्कुल यही हुआ!'



'मगर अब तो वह गुफा के अंदर चला गया होगा। उसकी गुफा का दरवाजा उसके अलावा कोई और नहीं खोल सकता। वह मजबूत पत्थर से बना है।' मछली ने बताया।

'तो अब हम क्या करें?' बच्चे बोले।

'तुम्हें सुबह का इंतजार करना होगा।' मछली ने कहा।

'सवेरे तक! तो क्या हम वापस जाकर फिर से आएं? यहां तो कैसे रहेंगे? हमें भूख लगी है। रात में सोएंगे कहां? अगर राक्षस रात में गुफा से बाहर निकल आया तो?' बच्चे एक-एक करके पूछने लगे।

'उसकी चिंता तुम मत करो। मैं यहां की रानी हूं। तुम रात भर यहीं रहना, जो चाहोगे वह खाना। बस तुम्हें पानी के अंदर रहना होगा, जिससे कि राक्षस अगर बाहर भी आए, तो उसकी नजर तुम पर न पड़े।' मछली जैसे बच्चों की दोस्त बन गई थी। 'लेकिन हम पानी के अंदर सोएंगे कैसे? हमारा तो दम घुट जाएगा।' अनाया गोल-गोल आंखें घुमाकर बोली।

'इस नदी में मुझ जैसे ही बड़े-बड़े कछुए, मेढक, केकड़े और दूसरी मछलियां हैं। तुम आराम से रातभर उनकी पीठ पर सोना। खाने के लिए तुम्हारे लिए तरह-तरह के फल और हमारे यहां की विशेष मिठाइयां मिल जाएंगी।' मछली हंसते हुए बोली। मछली रानी की बात सुनकर सारे बच्चे खुश हो गए। उन्होंने खूब फल और मिठाई खाई। उन्हें पीने के लिए खुशबूदार शर्बत दिया गया।

उस रात बच्चे मछली, कछुए की पीठ पर इतनी गहरी नींद में सोए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब सवेरा हो गया। तब मछली रानी और उनके मंत्री मेढक ने कहा, 'बच्चो, सावधान! अब न तो तुम्हें पानी से मुंह बाहर निकालना है, न ही कोई बात करनी है, क्योंकि राक्षस के भी जागने का समय हो गया है।'

मेढक की बात सच हुई। थोड़ी ही देर में बच्चों को धम-धम की आवाज सुनाई दी। राक्षस नदी की तरफ ही बढ़ा चला आ रहा था। वह जोर-जोर से हंस रहा था। कह रहा था, 'मुझे सब पता है कि तुम कहां छिपे हो? अब बचकर कहां जाओगे बच्चू। अभी तुम्हारा भुरता बनाता हूं।'

फिर राक्षस नदी के किनारे घूमने लगा। 'हा-हा..' करके हंसता जाता। नदी के अंदर छिपे बच्चों को डर भी लगा, लेकिन मछली, मेढक और केकड़े ने उन्हें इशारे से ढांढस बंधाया। बहुत देर ढूंढ़ने के बाद राक्षस बोला, 'लगता है मेरा पीछा करते-करते थक गए और वापस चले गए। मुझे भी भूख लगी है। चलो धरती की तरफ शिकार करने जाता हूं।' एकाएक वह राक्षस एक विशालकाय शेर में बदल गया। फिर धीरे-धीरे नीचे पृथ्वी की ओर उतरने लगा।

राक्षस के जाते ही चारों बच्चे नदी से बाहर आ गए।

मछली ने कहा, 'सामने कुछ दूर जाओ। फिर बाएं मुड़ो। वहीं राक्षस की गुफा है। देख लेना कि उसका दरवाजा खुला है कि नहीं। यदि नहीं खुला, तो फिर तुम उसे नहीं खोल पाओगे। मैं यहीं तुम्हारा इंतजार कर रही हूं।'

अनाया, आरव, लव, कुश गुफा की तरफ दौड़ पड़े। वहां पहुंचे तो जोर से चिल्लाए, 'हिप-हिप हुर्रे!' दरवाजे का पत्थर एक ओर पड़ा था। चारों तेजी से गुफा के अंदर पहुंचे, लेकिन वहां बहुत अंधेरा था। वे छू-छूकर टॉफी का पैकेट ढूंढ़ने लगे। कभी उनके हाथ कोई हड्डी लगती, तो कभी बाल, तो कभी कोई कपड़ा। अचानक एक पोटली आरव को मिली। हो सकता है कि टॉफी उसी में हो। वे उसे लेकर बाहर आए। लेकिन यह क्या, पोटली में तो बेशुमार रत्न, अशर्फियां और सोने-चांदी के जेवर थे। उन्हें देखकर बच्चे बहुत खुश हुए।

'इनसे तो न जाने कितनी टॉफियां खरीदी जा सकती हैं। लेकिन नहीं, पता नहीं, यह खजाना किसका है। हो सकता है, वह भी कभी इसे ढूंढ़ता हुआ इधर आए। यूं भी पापा-मम्मी और दादी कहते हैं कि कभी किसी दूसरे की चीज नहीं लेनी चाहिए।' बच्चे जरा भी नहीं ललचाए, पोटली गुफा के अंदर रखी और वापस नदी की तरफ आए। रानी मछली वहीं उनका इंतजार कर रही थी। बच्चों ने सारी बात उसे आकर बताई। वह मुस्कुराते हुए बोली, 'कोई बात नहीं। तुम धरती पर वापस जाओ। यह यात्रा तुम्हें हमेशा याद रहेगी।'

अचानक बच्चों ने देखा कि राक्षस के कारण जिस रस्सी ने अपने को छिपा लिया था, वह धरती की तरफ नीचे लटकी थी। बच्चों ने उसे पकड़ा तो वह तेजी से नीचे उतरने लगे। जल्दी ही वे अपने घर के आंगन में उतरे। सब उनका इंतजार कर रहे थे। सारी बात सुनकर दादी बोलीं, 'टॉफी का पैकेट तो ये रहा!' चारों बच्चों का मुंह खुला रह गया। अब बच्चों को दादी से यह सवाल पूछना था, जहाज की तरह उड़ने वाली रस्सी उनके पास आई कहां से? और क्या राक्षस टॉफी नहीं ले गया था? *


सभी इमेज एआई

---

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## खरबूजे-तरबूजे

गर्मी की आहट होते ही,
निकल पड़े खरबूजे।
मीठी-मीठी प्यास जगाते,
गली-गली तरबूजे।
मम्मी रोज सुबह ले लेती,
काट-छाट कर हमें खिलाती।
मीठा गूदा, मीठा पानी,
घर-भर में खुशबू भर जाती।

खनिज विटामिन के प्याले,
मौसम के फल प्यारे-प्यारे।
छिलका बीज सभी गुणकारी,
पानी के छोटे रस धारे।
हरी पट्टियां धूसर धारी,
गोल-गोल से खरबूजे।
बाहर से ये हरे-हरे हैं,
लाल रसीले तरबूजे।


एआई इमेज

---

एंज्वॉयमेंट

शिखर चंद जैन

बच्चो, आजकल तुम्हारी गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। लेकिन दिन के समय बाहर जाकर खेलने से तुम बीमार हो सकते हो। ऐसे में तुम अपने भाई-बहन या फ्रेंड्स के साथ घर में ही वर्ड या पजल गेम्स खेल सकते हो। इन्हें खेलने में तुम सबको मजा तो आएगा, तुम इंटेलिजेंट और स्मार्ट भी बनोगे।

## ये वर्ड गेम्स-पजल एक्टिविटीज तुम्हें बनाएंगे इंटेलिजेंट-स्मार्ट


एआई इमेज

बच्चो, हम तुमको कुछ ऐसे मजेदार वर्ड गेम्स और पजल एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम घर के भीतर ही खेल सकते हो। ये इंटरेस्टिंग तो हैं ही इनसे ब्रेन की एक्सरसाइज होती हैं, जिससे तुम इंटेलिजेंट भी बनोगे।

**क्रॉसवर्ड:** क्रॉसवर्ड एक स्क्वायर ग्रिड होता है, जिसमें सफेद और काले छोटे-छोटे स्क्वायर बने होते हैं। हल करने के संकेतों को दो श्रेणियों में बांटा जाता है, क्रॉस (बाएं से दाएं) और डाउन (ऊपर से नीचे)। तुम्हें संकेतों को पढ़कर सही शब्द का अनुमान लगाना होता है और हर सफेद खाने में एक अक्षर भरना होता है। सभी शब्द एक-दूसरे को काटते हैं, इसलिए एक शब्द का सही अक्षर दूसरे शब्द को हल करने में मदद करता है। क्रॉसवर्ड शब्दावली यानी वर्ड पॉवर बढ़ाने और तर्कशक्ति को तेज करने का बेहतरीन तरीका माना जाता है। न्यूज पेपर्स, कुछ मैगजींस के अलावा क्रॉसवर्ड बुक्स में तुमको यह गेम मिल जाएगा। आधुनिक क्रॉसवर्ड का आविष्कार ब्रिटिश पत्रकार आर्थर वाईन ने किया था। पहली क्रॉसवर्ड पहेली 21 दिसंबर, 1913 को 'न्यूयॉर्क वर्ल्ड' अखबार में प्रकाशित हुई थी।

**एनाग्राम:** इसमें किसी शब्द के अक्षरों को आगे-पीछे करके एक नया सार्थक शब्द बनाना होता है। एनाग्राम में तुम्हें एक शब्द दिया जाता है। तुमको उस शब्द के सभी अक्षरों का उपयोग करना होता है न कोई अक्षर छोड़ना है और न ही नया अक्षर जोड़ना है। उन अक्षरों को इस तरह व्यवस्थित करना होता है कि एक नया सार्थक शब्द बन जाए। जैसे- अंग्रेजी के वर्ड 'साइलेंट' से 'लिसन' बनाना। यह एक्टिविटी वर्ड्स की स्पेलिंग की बारीकियों को समझने और रचनात्मक सोच विकसित करने में मदद करती है।

**वर्ड सर्च:** इसमें अक्षरों के एक अस्त-व्यस्त जाल में तुम्हें नीचे दिए गए शब्दों को खोजना होता है। इसमें शब्द क्षैतिज (हॉरिजंटल), ऊर्ध्वाधर (वर्टिकल) या तिरछे (डायगोनल) छिपे हो सकते हैं। वर्ड सर्च पजल को सबसे पहले 1968 में ओक्लाहोमा के नॉर्मन ई. गिबट ने बनाया था। उन्होंने इसे स्थानीय अखबार के लिए तैयार किया था ताकि बच्चों को शब्दों की पहचान करने में आसानी हो। यह पजल बच्चों में 'पैटर्न रिकग्निशन' (आकृतियों की पहचान) और कंसंट्रेशन बढ़ाने के लिए बहुत अच्छा माना जाता है।

**वर्ड लेडर:** इसमें तुम्हें एक शुरुआती वर्ड और एक टारगेट वर्ड दिया जाता है। दोनों की लंबाई समान होनी चाहिए। हर स्टेप पर तुम केवल एक अक्षर बदल सकते हो। अक्षर बदलने के बाद जो नया शब्द बने, वह भी मीनिंगफुल होना चाहिए। इस खेल का लक्ष्य है, कम से कम स्टेप्स में टारगेट वर्ड तक पहुंचना। इसका आविष्कार 1877 में 'एलिस इन द वंडर वर्ल्ड' के लेखक लुईस कैरोल ने किया था। उन्होंने इसे 'डबलेट्स' नाम दिया था। यह एक्टिविटी तार्किक सोच और शब्दों के बीच के सूक्ष्म अंतर को पहचानने की शक्ति बढ़ाती है। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

## रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आया लेखिका अलका प्रमोद का कहानी-संग्रह 'मोबाइल बना सिरदर्द' बहुत मजेदार और सीख देने वाला है। संग्रह में कुल दस कहानियां हैं। कहानी 'मोबाइल बना सिरदर्द' में आदीप नाम का होशियार लड़का है, जो इतना मोबाइल चलाता है कि उसकी आंखें कमजोर हो जाती हैं और सिर में दर्द रहने लगता है। डॉक्टर भी उसे मोबाइल से दूर रहने की सलाह देते हैं। तब दादी की कहानियां सुनकर उसकी मोबाइल चलाने की लत छूटती है। वह समझ जाता है कि मोबाइल का अधिक इस्तेमाल कितना हानिकारक हो सकता है। 'भूत भाग गया' कहानी में पीहू समेत मम्मी-पापा परेशान थे कि घर से खाने की चीजें कैसे गायब हो जाती हैं। पापा ने जब पूरी बात सुनी तो उन्होंने रसोई में सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया। यह कहानी अंधविश्वास और डर का पर्दाफाश करती है। 'रोटी का मूल्य' कहानी में अक्षिता एक भूखे बच्चे की मदद के लिए घर से ज्यादा भोजन ले जाती है। इस काम के लिए उसकी प्रिंसिपल भी उसकी तारीफ करती हैं। 'एक और उपहार' कहानी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती है।




कुल मिलाकर संग्रह की सभी कहानियां रोचक और प्रेरक हैं। कहानियों की भाषा सरल और सहज है। इन कहानियों के साथ बने चित्र भी तुमको बहुत पसंद आएंगे। *

**किताब:** मोबाइल बना सिरदर्द, **लेखिका:** डॉ. अलका प्रमोद, **मूल्य:** 240 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्रा. लि., दिल्ली

---

## जीके क्विज-209

1. किस इंडियन चेस प्लेयर ने पहली बार नॉर्वे चेस टूर्नामेंट जीता है?
2. हाल ही में कर्नाटक के 18वें मुख्यमंत्री कौन बनाए गए हैं?
3. किस देश ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है?
4. कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 में किसे नए खेल के रूप में शामिल किए जाने की घोषणा की गई है?
5. देश के वर्तमान रेल मंत्री कौन हैं?
6. वायुमंडल में सबसे हल्की गैस कौन-सी है?
7. 1905 में बंगाल विभाजन किस ब्रिटिश वायसराय द्वारा किया गया?
8. विटामिन E का रसायनिक नाम क्या है?
9. बृहस्पति ग्रह के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
10. विश्व संगीत दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-209 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-208 का उत्तर :** 1 ऑक्सीजन, 2. सुंदरलाल बहुगुणा, 3. कार्बन डाईऑक्साइड, 4. ओजोन परत, 5. सल्फर डाईऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड, 6. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 7. वैभव सूर्यवंशी, 8. सिक्किम, 9. फिनलैंड, 10. जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि

**जीके क्विज-208 का सही उत्तर देने वाले :** वर्णिका-खैरागढ़, तेजस्विनी-बिलासपुर, अंशिका-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, कबीर-हिसार, सुशांत-रोहतक

---

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पेड़ पर बैठे लेमर के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ कर बताओ।



---

## सही मिलान करो

बच्चो, यहां ऊपर एक कब (लिटिल टाइगर) के चार अलग-अलग चित्र दिए गए हैं। नीचे उन चित्रों की परछाइयां दी गई हैं, जो सीक्वेंस में नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करो।




उत्तर: 1-C, 2-D, 3-A, 4-B

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री जयवर्धन ने की मदद, घायल को लेकर पहुंचे अस्पताल



**भोपाल।** कांग्रेस विधायक विपिन जैन सड़क हादसे में घायल हो गए। हादसा शहर के 74 बंगला क्षेत्र में हुआ। विधायक अपने सरकारी निवास से कांग्रेस कार्यालय के लिए रवाना हुए थे। दुर्घटना में विधायक के साथ उनके पीएसओ को भी चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार विधायक अपने सरकारी निवास से कांग्रेस कार्यालय जाने के लिए निकले थे, तभी एक ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया और हादसा हो गया। पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह ने घायल विपिन जैन को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में खुद मौजूद रहकर उन्होंने विपिन जैन का इलाज कराया।

### एफपीपीएएस में 3.91 प्रतिशत की कटौती

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के डेढ़ करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल में मामूली राहत मिलने जा रही है। मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) में 3.91 प्रतिशत की कमी करने का फैसला लिया है। नई दरों का लाभ 24 मई के बाद जारी होने वाले बिजली बिलों में मिलेगा। कंपनी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 24 मई से 24 जून 2026 की अवधि के लिए नई दरें लागू की गई हैं।

### 5.39 करोड़ हितग्राहियों को निःशुल्क खाद्यान्न आवंटित

**भोपाल।** मप्र में दिसम्बर 2023 से लेकर अभी तक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5.39 करोड़ से अधिक पात्र हितग्राहियों को कुल 24,209 करोड़ रुपए का 74.31 लाख मीट्रिक टन निः शुल्क खाद्यान्न वितरित किया गया है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित राशन सामग्री के परिवहन करने वाले 896 परिवहनकर्ताओं एवं 27,872 दुकानों के कमीशन देयकों का प्रतिमाह लगभग 40 करोड़ रुपए का भुगतान ऑनलाईन किया जा रहा है।

### वन कर्मचारियों को दिया जाए उच्च स्तर का प्रभार

**भोपाल।** मप्र वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वन विभाग के कार्यपालिका वन कर्मचारियों को कार्यवाहक प्रभाव देने की मांग की है। मंच के प्राताध्यक्ष अशोक पांडे ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया कि वन विभाग के कर्मचारियों को न्यायालय आदेश होने के बावजूद भी उच्च स्तर एवं कार्यवाहक प्रभार नहीं दिया जा रहा है। इस कारण वन कर्मचारी में असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया है। कर्मचारी मंच की मांग है कि वन विभाग में वन कर्मचारियों को उच्च स्तर का कार्यवाहक प्रभार तत्काल देने के वन विभाग शासन से आदेश प्रसारित किए जाएं।

## नटराजन का नामांकन खारिज होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साधा कांग्रेस पर निशाना

# आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाना कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं का जानबूझकर किया गया षड्यंत्र

**कांग्रेस ने हार से बचने के लिए अपने प्रत्याशी के शपथ-पत्र में गलत जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कांग्रेस ने राज्यसभा में हार से बचने के लिए जानबूझकर अपने प्रत्याशी के नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत शपथ-पत्र में गलत जानकारी दी। राज्यसभा की रिक्त हो रही उस सीट पर कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की नजर थी। 10-10 चुनाव लड़ चुके कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन दाखिल कराने में शामिल थे। आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाना कांग्रेस और उसके नेताओं द्वारा किया गया जानबूझकर षड्यंत्र है। कांग्रेस को अपने विधायकों पर भी भरोसा नहीं था, इसलिए विशेष विमान से उन्हें दूसरे प्रदेश में ले जा रहे थे। नामांकन निरस्त होने के बाद कांग्रेस की गुटबाजी खुलकर सामने आ चुकी है।




डॉ. मोहन यादव

### कांग्रेस को आत्मंथन की जरूरत

डॉ. मोहन ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छिंदवाड़ा सीट के साथ प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज कर इतिहास बनाया है, तब भी इंदौर से कांग्रेस के प्रत्याशी चुनावी मैदान छोड़ दिए थे। कांग्रेस को अपने अंदर झांककर देखने और आत्ममंथन की जरूरत है। कांग्रेस को प्रत्याशी चयन से पहले उसके आपराधिक प्रकरण, आपराधिक पृष्ठभूमि की पड़ताल कर लेना चाहिए था। बता दें कि भाजपा ने मल्लाह, माझी समाज से आने वाले कार्यकर्ता महेश केवट को राज्यसभा जाने का मौका दिया है।

### कांग्रेस पार्टी के विधायक ही उनके साथ नहीं हैं: खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विधायक ही उनके साथ नहीं हैं। कांग्रेस के आधे विधायक भी उनके साथ विमान से नहीं जा रहे थे तो यह कांग्रेस पार्टी की गलती है। कांग्रेस ने नामांकन-पत्र में गलत जानकारी दी, यह कांग्रेस पार्टी और उनकी प्रत्याशी की गलती है या जानबूझकर अपराध को छिपाया गया, यह कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए। कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी ने जिस प्रकार से आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाई है, उस तरह की जानकारी छिपाने पर दो साल से अधिक की सजा का प्रावधान है। कांग्रेस प्रत्याशी शपथ-पत्र में पूरी जानकारी नहीं दे रहीं हैं, इसकी वजह से नामांकन-पत्र निरस्त हुआ है।



हेमंत खंडेलवाल

### धमकी और गाली-गलौज में बदला कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन : शर्मा



रामेश्वर शर्मा

रामेश्वर ने कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन पर दी तीखी प्रतिक्रिया

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामेश्वर शर्मा ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर आयोजित धरना-प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा विधायक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन धमकी व गाली-गलौज में बदल गया। जिस प्रकार की ओछी भाषा का प्रयोग कांग्रेस के नेताओं द्वारा धरना-प्रदर्शन में किया गया, इससे परिलक्षित होता है कि कांग्रेस क्या करना चाहती है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की प्रति लेकर कांग्रेस नेता धरना-प्रदर्शन में जिस तरह से गुंडागर्दी, बदतमीजी और ओछी भाषा का प्रयोग कर कर रहे हैं, यह संविधान का भी अपमान है।

## सीएम हेल्पलाइन में पेंडिंग शिकायतों पर निगम आयुक्त का कड़ा रुख

# योजना प्रकोष्ठ के अपर आयुक्त उपायुक्त व अधीक्षक को नोटिस

**उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने, जोन-19 के जोनल अधिकारी के विरूद्ध विभागीय जांच एवं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण को लेकर सख्त रूख अपनाते हुए शिकायतों का निराकरण न करने पर योजना प्रकोष्ठ के अपर आयुक्त, उपायुक्त तथा उद्यान शाखा की सहायक उद्यान अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जबकि उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने व जोन-19 के जोनल अधिकारी को नोटिस जारी कर विभागीय जांच करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने यह निर्देश बुधवार को निगम मुख्यालय में समय सीमा प्रकरणों एवं निगम कार्यो की समीक्षा के दौरान दिए। जैन ने उद्यान विभाग से संबंधित शिकायतों को बिना स्थल निरीक्षण व सत्यापन किए निराकृत दर्शाने पर उद्यान विभाग की सहायक उद्यान अधीक्षक ममता ब्रह्मे को नोटिस जारी करने एवं जोनल अधिकारी जोन-19 को नोटिस जारी कर विभागीय जांच करने, उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।

### आदमपुर छावनी प्रोसेसिंग प्लांट पहुचाएं सामग्री

निगम आयुक्त जैन ने वर्षा पूर्व नाला सफाई अभियान के तहत नाला-नालियों की सफाई का कार्य तेज गति से पूरा करने और सफाई के दौरान निकले गाद, मिट्टी, मलमे आदि को उठवाने तथा नाला सफाई कार्य की सूक्ष्मता से मॉनीटरिंग स्वच्छता के लिए नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी द्वारा करने, सीएंडडी वेस्ट आदमपुर छावनी स्थित प्रोसेसिंग प्लांट पहुंचाने के निर्देश दिए।

**निगम मुख्यालय में बैठक**

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को आसान तरीके से पहुंचाएं: आयुक्त



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं निगम आयुक्त संस्कृति जैन।

नगर निगम के मुख्यालय अटल भवन में बुधवार को निगम आयुक्त ने 12, 15 और 16 जून 2026 को लगने वाले जनकल्याणकारी शिविरों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने इन शिविरों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को सुलभ तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजनों का प्रचार-प्रसार करने व शिविरों के संबंध में संबंधित क्षेत्र के विधायकों को सूचना देने, शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने और आवेदनों को निर्धारित प्रारूप में प्राप्तकर सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अपलोड कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार आदि उपस्थित थे।

### मप्र में बस किराया बढ़ाने की तैयारी अगले सप्ताह होगी अहम बैठक

**भोपाल।** मप्र में सार्वजनिक यात्री बसों का किराया बढ़ सकता है। करीब पांच वर्ष बाद बस किराए में संशोधन की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में अगले सप्ताह किराया निर्धारण समिति की बैठक मंत्रालय में होने जा रही है, जिसमें किराया वृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। जानकारी के अनुसार पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में लगातार हुई बढ़ोतरी के बाद बस संचालक किराया बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। बस संचालकों का कहना है कि बढ़ती लागत के कारण वर्तमान किराया व्यवस्था में संचालन करना कठिन होता जा रहा है। प्रारंभिक चर्चाओं के अनुसार बस किराए में लगभग 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव विचाराधीन है। वर्तमान व्यवस्था में पहले किमी के लिए न्यूनतम किराया सात रुपए निर्धारित है।

## कैबिनेट मंत्री सिंह ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

# कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का मंत्री सिंह ने किया समाधान




मंत्री सिंह ने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का निराकरण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

## संभाग कमिश्नर ने की राजस्व केसों की समीक्षा

# एक माह में खत्म होगी नामांतरण सीमांकन और बंटवारे की पेंडेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



तहसील दफ्तरों में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारे और अन्य राजस्व से जुड़े केसों की पेंडेंसी को एक महीने में खत्म किया जाए, जिससे आम लोगों को राहत मिल सके। जिसके लिए अफसरों को रोजाना सुनवाई करना पड़े तो की जाए।

यह बात बुधवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने जिला कलेक्टर्स से कही।उन्होंने हिदायत देते हुए अफसरों से कहा कि लोकसेवा गारंटी के कामों को भी टाइम लिमिट में निपटाया जाए।

# देरी से चल रहे प्रोजेक्ट पर हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष नाराज, कहा- इसकी जिम्मेदारी तय की जाए

**गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे किए जाएं हाउसिंग बोर्ड के रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट: ओम जैन**

**हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश के सभी रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा की**



बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल के सभी रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा की। तीन घंटे चली मैराथन बैठक में अध्यक्ष ओम जैन और बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह ने सभी प्रोजेक्ट पर बारीकी से बात की। बैठक के दौरान कई प्रोजेक्ट की देरी पर उन्होंने मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिडेंसिफिकेशन योजना के अंतर्गत सभी कामों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। साथ ही निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। विलंब से चल रही योजनाओं पर नाराजगी व्यक्त की।

### विलंब से चल रही योजनाओं की रिपोर्ट बनाई जाएगी

जैन ने कहा कि विलंब से चल रही योजनाओं की एक रिपोर्ट बनाई जाए और जिम्मेदारी तय हो। कमिश्नर गौतम सिंह ने निर्देश दिए कि जहां देरी हुई है वहां अनुबंध के अनुसार ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। गौतम सिंह ने कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। बैठक में मंडल आयुक्त गौतम सिंह, अपर आयुक्त महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश के उपायुक्त एवं कार्यपालन यंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

## स्मार्ट मीटर का झटका: 500 का बिल पहुंचा ढाई हजार

# बिजली बिलों की 50 हजार से अधिक शिकायतें, समाधान 10 फीसदी भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश भर में इन दिनों बिजली उपभोक्ता भारी-भरकम और बढ़े हुए बिजली बिलों से त्रस्त हैं। रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर जैसे बड़े शहरों से बिजली बिलों में असमान्य वृद्धि की 50 हजार से अधिक शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। शिकायतों की तुलना में समाधान की रफ्तार 10 प्रतिशत भी नहीं है। जहां एक तरफ उपभोक्ता इस बढ़ी हुई राशि से परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ विभागीय अधिकारी बढ़ती गर्मी और बिजली खपत का हवाला देकर इस असामान्य वृद्धि को सही ठहरा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं में असंतोष गहराता जा रहा है। आम उपभोक्ताओं का कहना है कि जिन घरों का मासिक बिजली बिल पहले 400 से 500 रुपए के बीच आता था, उन्हें अब सीधे 2,000 से 2,500 रुपए तक के बिल थमाए जा रहे हैं। इसी तरह स्मार्ट मीटर को लेकर भी बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनका बिल तीन से चार गुना तक बढ़ गया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि लगातार बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या के बावजूद बिलों में यह बेतहाशा बढ़ोतरी समझ से परे है। उपभोक्ता अब इस मामले में निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं।

# घटिया काम पर 8 ठेकेदार ब्लैकलिस्ट 29 प्रोजेक्ट में सुधार के सख्त निर्देश

**भोपाल।** प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर लोक निर्माण विभाग ने बड़ा एक्शन लिया है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर हुए औचक निरीक्षण में घटिया काम करने वाली 8 निर्माण एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। साथ ही 29 निर्माण कार्यों में पाई गई कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग के मुख्य अभियंताओं के 7 विशेष निरीक्षण दलों ने रायसेन, सिवनी, दतिया, बड़वानी, शहडोल, रतलाम और पन्ना जिलों में रैंडम आधार पर 35 निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इसमें निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुके दोनों तरह के काम शामिल थे। गुणवत्ता, प्रगति, तकनीकी मानकों और रखरखाव की स्थिति जांची गई।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अजय उर्फ़ जय पुत्रः** नन्हे, **पताः** मकान नंबर एफ–48, जेजे कॉलोनी बवाना, दिल्ली, ने **FIR No. 455/2021 U/S 392/411/34 IPC थानाः शाहबाद डेरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय उर्फ़ जय** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय उर्फ़ जय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 455/2021 U/S 392/411/34 IPC थानाः शाहबाद डेरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अजय उर्फ़ जय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 114
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7798/ON/2026
(Court Matter)


# कुथरेल स्थित दो गोदामों में पुलिस ने 11 आरोपियों को हिरासत में लिया

# वॉशिंग पाउडर की आड़ में बना रहे थे गुटखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के पाटन ब्लॉक पाटन पुलिस ने छापा मारा। पुलिस के मुताबिक गोदाम में सितार नाम से अवैध रूप से गुटखा तैयार किया जा रहा था। पुलिस ने छापेमारी के दौरान तीन मशीनें,बड़ी मात्रा में कच्चा माल,निर्माण से संबंधित सामग्रियां बरामद की हैं। पुलिस ने पूछताछ के लिए 11 लोगों को हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद प्रकरण में आगे कार्रवाई की जाएगी। कुथरेल स्थित जिस गोदाम में पुलिस ने छापा मारा है, वहां अवैध गतिविधियां संचालित होने की सूचना पुलिस को मिल रही थी।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने उक्त गोदाम में छापा मारा। पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि गोदाम असलम नामक व्यक्ति का है, जिसे विरेन्द्र तिवारी ने वॉशिंग पाउडर बनाने के नाम पर लिया है। लेकिन पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां वॉशिंग पाउडर के बदले जर्दायुक्त गुटखा तैयार किया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक एक गोदाम से दो और दूसरे गोदाम से एक मशीन जब्त की गई है। मौके से बड़ी संख्या में गुटखा बनाने का सामान और पैकिंग सामग्री भी बरामद की गई है। एसडीओ ने बताया कि यहां सितार नाम से गुटखा तैयार किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री करीब 10-15 दिन पहले ही चालू हुई है। पुलिस के मुताबिक यहां तैयार गुटखा कुछ मात्रा में बाजार में भी बेचा जा चुका है। एसडीओपी अनूप लड़का ने बताया कि फिलहाल पूछताछ के लिए 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने हिरासत में लिए लोगों के नाम का खुलासा अभी नहीं किया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के बाद वस्तु स्थिति की जानकारी मिल पाएगी।



### जमीन से निकला 'हंडा' बताकर लोगों को बेच दिया नकली सोना

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने शातिर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो लोगों को जमीन से सोने का हंडा मिलने की मनगढ़ंत कहानी सुनाकर जाल में फंसाता था और कौड़ियों के भाव की पीली धातु को असली सोना बताकर लाखों रुपए ऐंठ लेता था। पुलिस ने इस हाई-प्रोफाइल मामले में गिरोह के पांच मुख्य किरदारों को धरदबोचा है। यह पूरा खेल तब शुरू हुआ जब बोरसी निवासी जितेंद्र साहू ने उतई थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई। गिरोह का मास्टरमाइंड पन्नालाल कुर्रे और उसके साथी बेहद शातिर अंदाज में शिकार ढूंढते थे। पकड़े गए आरोपियों में दिनेश कुमार टंडन (50, गाड़ाडीह), पन्नालाल कुर्रे (42, कोरबा), गणेशराम गंधर्व (56, कबीरधाम), रामस्वरूप रौतेल (30, डिंडोरी, मध्य प्रदेश) और भानुप्रताप डहरिया (40, पाटन) शामिल हैं।

## दो से अधिक संतान के नियम को किया समाप्त

# मप्र सरकार के ऐतिहासिक निर्णय पर डॉ. यादव का आभार: मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन की कैबिनेट द्वारा शासकीय कर्मचारी एवं अधिकारियों से संबंधित 'दो से अधिक संतान' नियम को समाप्त किए जाने के निर्णय का कर्मचारी एवं अधिकारी वर्ग ने स्वागत किया है। मध्यप्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संघ एवं अजाक्स संगठन के प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा राज्य मंत्रिपरिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय कर्मचारी एवं अधिकारी हित में एक मानवीय एवं न्यायसंगत कदम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 के बाद लागू किए गए उस नियम के कारण अनेक कर्मचारी एवं अधिकारी मानसिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक परेशानियों का सामना कर रहे थे, जिसमें दो से अधिक संतान होने पर शासकीय सेवा से पृथक करने अथवा शासकीय नौकरी के लिए अपात्र घोषित करने का प्रावधान था।




**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**प्रवेश सूचना** (विज्ञा. सं. पीआर-05 ऑफ 2026)

शिक्षा विभाग, म.द. विश्वविद्यालय, रोहतक में सत्र 2026-27 हेतु 4-वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी), माध्यमिक स्तर (बी.ए. बी.एड. और बी.कॉम. बी.एड.) के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा हेतु पोर्टल का खुलना : 10.06.2026

आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि : 25.06.2026

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध सत्र 2026-27 हेतु 4-वर्षीय अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स, 5-वर्षीय एकीकृत, 5-वर्षीय एलएल.बी. प्रोग्राम और 4-वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के लिए प्रवेश की विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

अद्यतन/परिवर्तन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

**टिप्पणी : मेरिट लिस्ट एनटीए द्वारा जारी एनसीईटी के स्कोर कार्ड के आधार पर तैयार की जाएगी।**

संवाद-1235/11/175/2027/46143/सी/88/7 दि. 11.06.26 रजिस्ट्रार

## चिंतन

# युद्ध से नहीं, कूटनीति से ही सुलझते हैं विवाद

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुका है। दोनों देशों के अड़ियल रुख और लगातार हो रहे सैन्य हमलों ने वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानव सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा कर दिया है और पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है। सबसे अधिक दुखद पहलू यह है कि किसी भी युद्ध की तरह इस संघर्ष का सबसे बड़ा खामियाजा आम और निर्दोष नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। पिछले दो दिनों में भारतीय क्रू वाले तीन जहाजों पर हमले हुए हैं। तीन भारतीयों की मौत हो चुकी है। अब अमेरिका ने भारतीय टैंकर जलवीर पर भी हमला कर दिया है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था ढहने के कगार पर है। अमेरिका-ईरान समेत सभी देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है। सप्लाई चेन बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हालात नहीं बदले तो जल्द ही जरूरी चीजों की कमी भी हो सकती है। ऐसे में अमेरिका-ईरान को समझना होगा कि वे लंबे समय तक युद्ध जारी नहीं रख सकते। युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। इतिहास गवाह है कि अंततः हर बड़े संघर्ष का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही निकला है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह स्वीकार करना होगा कि लंबे समय तक सैन्य टकराव जारी रखना न तो उनके हित में है और न ही वैश्विक समुदाय के हित में। इसलिए दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर लौटने की दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए। क्योंकि सभी समस्याओं का हल युद्ध से नहीं, कूटनीति से ही निकलता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगातार हमलों की धमकी देना और फिर ईरान द्वारा पलटवार करना स्थिति को और पेचिदा बना रहा है। ट्रंप लाख दावा करें कि उन्होंने ईरान को इतना कमजोर कर दिया है कि वो सरेंडर कर देगा, लेकिन यह हकीकत नहीं है। अमेरिका के हर हमले का ईरान ने तगड़ा जवाब दिया है। हालांकि इन हमलों की कीमत खाड़ी के देशों को चुकानी पड़ रही है। चूंकि इन देशों में अमेरिका के बेस हैं। इसी वजह से ईरान उन देशों को निशाना बना रहा है। ऐसे में अब खाड़ी देशों को भी अपनी सुरक्षा नीति बदलनी होगी और अमेरिका पर निर्भरता घटाकर अपनी सेनाओं को मजबूत करना होगा। इन देशों ने अमेरिका की सेना को लौटा दिया तो यह अमेरिका के लिए और शर्मनाक बात होगी। बेहतर हो कि एक बार फिर शांति की पहल हो और इस मामले का समाधान भी वार्ता के जरिये किया जाए। दोनों ही पक्षों को संयम दिखाने की जरूरत है, तभी इस मुद्दे का समाधान हो पाएगा। वर्तमान परिस्थितियों में सबसे बड़ी आवश्यकता संयम, संवाद और शांति की है। युद्ध केवल विनाश, अस्थिरता और मानवीय त्रासदी को जन्म देता है, जबकि कूटनीति स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त करती है। अमेरिका और ईरान सहित सभी संबंधित पक्षों को यह समझना होगा कि वैश्विक शांति और आर्थिक स्थिरता किसी भी सैन्य विजय से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए समय की मांग है कि दोनों देश टकराव की राह छोड़कर वार्ता का रास्ता अपनाएं। यह न केवल उनके लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए सबसे बेहतर और जिम्मेदार विकल्प होगा।



केंद्र के 12 वर्ष

डॉ. सतीश पूनियां

# नए और सशक्त भारत का उदय

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में भारत ने एक विकसित, आत्मविश्वास से लबरेज और दुनिया की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान कायम की है। भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान की गाथाएं दुनिया की जुबान पर हैं। अब वह दौर नहीं रहा, जब आतंक फैलाने वाले मुल्क को देश में आतंकी घटनाओं में उसकी स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद दंडित करने के स्थान पर उसको डोजियर सौंपा जाए। अब सीधी और स्पष्ट कार्रवाई होती है। यह सब संभव हुआ है एक कुशल, विजनरी और राष्ट्र प्रथम की भावना वाले नेतृत्व के कारण। आज का भारत एक आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, जो वैश्विक पटल पर महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ा चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में भारत ने एक विकसित, आत्मविश्वास से लबरेज और दुनिया की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान कायम की है। भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान की गाथाएं दुनिया की जुबान पर हैं। अब वह दौर नहीं रहा, जब आतंक फैलाने वाले मुल्क को देश में आतंकी घटनाओं में उसकी स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद दंडित करने के स्थान पर उसको डोजियर सौंपा जाए। अब सीधी और स्पष्ट कार्रवाई होती है। यह सब संभव हुआ है एक कुशल, विजनरी और राष्ट्र प्रथम की भावना वाले नेतृत्व के कारण।

मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार यह जानती थी कि दुनिया के सामने खड़ा होना है तो हमें पहले आर्थिक ताकत बनना होगा। भारतीय नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त करना होगा। पिछले बारह वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों को सशक्त करने का काम किया है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में जब पूरी दुनिया मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध की आग से झुलस रही है, उस दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 की उत्साहजनक वार्षिक वृद्धि दर से आगे बढ़ रही है। ये आंकड़े ही साफ संकेत देते हैं कि देश के नागरिकों और दुनिया के निवेशकों का भरोसा मोदी सरकार पर लगातार बना हुआ है। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र के साथ काम आरंभ किया। इसका परिणाम आज देश के हर क्षेत्र में दिखाई देता है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश के सामाजिक और आर्थिक भूगोल को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना ने बैंकों को खुद लोगों तक पहुंचा दिया। कभी देश की आधी से अधिक आबादी औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से कटी हुई थी। मोदी सरकार ने इस खाई को पाटने के लिए मिशन मोड में काम किया और आज 58 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले जा चुके हैं। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को एक विजन दिया।

उन्होंने युवाओं से रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से उनको सपनों को पंख दिए। उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा किया। आज गांवों-शहरों में मुद्रा योजना के माध्यम से लाखों की संख्या में युवक स्वरोजगार के माध्यम से हजारों हाथों को काम दे रहे हैं। आंकड़े खुद इस योजना की सफलता की गवाही देते हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 57 करोड़ से अधिक मुद्रा ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। 40 लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे छोटे उद्यमियों के हाथों में सौंपी गई है। इसमें लगभग 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं और समाज के पिछड़े तबके से हैं। महंगी दवाओं और ईलाज को आसान बनाते हुए मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा को किफायती बना दिया गया है। देशभर में खुले हज़ारों जन औषधि केंद्रों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं बाज़ार मूल्य से पचास से नब्बे प्रतिशत तक कम



कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में कनेक्टिविटी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मोदी सरकार ने पिछले बारह वर्षों में 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' की गति और कवरेज में क्रांतिकारी बदलाव किया है। इन वर्षों में ग्रामीण कनेक्टिविटी को अभूतपूर्व गति देते हुए सात लाख किलोमीटर से अधिक लंबी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। इसका असर यह हुआ है कि इन बारहमासी सड़कों ने न केवल किसानों की फसलों को मंडियों तक आसानी से पहुंचाया है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को भी सुलभ किया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कार्य किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से 'जल जीवन मिशन' की घोषणा की और इसे एक जन-आंदोलन बना दिया। ग्रामीण इलाकों में पाइप से पानी का दायरा आज बढ़कर पंद्रह करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच चुका है। इस योजना ने ग्रामीण भारत, विशेषकर महिलाओं को पानी से होने वाली गंभीर बीमारियों से मुक्ति दी है। यह योजना 'ईज ऑफ लिविंग' का एक बेहतरीन उदाहरण है। कोविड महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया थम गई थी। लोगों के सामने भूखो मरने की नौबत आ गई थी, उस दौर में मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया कि देश का कोई भी गरीब परिवार भूखा न सोए। सौभाग्य से उस वक्त राजस्थान प्रदेश का भाजपा अध्यक्ष होने के नाते हमने प्रधानमंत्रीजी के निर्देशन में प्रदेश में यह सुनिश्चित किया कि पार्टी की तरफ से लोगों तक अधिक से अधिक सहायता पहुंचायी जाए। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत मुफ्त राशन की यह व्यवस्था आज भी अनवरत जारी है। देश के 81 करोड़ से अधिक नागरिकों को हर महीने मुफ्त खाद्यान्न प्रदान किया जा रहा है। हर सिर पर छत के मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अब तक चार करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण किया गया और उन्हें गरीब और बेघर परिवारों को सौंपा जा चुका है। हाल ही में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए योजना के अगले चरण को भी मंजूरी दे दी गई है। इसी तरह 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' के माध्यम से विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का फंड सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया। यह पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का सबसे बड़ा प्रमाण है।

मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों ने भारत से गरीबी उन्मूलन के कार्य को एक अभूतपूर्व गति दी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, आवास और स्वच्छता के मोर्चे पर चौतरफा सुधार के कारण पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी के जाल से बाहर आए हैं। 2014 से पहले स्वच्छता भारत की प्राथमिकताओं में कहीं पीछे छूट गई थी, लेकिन जब लाल किले से प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छ भारत मिशन' का आह्वान किया, देशभर में रिकॉर्ड समय के भीतर 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया। इससे ग्रामीण स्वच्छता का दायरा 2014 के 39 प्रतिशत से बढ़कर अब शत-प्रतिशत हो चुका है। यह केवल एक स्वच्छता अभियान नहीं था, बल्कि यह देश की करोड़ों महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और स्वास्थ्य से जुड़ा एक ऐतिहासिक सामाजिक सुधार आंदोलन था। देश के श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने 'ई-श्रम' पोर्टल और विभिन्न पेंशन तथा बीमा योजनाओं के माध्यम से उनको संरक्षण देने की पहल की। आज देश के 31 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में शामिल हो चुके हैं। आज का भारत एक आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, जो अपनी कमियों को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक पटल पर एक महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ा चुका है।

(लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता तथा हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बालश्रम निषेध दिवस

रोहित कौशिक



# प्रगतिशील दौर के बावजूद बचपन पर मंडराता खतरा


यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस प्रगतिशील दौर में भी बाल श्रम रुक नहीं रहा है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में दस श्रमिकों में से एक श्रमिक बच्चा है। बाल श्रम के विरोध में बने विभिन्न कानूनों के अतिरिक्त 2009 में बने 'शिक्षा का अधिकार' कानून के तहत भी बाल श्रम को बढ़ावा देने वाले लोगों को दंड का प्रावधान है। 'शिक्षा का अधिकार' कानून के तहत बच्चों को अपनी शिक्षा पूर्ण करने का अधिकार दिया गया है ताकि वे बाल श्रम से दूर रहकर अपनी इच्छानुसार भविष्य चुन सकें। इसके बावजूद ग्रामीण और शहरी इलाकों में बालश्रम को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। अनेक जगहों पर अभी भी छोटी बच्चियों को घर के काम के लिए रखा जाता है तो छोटे बच्चों से दुकानों, खेतों और अन्य स्थानों पर काम कराया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार पूरे विश्व में 152 मिलियन बच्चे बाल श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं, जिनमें से 7.3 फीसदी बच्चे भारत में बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं। विडम्बना यह है कि कोरोना काल ने बाल श्रमिकों को एक बड़े खतरे में डाल दिया है। बाल श्रम के कारण आज अनेक बच्चे कुपोषण और विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे हैं। अक्सर हम बाल श्रम का अर्थ बहुत ही सीमित सन्दर्भों में लगाते हैं। अगर बच्चों के दिमाग पर किसी भी रूप में कोई दुष्प्रभाव पड़ रहा है और उनके दिमाग को परम्परागत श्रम से अलग श्रम करना पड़ रहा है तो वह भी एक तरह का बाल श्रम ही है। दुःखद यह है कि हम इस परम्परागत बाल श्रम पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन अपरम्परागत बाल श्रम पर ध्यान नहीं देते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि टीवी पर दिखाई जाने वाली हिंसा से बच्चों के दिलो दिमाग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

आज अनेक ऐसे बच्चे हैं जो भूत और किसी अन्य भटकती आत्मा के भय से प्रताड़ना की जिंदगी जी रहे हैं। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च ने बच्चों पर मीडिया के कुप्रभाव का व्यापक सर्वेक्षण कराया था। पांच शहरों में कराए गए इस सर्वेक्षण से यह निष्कर्ष सामने आया था कि हिंसा और भय वाले कार्यक्रमों के कारण बच्चों पर गहरा भावनात्मक असर पड़ता है जो आगे चलकर उनके भविष्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विडम्बना यह है कि अब जलवायु परिवर्तन भी बच्चों को अपना शिकार बना रहा है। पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 2.3 अरब बच्चों में से लगभग 69 करोड़ बच्चे जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में रहते हैं, जिसके चलते उन्हें उच्च मृत्यु दर, गरीबी और बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 53 करोड़ बच्चे बाढ़ और उष्णकटिबंधीय तूफानों से सर्वाधिक प्रभावित देशों में रहते हैं। गौरतलब है कि इनमें से ज्यादातर देश एशिया में हैं। करीब 16 करोड़ बच्चे सूखे से गम्भीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में पल-बढ़ रहे हैं। इन क्षेत्रों में से ज्यादातर अफ्रीका में हैं। अब ज्यादा या कम वजन होने का अर्थ भी कुपोषण ही है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में करीब 70 करोड़ बच्चे कुपोषण की चपेट में हैं। यह जरूर है कि वैश्विक स्तर पर कुपोषित बच्चों की संख्या में पहले की अपेक्षा कमी आई है लेकिन लैंसेट की एक रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में कुपोषण की स्थिति और खतरनाक होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। बीमारी के साथ-साथ ऐसे अनेक कारण हैं जिनके कारण बीमार बच्चों का समय से ठीक होना सम्भव नहीं हो पाता। कई बार ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं भी ठीक ढंग से उपलब्ध नहीं हो पाती हैं।

पिछड़े इलाकों में स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई का भी अभाव रहता है। जलवायु परिवर्तन इन्हीं सब कारकों को बढ़ाकर बच्चों के लिए अनेक समस्याएं पैदा करता है। आज की महानगरीय जीवन शैली में माता और पिता दोनों ही अपने-अपने कामों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में भी बच्चों की उचित एवं सम्पूर्ण देखभाल प्रभावित होती है। नौकर एवं किड गार्डन कुछ समय तक तो बच्चों की देखभाल कर सकते हैं, लेकिन समस्या तब आती है जब अत्यधिक व्यवस्तता के कारण माता-पिता बच्चों को मात्र इस व्यवस्था के सहारे ही छोड़ देते हैं। ऐसे में बच्चों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। बच्चों के लालन पोषण के लिए मात्र सुख सुविधाओं की ही आवश्यकता नहीं होती है बल्कि सबसे अधिक आवश्यकता होती है उस स्नेह की जो सच्चे अर्थों में उनके अन्दर एक विश्वास पैदा करता है। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है हम बाल श्रम के अर्थ को व्यापक रूप से ग्रहण करें। इस प्रगतिशील दौर में हम बाल श्रम का पुराना अर्थ ही ग्रहण कर रहे हैं। बाल श्रम के विभिन्न स्वरूपों पर बात करके ही हम सच्चे अर्थों में बचपन बचा सकते है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित

दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

# कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित

प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा था कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया। वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकि मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो, आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर हो अमल

प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को खाने वाले तेल की मात्रा खाने में कम करने की अपील की है, क्योंकि इसका ज्यादा प्रयोग हमारे देश के धन को दूसरे देशों में भेजने में मदद करता है, हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत के करीब विदेशों से आता है, इनमें मुख्यतः ब्राजील, इंडोनेशिया आदि देश है। इसलिए सरकार ने अब देश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं को अमल में लाने पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन सवाल तो यह है कि आज तक इसके बारे मे क्यों गंभीरता नहीं दिखाई गई? यह तभी कामयाब होगा जब कृषि विभाग, किसान इसे कामयाब करने के लिए गंभीरता दिखाएंगे, तो देश में किसी भी खाने वाले तेल के दाम आसमान न छू पाएं और इनका ज्यादा से ज्यादा निर्यात करें, जिससे भारत की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक असर पड़े और किसानों की आय भी बढ़े। – *संदीप शुक्ला, धमतरी*

## करंट अफेयर

# यह युद्ध का युग नहीं है विदेश मंत्री जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी संघर्षों के बीच 'संवाद और कूटनीति' को ही एकमात्र समाधान बताया और भारत के इस रुख को दोहराया कि 'यह युद्ध का युग नहीं है।' जयशंकर ने बुधवार को अपनी बुल्गारियाई समकक्ष वेलिस्लावा पेट्रोवा–चमोवा के साथ बैठक के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा ' 'दुनिया इस समय अत्यंत अस्थिर और अनिश्चित दौर से गुजर रही है। कई बड़े संघर्ष जारी हैं, आर्थिक सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं, महामारी का हालिया अनुभव है और आतंकवाद का खतरा बार–बार सामने आ रहा है।' जयशंकर ने कहा, ' 'इन सभी मुद्दों पर भारत का स्पष्ट दृष्टिकोण है। हमारा मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। इन संघर्षों का एकमात्र समाधान संवाद और कूटनीति है।' उन्होंने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' की आवाज के रूप में भारत ने ऊर्जा, खाद्य और उर्वरक सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को लगातार उठाया है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। विदेश मंत्री ने कहा, जहां तक आर्थिक जोखिमों का सवाल है, उसका समाधान आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती तथा उसके और अधिक विविधीकरण में है।



## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग

जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा–बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।



## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



'काकोरी ट्रेन एक्शन' के महानायक और स्वतंत्रता संग्राम के अमर क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मातृभूमि के प्रति आपका अद्वितीय समर्पण सभी को राष्ट्र सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### भारत की संप्रभुता



मोदी ने भारत की संप्रभुता, सम्मान और नागरिकों की जान पूरी तरह से ट्रंप के हवाले कर दी है। भारत को एक मजबूत प्रधानमंत्री की जरूरत है। ट्रंप को हमारे देश और हमारे लोगों के साथ अपनी मर्जी से कुछ भी करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक



राजस्थान में बिगड़ती स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिशनराम और शहरी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन गोपाल के नेतृत्व में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक और निंदनीय है।

-**अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

### गंभीर चुनौतियां



आज देश महंगाई, बेरोज़गारी, परीक्षा में धांधली और सामाजिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विवादों ने लाखों युवाओं और उनके परिवारों का भरोसा डगमगा दिया है।

-**मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

बहुभाषी चैटबॉट सभी भारतीय भाषाओं में मुफ़्त और अनुसंधान आधारित देता है सलाह

# तिलहन किसानों के लिए शक्तिशाली टूल के रूप में उभर में उभर रही है

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली




◆ 'ऑयलसीड्स किसान मित्र'– आईसीएआर-आईआईओआर और सहयोगी संस्थानों की ओर से बहुभाषी, अनुसंधान आधारित सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध होने वाली सेवा

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की जानकारी के अनुसार आईसीएआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ ऑयलसीड्स रिसर्च (आईसीएआर-आईआईओआर), हैदराबाद द्वारा विकसित वाट्सऐप-आधारित एआई परामर्श सेवा 'ऑयलसीड्स किसान मित्र' एक शक्तिशाली टूल के रूप में उभर रही है। यह सेवा तिलहन की खेती के बारे में भरोसेमंद और अनुसंधान आधारित जानकारी सीधे किसानों के मोबाइल फ़ोन पर, कभी भी और उनकी अपनी भाषा में उपलब्ध कराती है। इस सेवा को 6 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय तिलहन सम्मेलन के दौरान डीएआरई सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक ने शुरू किया था। यह आईसीएआर की उस प्रतिबद्धता को दिखाता है जिसके तहत वह खेती करने वाले समुदाय के सीधे फ़ायदे के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहा है। यह पहल भारत के किसी भी तिलहन किसान को बिना कोई अतिरिक्त ऐप डाउनलोड किए, सीधे वट्सऐप के ज़रिए मुफ़्त, भरोसेमंद और तुरंत फ़सल संबंधी सलाह पाने में मदद करती है; वट्सऐप एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जिससे लाखों किसान पहले से ही परिचित हैं।

### किसी भी भारतीय भाषा में सवाल पूछ सकते

मंत्रालय के अनुसार किसान वाट्सऐप पर +91 4024598180 नंबर को 'ऑयलसीड्स किसान मित्र' के तौर पर सेव कर सकते हैं और मूंगफली, सरसों, तिल, सूरजमुखी, सोयाबीन, नाइजर और अन्य तिलहन फ़सलों के बारे में किसी भी भारतीय भाषा में सवाल पूछ सकते हैं। एआई-पावर्ड चैटबॉट किस्म के चयन, फ़सल प्रबंधन, कीट और रोग नियंत्रण, सिंचाई और कटाई के बाद की प्रक्रियाओं पर अनुसंधान-आधारित सलाह के साथ तुरंत जवाब देता है। यह सर्विस हफ़्ते के सातों दिन, 24 घंटे मुफ़्त उपलब्ध है। आईसीएआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ ऑयलसीड्स रिसर्च, हैदराबाद के निदेशक डॉ. आर.के. माथुर ने बताया कि 'ऑयलसीड्स किसान मित्र' आईसीएआर के तिलहन से जुड़े अनुसंधान का ऐसा पहला प्रयास है, जो देश के हर किसान तक उनकी अपनी भाषा में और ऐसे प्लेटफ़ॉर्म पर पहुँचाया गया है जिसका वे पहले से इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें आईसीएआर-आईआईओआर, एनएसआरआई, आईआईजीआर, आईआईआरएमआर और पीसी-यूनिट (तिल और नाइजर) की वैज्ञानिक जानकारी को वट्सऐप पर एक बहुभाषी एआई एजेंट के साथ जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि हमने लैब और किसान के खेत के बीच दूरी, भाषा और लागत की पुरानी रुकावटों को दूर कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि खरीफ़ की बुवाई शुरू होने के साथ ही, हम सभी तिलहन किसानों और दूसरे साझेदारों से अपील करते हैं कि वे 'किसान मित्र' को सेव करें और सातों दिन 24 घंटे अपने सवाल पूछें।

### ऑयलसीड्स किसान मित्र तक कैसे पहुँचें

स्टेप 1: अपने फ़ोन में +91 40245 98180 को 'आयलसीड किसान मित्र' के तौर पर सेव करें।

**स्टेप 2:** वाट्सऐप खोलें और अपनी पसंदीदा भारतीय भाषा में मैसेज भेजें।

**स्टेप 3:** अपनी तिलहन फ़सल के लिए अनुसंधान पर आधारित सलाह तुरंत और मुफ़्त में पाएँ, जो सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध है।

### यह कैसे काम करता है

एडवांस्ड एआई और कई आईसीएआर संस्थानों की मिली-जुली वैज्ञानिक जानकारी से बने मज़बूत नॉलेज बेस का इस्तेमाल करके, 'ऑयलसीड्स किसान मित्र' क्षेत्रीय भाषाओं में टाइप किए गए या भेजे गए सवालों को समझता है और फसल के हिसाब से सटीक जवाब देता है। किसानों को किसी खास ऐप या इंटरनेट ब्राउज़र की ज़रूरत नहीं है; बस जाने-पहचाने वट्सऐप इंटरफ़ेस की ज़रूरत है। यह चैटबॉट फसल के पूरे चक्र को कवर करता है, जिसमें किस्म का चुनाव, खेती के तरीके, कीट और बीमारी से बचाव, सिंचाई का समय तय करना, और फसल कटाई के बाद की सलाह और बीज की उपलब्धता शामिल है।

नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रखा विकसित छत्तीसगढ़ का विजन

# बस्तर में दूध, खेतों तक पानी, युवाओं को काम और गांवों को नई पहचान देने की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली




छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में नक्सलवाद से मुक्त बस्तर की नई तस्वीर देश के सामने रखी। उन्होंने कहा कि दशकों तक हिंसा की मार झेलने वाला बस्तर अब आर्थिक पुनरुत्थान, रोजगार, शिक्षा, पर्यटन और कृषि आधारित विकास का मॉडल बनेगा।

मुख्यमंत्री ने बैठक में बस्तर के आदिवासी परिवारों की आय दोगुनी करने, दुग्ध क्रांति लाने, 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करने, पर्यटन को बड़े उद्योग के रूप में विकसित करने तथा एआई और सेमीकंडक्टर जैसे आधुनिक क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने की व्यापक कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस बैठक में केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**युवाओं को रोजगार से जोड़ रहे:** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर अब नई पहचान की ओर बढ़ रहा है। वहां दूध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है, खेतों तक पानी पहुंचाने की योजनाएं बनाई जा रही हैं, गांवों में डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगले तीन वर्षों में बस्तर के परिवारों की मासिक आय बढ़ाकर 30 हजार रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में बस्तर के लगभग 85 प्रतिशत परिवारों की मासिक आय 15 हजार रुपये से कम है। सरकार खेती, पशुपालन, वन उपज, छोटे उद्योग और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने पर काम कर रही है।

**बस्तर में डेयरी मॉडल लागू कर रहे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में "डेयरी मॉडल" को तेजी से लागू किया जा रहा है। इसके तहत आदिवासी परिवारों को दुधारू गाय और भैंस उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। इसका उद्देश्य गांवों में स्थायी आय का स्रोत तैयार करना है। इस पहल से महिलाओं और युवाओं को रोजगार मिलेगा तथा गांवों में डेयरी केंद्र, दूध संग्रहण, परिवहन और स्थानीय बाजार जैसी नई आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि सिंचाई सुविधा बढ़ाने के लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले दो बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं से 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इंद्रावती नदी क्षेत्र में सालभर पानी उपलब्ध होने से खेती बेहतर होगी, उत्पादन बढ़ेगा और किसान धान के साथ-साथ सब्जियां, फल तथा अन्य नकदी फसलें भी उगा सकेंगे।

**36 लाख लोगों की डिजिटल हेल्थ प्रोफाइल तैयार:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए लगभग 36 लाख लोगों की डिजिटल हेल्थ प्रोफाइल तैयार की जा रही है। इससे मरीजों के इलाज, बीमारी और दवाओं का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा तथा डॉक्टरों को समय पर सही जानकारी मिल सकेगी।

इसका सबसे अधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्रों, महिलाओं और बुजुर्गों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि बस्तर में बने लगभग 200 सुरक्षा शिविरों को अब "सेवा डेरा" के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को राशन, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बैंकिंग, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की 371 योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

**पर्यटन रोजगार का बड़ा माध्यम बनेगा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चित्रकोट और बौद्ध धर्म से जुड़े तीर्थस्थल सिरपुर को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित कर रही है। बस्तर में वॉटर स्पोर्ट्स, एडवेंचर स्पोर्ट्स और जंगल सफारी जैसी गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा है, जबकि सिरपुर में ग्लोबल मेडिटेशन सेंटर, संग्रहालय और महानदी तट के विकास पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि पर्यटन रोजगार का बड़ा माध्यम बन सकता है। पर्यटकों के आने से होटल, परिवहन, गाइड, हस्तशिल्प, दुकानदारों और स्थानीय उद्यमियों को रोजगार मिलता है। बस्तर को वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने से हजारों युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**सेमीकंडक्टर की दो इकाइयां स्थापित होंगी:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार निवेश, सुशासन और तकनीक आधारित विकास को तेजी से आगे बढ़ा रही है। राज्य में 435 सुधार लागू किए गए हैं और सिंगल विंडो सिस्टम को मजबूत बनाकर निवेश के लिए बेहतर वातावरण तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में सेमीकंडक्टर क्षेत्र की दो आधुनिक इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और डिजिटल तकनीक के जरिए विकास का नया मॉडल तैयार किया जा रहा है। अबूझमाड़ और जगरगुंडा में 100 करोड़ रुपये की लागत से एजुकेशन सिटी विकसित की जा रही है। इसके साथ ही 341 पीएमश्री स्कूल, 5,857 स्मार्ट क्लासरूम और 16 स्थानीय भाषाओं में द्विभाषी पुस्तकों के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

### 33 लाख से अधिक किसान डिजिटल सेवाओं से जुड़े

मुख्यमंत्री ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत 33 लाख से अधिक किसानों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ा गया है। डिजिटल द्वार प्लेटफॉर्म और अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी और सरल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सरकार ने एआई मिशन, पर्यटन मिशन, खेल मिशन, अधोसंरचना मिशन और स्टार्टअप-निपुण मिशन शुरू किए हैं। इन मिशनों से युवाओं को रोजगार, तकनीक और उद्यमिता के नए अवसर मिलेंगे तथा छत्तीसगढ़ को नवाचार और निवेश के अग्रणी राज्यों में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के तहत छत्तीसगढ़ में उद्योग, निवेश और निर्यात को नई गति मिली है। खेल सामग्री, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, बायो-एथेनॉल, गारमेंट और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन इंडस्ट्रीज को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना से राज्य के स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार मिल रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में फरवरी 2026 तक 761.76 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ, जिसमें खुशबूदार चावल का सबसे बड़ा योगदान रहा। इससे किसानों, कारीगरों और उद्यमियों की आय में वृद्धि हो रही है।




बोले केंद्रीय मंत्री, भारत के युवा 2047 के विकसित भारत के पीछे छिपी हुई ताकत के प्रतीक हैं

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने की छत्तीसगढ़ के छात्र प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को राजधानी में छत्तीसगढ़ के छात्र प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की है। जिसमें अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के युवा वर्ष 2047 के विकसित भारत संकल्प के पीछे छिपी हुई असली ताकत का प्रतीक हैं। केंद्र सरकार के इस महत्वपूर्ण विजन में योगदान करने के लिए प्रधान ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह अपने नवाचार, आंत्रप्रेन्योरशिप, सामुदायिक भागीदारी और सामाजिक जिम्मेदारी के तहत आगे आ सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने देश के विकास में युवाओं की भूमिका का उल्लेख करते हुए उनसे यह अपील की कि वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से तैयार किए गए अवसरों का लाभ उठाएं। केंद्रीय मंत्री की केंद्रीय भारत के इस महत्वपूर्ण राज्य के छात्रों से हुई यह मुलाकात युवा संगम फेज-6 कार्यक्रम के तहत हुई। जिसमें छात्रों ने शिक्षा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण को लेकर शिक्षा मंत्री से जरूरी मार्गदर्शन लिया।

### 13 जून तक चलेगा कार्यक्रम

युवा संगम एक ऐसा कार्यक्रम है। जो छात्रों को कक्षाओं और किताबों से इतर भारत को जानने, समझने का अवसर प्रदान करता है। इसकी मदद से उन्हें देश की सांस्कृतिक विविधता, विकास से जुड़े कार्यों, कदमों और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को भी समझने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों के छात्रों से मुलाकात करने पर एक प्रकार से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सोच और अधिक प्रगाढ़ होती है। कार्यक्रम में मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ.विनीत जोशी व कुछ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। डॉ.जोशी ने भी छात्रों को संबोधित किया। छत्तीसगढ़ के छात्र प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई आईआईटी भिलाई ने की और यहां नई दिल्ली में 8 से 13 जून तक आईआईटी दिल्ली इस कार्यक्रम के माध्यम से उनकी मेजबानी करेगी। अपनी यात्रा के दौरान छात्र कई महत्वपूर्ण संस्थानों, विकास परियोजनाओं और दिल्ली के प्रमुख स्थलों का भ्रमण करेंगे। जहां उन्हें प्रत्यक्ष अनुभव हासिल होगा।

# बेरोजगारी, पेपर लीक, महंगाई और सामाजिक न्यायः केंद्र के खिलाफ कांग्रेस का बिगुल, देशव्यापी अभियान का ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार के नामांकन पत्र खारिज किए जाने को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी ने साथ ही बेरोजगारी, पेपर लीक, महंगाई और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को लेकर देशव्यापी जन अभियान शुरू करने की घोषणा की है। आज। देश भर से जुटे वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ बैठक के बाद दो महीने तक लगातार विभिन्न राज्यों में ब्लॉक स्तर तक के आंदोलन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

माना जा रहा है जिस तरह राज्यों में क्षेत्रीय दलों की दुर्दशा हो रही है कांग्रेस के रणनीतिकार इसे मुफीद समयान रहे हैं जब कांग्रेस पार्टी को नए सिरे से मजबूती दी जाए। कार्यकर्ताओं को घर से निकाला जाए। संगठन को ऊर्जा से भरा जाये।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खागे खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अध्यक्षता में हुई पार्टी की बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव, संगठन, केसी वेणुगोपाल ने कहा कि बैठक में देश के लोगों के सामने मौजूद विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गई। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन 'झूठे आधारों' पर खारिज किया गया, जबकि भाजपा समर्थित एक कॉरपोरेट उम्मीदवार का नामांकन स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने इसे 'सीट चोरी की कोशिश' करार देते हुए कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा के लिए कानूनी और राजनीतिक दोनों स्तरों पर संघर्ष जारी रखेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार की असुरक्षा ने युवाओं, विशेषकर नई पीढ़ी की उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है।

उन्होंने दावा किया कि आर्थिक चुनौतियों के कारण आम परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग भेदभाव और उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस जल्द ही देशव्यापी अभियान शुरू करेगी। पार्टी बूथ और ब्लॉक स्तर से लेकर संसद तक विभिन्न वर्गों को संगठित कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जनमत तैयार करेगी।

टोरंटो स्थित वाणिज्य दूतावास ने जारी की सुरक्षा सलाह

# कनाडा में बढ़ीं भारतीय छात्रों की डूबने की घटनाएं, भारतीय दूतावास ने जारी की चेतावनी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कनाडा में भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से भारतीय छात्रों की डूबने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने सुरक्षा सलाह जारी की है। दूतावास ने भारतीय नागरिकों से झीलों, नदियों, समुद्र तटों और अन्य जलाशयों के आसपास अत्यधिक सतर्कता बरतने तथा स्थानीय सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। गुरुवार को जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि हाल के दिनों में कनाडा में भारतीय नागरिकों के डूबने के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। विशेष रूप से भारतीय अंतरराष्ट्रीय छात्रों को सलाह दी गई है कि वे अपरिचित या असुरक्षित जल क्षेत्रों में प्रवेश करने से बचें और जहां आवश्यक हो वहां लाइफ जैकेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। दूतावास ने सभी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया है।

हरिभूमि सरोकार

**आखिर क्यों जारी करनी पड़ी यह चेतावनी ?:** कनाडा में हर वर्ष बड़ी संख्या में भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए पहुंचते हैं। इनमें से अधिकांश छात्र पंजाब, गुजरात, हरियाणा और अन्य राज्यों से आते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ छात्र सप्ताहांत या छुट्टियों के दौरान झीलों, नदियों और समुद्री तटों पर घूमने जाते हैं। कई मामलों में तैराकी का पर्याप्त अनुभव न होना, स्थानीय जल परिस्थितियों की जानकारी का अभाव, तेज धाराओं का गलत आकलन तथा सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल न करना हादसों का कारण बन जाता है। कनाडा की कई झीलें और नदियां देखने में शांत प्रतीत होती हैं, लेकिन उनमें अत्यधिक ठंडा पानी, अचानक गहराई बढ़ना और तेज अंडरकरंट जैसी परिस्थितियां मौजूद रहती हैं। ऐसे में अनुभवी तैराक भी मुश्किल में पड़ सकते हैं।

**पहले भी जारी हो चुकी हैं ऐसी चेतावनियां:** वर्ष 2022 में भी ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने भारतीय छात्रों की डूबने से हुई मौतों के बाद एडवाइजरी जारी कर छात्रों से बिना लाइफ जैकेट के झीलों और नदियों में न उतरने तथा शराब या नशीले पदार्थों के सेवन के बाद जल गतिविधियों से दूर रहने की अपील की थी। उस समय दो भारतीय छात्रों की डूबने से मौत की घटनाएं सामने आई थीं।

**भारतीय छात्रों की बढ़ती संख्या और सुरक्षा चुनौती:** कनाडा में भारतीय मूल के लोगों और भारतीय छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में युवा पहली बार विदेश में स्वतंत्र जीवन जीते हैं, जिसके कारण स्थानीय नियमों और सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता की कमी कभी-कभी गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बनती है।

ऑनलाइन जॉब के नाम पर बेरोजगार युवाओं को बनाता था निशाना

# थाईलैंड से भारत लाया गया साइबर ठगी का मास्टरमाइंड, सीबीआई को बड़ी सफलता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



सीबीआई ने विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास के सहयोग से साइबर अपराध के आरोपी गणेश बालासो काले को थाईलैंड से भारत वापस लाने में बड़ी सफलता हासिल की है।

आरोपी को 10 जून को थाईलैंड से निर्वासित कर भारत लाया गया। सीबीआई के अनुसार, गणेश बालासो काले एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का संचालन करता था। आरोपी पर लोगों को ऑनलाइन पार्ट-टाइम नौकरी का झांसा देकर निवेश के नाम पर रकम जमा कराने और बाद में उनसे धोखाधड़ी करने का आरोप है। जांच में सामने आया कि वह कई व्यक्तियों को बैंक खातों के इस्तेमाल के बदले ब्याज और कमीशन का लालच देता था तथा इन खातों के माध्यम से ठगी की रकम का लेन-देन करता था।

आरोपी पर यह भी आरोप है कि उसने अपने सहयोगियों को फर्जी सिम कार्ड और मोबाइल फोन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे, जिनका इस्तेमाल साइबर अपराधों को अंजाम देने में किया जाता था। सीबीआई ने बताया कि इंटरपोल द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर आरोपी का पता थाईलैंड में लगाया गया।

थाई अधिकारियों ने उसे 24 मई को बैंकॉक में हिरासत में लिया था। इसके बाद भारत और थाईलैंड की एजेंसियों के बीच समन्वय तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद आरोपी को भारत निर्वासित कर दिया गया।

विशेष बात यह है कि आरोपी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस मई 2026 में जारी किया गया था और महज लगभग 20 दिनों के भीतर उसे खोजकर गिरफ्तार कर भारत वापस लाया गया। इसे भारतीय और थाई एजेंसियों के बीच प्रभावी अंतरराष्ट्रीय सहयोग का उदाहरण माना जा रहा है। आरोपी 11 जून को मुंबई पहुंचा, जहां महाराष्ट्र पुलिस की साइबर सेल ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया। मामले में आगे की जांच जारी है। सीबीआई ने बताया कि भारत में इंटरपोल की राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) के रूप में वह 'भारतपोल' मंच के जरिए देश की विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करती है। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से 160 से अधिक वांछित अपराधियों को विदेशों से भारत वापस लाया जा चुका है।

# जॉर्जिया से भारत लाया गया हरियाणा का कुख्यात गैंगस्टर वेंकट गर्ग - हत्या और रंगदारी के कई मामलों में था वांछित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



सीबीआई ने विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और हरियाणा पुलिस के साथ समन्वय से कुख्यात गैंगस्टर वेंकट गर्ग को जॉर्जिया से भारत प्रत्यर्पित कराने में सफलता हासिल की है। आरोपी को 11 जून, गुरुवार को भारत लाया गया। सीबीआई के अनुसार, वेंकट गर्ग हरियाणा पुलिस के कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी वसूली, संगठित अपराध तथा अवैध हथियारों के इस्तेमाल से जुड़े अनेक मामले दर्ज हैं। जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अदालत से जमानत मिलने के बाद वह कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए फरार हो गया और देश छोड़कर विदेश भाग गया।

इसके बाद हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर नई दिल्ली स्थित इंटरपोल की राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) ने इंटरपोल के माध्यम से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी कराया।रेड नोटिस जारी होने के बाद आरोपी की लोकेशन जॉर्जिया में चिन्हित की गई, जहां स्थानीय अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद भारत सरकार की ओर से जॉर्जिया को औपचारिक प्रत्यर्पण अनुरोध भेजा गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत जॉर्जियाई अधिकारियों ने आरोपी के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी। सीबीआई ने बताया कि जॉर्जिया के अधिकारियों के साथ सक्रिय समन्वय के तहत हरियाणा पुलिस की एक विशेष एस्कॉर्ट टीम जॉर्जिया पहुंची, जहां आरोपी को विधिवत टीम के हवाले किया गया।

इसके बाद पुलिस टीम आरोपी को लेकर गुरुवार को दिल्ली पहुंची। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी को अब हरियाणा पुलिस की अभिरक्षा में लेकर उससे पूछताछ की जाएगी तथा उसके खिलाफ लंबित मामलों की जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। सीबीआई ने कहा कि भारत में इंटरपोल की राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के रूप में वह 'भारतपोल' के माध्यम से देश की सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करती है और इंटरपोल चैनलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग सुनिश्चित करती है।

विभिन्न एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से पिछले कुछ वर्षों में 160 से अधिक वांछित अपराधियों को विदेशों से भारत वापस लाया जा चुका है। सीबीआई और हरियाणा पुलिस की इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपराधियों के खिलाफ बढ़ते सहयोग और प्रभावी कानून प्रवर्तन का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।

## वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

# सरकार ने 30 फीसदी तक एथेनॉल मिले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क किया 'शून्य'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने अब अधिक एथनॉल मिले पेट्रोल पर भी उत्पाद शुल्क हटा दिया है। वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। अधिसूचना के तहत 22 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 27 प्रतिशत और 30 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को शून्य कर दिया गया है। अभी यह छूट सिर्फ 20 प्रतिशत एथनॉल मिले पेट्रोल पर उपलब्ध थी। अधिकारियों ने बताया कि इस कदम को खुदरा बाजार में उच्च एथनॉल मिश्रण के तत्काल लागू होने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। ईंधन डिपो पर पेट्रोल में एथनॉल मिलाने को एक विनिर्माण गतिविधि माना जाता है जिस पर अन्यथा उत्पाद शुल्क लग सकता है। इसलिए यह छूट एक नियामकीय आवश्यकता है।

### एथेनॉल मिश्रणों पर कर छूट का विस्तार

वित्त मंत्रालय ने 20 प्रतिशत (ई20) तक एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पर यह छूट पहले से ही दे रखी है। अधिकारियों ने बताया कि ई22 (22 प्रतिशत एथनॉल और 78 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण), ई25, ई27 और ई30 मिश्रणों तक कर छूट का विस्तार एक प्रारंभिक कदम है जो भविष्य में उच्च एथनॉल-युक्त ईंधन की किसी भी संभावित शुरुआत को सुगम बनाएगा। किसी भी तरह के क्रियान्वयन से पहले व्यापक परीक्षण और परामर्श के बाद ही इसे लागू किया जाएगा।

### उत्पाद शुल्क से छूट ऐतिहासिक निर्णय

एआईडीए के अध्यक्ष एस. विजेंद्र सिंह ने बयान में कहा, '' ई22 से ई30 मिश्रणों को उत्पाद शुल्क से छूट देना एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो यह संकेत देता है कि भारत ई20 से आगे बढ़ने और अपने जैव ईंधन अभियान के अगले चरण को अपनाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, '' यह एक मजबूत संदेश देता है कि सरकार ऊर्जा आत्मनिर्भरता, किसानों की समृद्धि और स्वदेशी जैव ईंधन के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है।'




### खास बातें

- उत्पाद शुल्क 22, 25, 27 और 30 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण पर किया गया
- अभी यह छूट 20 प्रतिशत एथेनॉल मिले पेट्रोल पर उपलब्ध थी
- भारत का आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने की दिशा में प्रयास

### ग्राहकों को प्रोत्साहित करने दी गई छूट

अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा कि 22 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 27 प्रतिशत और 30 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 'शून्य' होगा। यह उत्पाद शुल्क छूट ग्राहकों को एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दी गई है। मई के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद यह कदम उठाया गया है।

### कच्चे तेल पर निर्भरता कम होगी

यह कदम एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाया गया है, क्योंकि भारत आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने और अपने ऊर्जा मिश्रण में जैव ईंधन की हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। यह अधिसूचना ऐसे समय में आई है जब ईंधन की कीमतों पर दबाव बना हुआ है।

## केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जैसलमेर के रामगढ़ में 20 किलोवॉट के एफ.एम. ट्रांसमीटर का वर्चुअल माध्यम से आकाशवाणी जयपुर से किया उद्घाटन

**जयपुर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज आकाशवाणी जयपुर परिसर से जैसलमेर के रामगढ़ में 20 किलोवॉट के एफ.एम. ट्रांसमीटर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इसके साथ ही प्रदेश में एफएम ट्रांसमीटर की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। रामगढ़ ट्रांसमीटर से सीमांत क्षेत्र में 80 किमी की परिधि में रेडियो प्रसारण सुनिश्चित हो सकेगा। इससे लोगों को सुचना और शिक्षा के साथ ही मनोरंजन के विविध कार्यक्रम सुनने को मिलेंगे। इस मौके पर श्री वैष्णव ने अपने संबोधन में प्रसार भारती का कलेवर बदलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में रेडियो प्रसारण की प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए डिजिटल फर्स्ट और हाईपर लोकल के मंत्र के साथ इस मुहिम को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने सिस्टम के इस ट्रांसफॉर्मेशन के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय कलाकारों और कारीगरों को भी प्रसारण से जोड़ने की बात कही। केंद्रीय मंत्री ने जयपुर में बनने वाले एआई डेटा सेंटर का जिक्र करते हुए इससे भविष्य की नींव बताया। उन्होंने प्रदेश में किए जा रहे रेलवे विकास का भी ब्यौरा दिया। श्री वैष्णव ने कहा कि पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में रेल बजट के नाम पर महज 600 करोड़ की राशि मिलती थी। जिससे 15 गुना बढ़ाकर 10 हजार करोड़ रूपए किया गया है।




## श्री अश्विनी वैष्णव ने एमएनआईटी जयपुर में एडवांस्ड क्वांटम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब बनाने की घोषणा की

**जयपुर।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, रेलवे और सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNIT), जयपुर में एक एडवांस्ड क्वांटम कंप्यूटिंग और क्वांटम कम्युनिकेशंस लैब स्थापित करने की घोषणा की। यह लैब इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के इलेक्ट्रॉनिक्स और ICT एकेडमिक प्रोजेक्ट के तहत स्थापित की जाएगी। यह क्वांटम की डिस्ट्रिब्यूशन (QKD), क्वांटम कंप्यूटिंग सिमुलेशन और क्वांटम सेंसिंग हार्डवेयर कंपोनेंट्स के क्षेत्र में स्वदेशी क्षमताएं विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जहां मौजूदा तकनीकी लहर AI से प्रेरित है, वहीं अगली बड़ी तकनीकी लहर का नेतृत्व क्वांटम टेक्नोलॉजी करेगी। मंत्री ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत किया जाने वाला काम देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।






### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनय पवार, पुत्रः संदीप पवार, पताः सी–29, हाजरा पार्क, चंदर नगर, जगतपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 34/2013, U/s 25/27/29 Arms Act & 120B IPC, पुलिस थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विनय पवार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विनय पवार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 34/2013, U/s 25/27/29 Arms Act & 120B IPC, पुलिस थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अभियुक्त **विनय पवार** से अपेक्षा की जाती है कि वो इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.07.2026** या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार – सुश्री प्रज्ञा गुप्ता
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पूर्वी जिला
DP/7450/Crime/2026 कमरा नं. 29, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली


## बढ़ी महंगाई से यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर 2.25% बढ़ाई




- ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी बड़ा कारण

एजेंसी ▶▶ फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)

यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने बृहस्पतिवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को बढ़ाकर 2.25 प्रतिशत कर दिया। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी से बढ़ती महंगाई के बीच ऐसा कदम उठाने वाला यह दुनिया का पहला प्रमुख केंद्रीय बैंक बन गया है। ईसीबी की दर-निर्धारण परिषद ने मानक ब्याज दर को दो प्रतिशत से बढ़ाकर 2.25 प्रतिशत कर दिया। यह दर पिछले एक वर्ष से दो प्रतिशत पर स्थिर थी। यह फैसला अगले सप्ताह होने वाली फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति बैठकों से पहले आया है। तेल की कीमतों में तेजी का प्रमुख कारण ईरान द्वारा होर्मुज़ जलडमरूमध्य से कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित किया जाना है।

## रुपया 50 पैसे की गिरावट के साथ 95.75 प्रति डॉलर

**मुंबई।** रुपया पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और डॉलर की मजबूती के बीच बृहस्पतिवार को 50 पैसे टूटकर 95.75 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी मुद्रा की निरंतर निकासी, घरेलू शेयर बाजारों के कमजोर रुख और डॉलर में मजबूती ने भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.55 प्रति डॉलर पर खुला। डॉलर के मुकाबले 95.55 से 95.76 के दायरे में कारोबार करते हुए अंततः यह 95.75 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 50 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 16 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.25 पर बंद हुआ था।

## एक माह में हिल-मेल की बड़ी उड़ान, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दी शुभकामनाएं

**उत्तराखंड।** आज हिल-मेल डिजिटल चैनल के एक माह पूर्ण होने के अवसर पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत जी ने हिल-मेल कार्यालय पहुंचकर अपना स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने हिल-मेल टीम के सभी सदस्यों को सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में हिल-मेल ने जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाकर अपनी एक अलग पहचान बनाई है तथा हिल-मेल डिजिटल समाज और पहाड़ की आवाज को प्रभावी ढंग से सामने ला रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि हिल-मेल आने वाले समय में उत्तराखंड, पहाड़ और आम जनता की समस्याओं एवं अपेक्षाओं की एक सशक्त आवाज बनकर उभरेगा। उल्लेखनीय है कि 17 मई को हिल-मेल डिजिटल का शुभारंभ देश के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के करकमलों द्वारा हुआ था। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बहुत कम समय में ही हिल-मेल ने विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए लाखों लोगों तक अपनी पहुंच बनाई है। मात्र एक माह के भीतर हिल-मेल के यूट्यूब परिवार से 16 हजार से अधिक सदस्य जुड़ चुके हैं, जबकि 1.7 करोड़ (17 मिलियन) से अधिक लोग इसकी सामग्री देख चुके हैं। वहीं फेसबुक पर भी हिल-मेल का परिवार लगभग 2 लाख लोगों तक पहुंच चुका है। त्रिवेंद्र सिंह रावत जी का यह स्नेह और आशीर्वाद हिल-मेल परिवार के लिए नई ऊर्जा, प्रेरणा और जिम्मेदारी का संदेश है।

## आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 13,223 कर्मियों की नियुक्ति

**मुंबई।** देश के 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से आठ ने वित्त वर्ष 2025-26 में 13,223 कर्मचारियों की नियुक्ति की है, जिससे उनकी कुल कार्यबल संख्या 6.28 लाख से अधिक हो गई है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सबसे अधिक भर्तियां की हैं। बैंकों की वार्षिक रिपोर्ट से संकलित आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, इन आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल कर्मचारी बल 31 मार्च, 2026 को 6,28,203 रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 6,14,980 था। इन आठ बैंकों में एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, यूको बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र शामिल हैं।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी राहुल कुमार साह पुत्रः** श्री अरुण साह, **पताः** झुग्गी केडी कॉलोनी सेक्टर–12 आरके पुरम, नई दिल्ली **FIR No. 347/2025, Dt. 30.09.2025 U/s: 109,3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः आरके पुरम, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल कुमार साह,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल कुमार साह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राहुल कुमार साह, FIR No. 347/2025, Dt. 30.09.2025 U/s: 109,3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः आरके पुरम, नई दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सिद्धांत सिहाग
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी–02
कोर्ट कमरा नं. 7, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली
DP/7267/SW/2026
(Court Matter)



### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## खाड़ी तनाव से सेंसेक्स 151 अंक टूटा, निफ्टी भी रहा नुकसान में



**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स जहां 151 अंक टूट गया, वहीं एनएसई निफ्टी 53 अंक फिसल गया। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के साथ निवेशकों के सतर्क रुख अपनाये जाने से बाजार में गिरावट आई।विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और अमेरिका में महंगाई बढने से भी बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 150.63 अंक टूटकर 73,832.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 53.35 अंक की गिरावट के साथ 23,161.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, इटर्नल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | यूआईईटी एमडीयू रोहतक में पार्क के लिए बैंच सहित सीमेंटेड सरकुलर टेबल की आपूर्ति और खुली ड्रेन पर ड्रेन कवर का प्रावधान व फिक्सिंग तथा फुटपाथ को ऊपर उठाना। | 09.06.2026 01.07.2026 | रु. 17.29 लाख | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46110/I/88/7 दि. 11.06.26

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के अधिकार-क्षेत्र के तहत मौजूदा पारम्परिक स्ट्रीट लाइट्स को बदलना, नई एलईडी स्ट्रीट लाइट्स और सीसीएमएस की स्थापना (पुनः आमंत्रण)। | 10.06.2026 02.07.2026 | रु.3367.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46136/I/88/7 दि. 11.06.26

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | गंदे वर्षा के पानी के निपटान हेतु एमसी रोहतक में एचएसवीपी सेक्टर-1, 2, 3 और 4 में पाइप लाइन बिछाने हेतु आकलन। | 09.06.2026 30.06.2026 | रु. 5528.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | सोनीपत रोड, एम.सी. रोहतक में हुडा पार्क से शिवालिक प्रोपर्टीज निकट ताऊ नगर, गली नं. 18 तक ग्रीन बेल्ट का निर्माण (पुनः आमंत्रण) + 1 कार्य। | 09.06.2026 19.06.2026 | रु. 167.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | सेक्टर-4, वार्ड नं. 9, एम.सी. रोहतक में चारों तरफ रोड निकट तिकोना पार्क बिटुमिन रोड का निर्माण (पुनः आमंत्रण) | 09.06.2026 16.06.2026 | रु. 46.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/46113/I/88/7 दि. 11.06.26



### छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
### कार्यालय अधीक्षण अभियंता, बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

cProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**शुद्धि पत्र क्रमांक 02**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित नि.आ.सू. क्रमांक 05 / वलेलि / 26-27 सिस्टम निविदा क्र. 191017 (प्रथम आमंत्रण) ( जी - नंबर 262700858) दिनांक 20.05.2026 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

| Sl. No. | Particulars |
|---|---|
| 1 | Last Date & Time for Online Submission of Tender 11.06.2026 up to 17:30 Hours |
| 2 | Bid Opening Date & Time 12.06.2026 at 11:30 Hours |

उपरोक्त संशोधन का विवरण छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर ऑनलाइन भी देखा जा सकता है।
**टीप** :- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगीं।

कार्यपालन अभियंता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग,जगदलपुर
कृते अधीक्षण अभियंता
बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर
G-262701360/5


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## सोना 2,100 रुपये टूटा, चांदी के भाव स्थिर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के कारण सर्राफा बाजार में निवेशकों का उत्साह कम रहा और सोना 2,100 रुपये टूटकर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार के बंद भाव 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 2,100 टूटकर 1,53,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई। विश्लेषकों का कहना है कि पश्चिमी एशिया में लंबे समय से चल रहे तनाव ने ऊर्जा की ऊंची कीमतों और महंगाई को लेकर चिंता बढ़ा दी है, जिससे सोने के प्रति आकर्षण कम हुआ है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''मौजूदा गिरावट वृहद आर्थिक स्थिति और बाजार से जुड़े कई कारकों का नतीजा है। इनमें महंगाई को लेकर लगातार चिंता, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों में बदलाव और अमेरिकी डॉलर व बॉन्ड प्रतिफल की मजबूती शामिल है।'' चांदी के भाव 2,45,700 रुपये (सभी कर सहित) प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सर्राफा बाजार की कारोबारी धारणा दबाव में रही।

## शब्द पहेली - 6254




**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव (उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 6253 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | स | ह | यो | ग | ■ | अ | दा | व | त |
| र | क्स | ■ | रा | ■ | ग | रु | ड़ | ■ | न | र |
| ख | ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | म | ■ | क |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | चुं | गी | ■ | त | म | स |
| खा | ■ | मा | ■ | चा | बी | ■ | सी | ■ | ही | ■ |
| व | ल | या | का | र | ■ | प | रा | या | प | न |
| ■ | क | ■ | या | ■ | का | ल | ■ | द | ■ | क |
| द | वा | त | ■ | भ | ला | ■ | ■ | गा | य | ब |
| र | ■ | र | ज | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | ज |
| क | र | ■ | ल | ह | जा | ■ | र्जी | ■ | खा | न |
| ना | जा | य | ज | ■ | र | घु | ना | य | क | ■ |



फीफा विश्व कप 2026

# फुटबॉल की बादशाहत हथियाने 'जंग' शुरू 48 टीमों के बीच रहेगी कांटे की टक्कर

## भारतीय समयानुसार रात्रि 12.30 बजे से मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के मैच से शुरुआत

एजेसी ▶▶| मेक्सिको

फुटबॉल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल है और फीफा विश्व कप इसकी सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मानी जाती है। लगभग 100 साल के इतिहास में पहली बार इसका आयोजन 3 देशों- अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होगा। पहला मैच 12 जून को मेक्सिको सिटी में खेला जाएगा, जबकि फाइनल 20 जुलाई को अमेरिका के न्यू जर्सी में होगा। सभी की नजरें फुटबॉल के महाकुंभ पर होगी।

### 48 टीमें लेने वाली है हिस्सा

विश्व कप का आयोजन हर 4 साल में एक बार किया जाता है। 2026 का संस्करण टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा विश्व कप होगा, जिसमें 48 टीमें होंगी। टीमों को 4-4 के 12 ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक समूह की शीर्ष 2 टीमें सीधे अगले दौर यानी राउंड ऑफ 32 में पहुंचेंगी। जीत पर 3 अंक मिलेंगे, मैच ड्रॉ रहने पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलेगा, जबकि हारने वाली टीम को कोई अंक नहीं मिलेगा।



### मुकाबलों के लिए भी बदले गए नियम

राउंड ऑफ 32 में जगह बनाने वाली बाकी टीमें वे होंगी, जो अपने समूह में तीसरे स्थान पर रहेंगी और जिनका प्रदर्शन बेहतर होगा। इस चरण में 16 टीमें बाहर हो जाएंगी। हाफ टाइम के दौरान खिलाड़ियों को 15 मिनट का ब्रेक मिलेगा। ग्रुप चरण में पेनल्टी शूटआउट नहीं होगा। नॉकआउट चरण में मैच ड्रॉ रहने पर 30 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इसके बाद भी फैसला नहीं होने पर पेनल्टी शूटआउट से विजेता तय किया जाएगा।

### इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजरें

फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे और स्पेन के लमिन यमाल पर खास नजर रहेगी। एम्बाप्पे अपना तीसरा विश्व कप खेलेंगे। उन्होंने 2018 में खिताब जीता था, जबकि 2022 में उपविजेता रहे थे। दूसरी ओर स्पेन के युवा स्टार यमाल को भविष्य का बड़ा खिलाड़ी माना जा रहा है। वहीं, अर्जेंटीना के लियोनल मेसी, पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और ब्राजील के नेमार भी आकर्षण का केंद्र होंगे। सालों से इन दिग्गजों की प्रतिद्वंद्विता ने फुटबॉल जगत पर गहरी छाप छोड़ी है।

### कौन सी टीम किस ग्रुप में है?


ग्रुप ए : मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, चेकिया, दक्षिण कोरिया।
ग्रुप बी : बोस्निया और हर्जेगोविना, कनाडा, कतर, स्विट्जरलैंड।
ग्रुप सी : ब्राजील, हैती, मोरक्को, स्कॉटलैंड।
ग्रुप डी : ऑस्ट्रेलिया, पराग्वे, तुर्की, अमेरिका।
ग्रुप ई : कुरासाओ, इक्वाडोर, जर्मनी, आइवरी कोस्ट
ग्रुप एफ : जापान, नीदरलैंड, स्वीडन, ट्यूनीशिया
ग्रुप जी : बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड
ग्रुप एच : स्पेन, केप वर्डे, सऊदी अरब, उरुग्वे
ग्रुप आई : फ्रांस, सेनेगल, इराक, नॉर्वे
ग्रुप जे : अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, जॉर्डन
ग्रुप के : पुर्तगाल, कांगो. उज्बेकिस्तान, कोलंबिया
ग्रुप एल : इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा

### तीन देशों के 16 शहरों में होंगे 104 मैच

ग्रुप चरण के बाद टूर्नामेंट राउंड ऑफ 32, राउंड ऑफ 16, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल के चरणों में आगे बढ़ेगा। कुल 104 मैच खेले जाएंगे, जो टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक हैं। मुकाबलों का आयोजन 3 मेजबान देशों के 16 शहरों में होगा। इनमें सबसे ज्यादा मैच अमेरिका में खेले जाएंगे, जबकि कनाडा और मेक्सिको को 13-13 मैचों की मेजबानी मिली है। यह विश्व कप अपने आकार और आयोजन के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा संस्करण होगा।

# फीफा विश्व कप के इतिहास में मिरोस्लाव क्लोसे ने 16 तो मेस्सी ने दागे हैं 13 गोल

**क्सिको सिटी।** फीफा विश्व कप सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट है, जहां खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से इतिहास रचा है। इस मंच पर गोल करना किसी भी खिलाड़ी के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिना जाता है। कई दिग्गजों ने विश्व कप में अपनी छाप छोड़ी है। कुछ सितारे ऐसे रहे हैं, जिन्होंने लगातार गोल दागकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। ऐसे में आइए आगामी संस्करण से पहले टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल दागने वाले खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं।



### मिरोस्लाव क्लोसे (16 गोल)

पहले स्थान पर जर्मनी फुटबॉल टीम के पूर्व स्टार खिलाड़ी मीरोस्लाव क्लोसे हैं। उन्होंने फीफा विश्व कप में 24 मैच खेलते हुए रिकॉर्ड 16 गोल किए थे। क्लोसे 2014 में विश्व कप जीतने वाली जर्मन टीम का भी हिस्सा रहे। जर्मनी के लिए उन्होंने 137 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 71 गोल दागे, जो देश की ओर से सर्वाधिक हैं। इस मामले में दूसरे स्थान पर दिग्गज स्ट्राइकर गर्ड मुलर हैं, जिन्होंने 62 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 68 गोल किए थे।

### रोनाल्डो नजारियो (15 गोल)

ब्राजील की 1994 और 2002 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे रोनाल्डो नजारियो इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 19 मुकाबलों में 15 गोल दागे थे। ब्राजील के लिए इस खिलाड़ी ने 99 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 62 गोल किए। 1994 विश्व कप में उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था, लेकिन 2002 विश्व कप में उन्होंने 8 गोल किए थे। टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने के लिए उन्हें गोल्डन बूट पुरस्कार भी मिला था।

### गर्ड मुलर (14 गोल)

तीसरे स्थान पर जर्मनी के दिग्गज स्ट्राइकर गर्ड मुलर हैं। उन्होंने फीफा विश्व कप के 13 मुकाबलों में 14 गोल दागे थे। 1970 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 10 गोल किए और गोल्डन बूट अपने नाम किया, हालांकि जर्मनी खिताब जीतने में सफल नहीं हो पाया था। इसके बाद 1974 विश्व कप में उन्होंने 4 गोल किए और जर्मनी को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने जर्मनी के लिए 62 मैचों में 68 गोल दागे।

### लियोनल मेसी और जस्ट फोंटेन (13-13 गोल)

अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनल मेसी और फ्रांस के जस्ट फोंटेन इस सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। दोनों खिलाड़ियों ने फीफा विश्व कप में 13-13 गोल दागे हैं। मेसी 2026 विश्व कप में खेलते नजर आएंगे और उनके पास फोंटेन को पीछे छोड़ने का मौका होगा। किलियन एम्बाप्पे के नाम विश्व कप में 12 गोल हैं और वह भी इस सूची में आगे बढ़ सकते हैं। मेसी ने 2022 में अर्जेंटीना को विश्व कप जिताया था।



## खबर संक्षेप



### अफगानिस्तान ए ने डकवर्थ लुईस प्रणाली से भारत ए को चार रन से हराया


**दाम्बुला।** अफगानिस्तान ए ने बड़ा उलटफेर करते हुए सितारों से सजी भारत ए टीम को त्रिकोणीय एक दिवसीय श्रृंखला के वर्षाबाधित मैच में बृहस्पतिवार को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर चार रन से हरा दिया। कप्तान तिलक वर्मा, उपकप्तान रूतुराज गायकवाड़ और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 349 रन बनाये। प्रभसिमरन ने 69 गेंद में 84, गायकवाड़ ने 80 गेंद में 66 रन और तिलक ने 73 गेंद में 66 रन बनाये। हल्की बूंदाबांदी के कारण मैच प्रति टीम 49 ओवर का कर दिया गया। बार बार बारिश के कारण खेल बाधित होने के बाद अफगानिस्तान ए को 38 ओवर में 294 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। ऐसा रहा अफगानिस्तान का खेल अफगानिस्तान के कप्तान इमरान ( 70 गेंद में नाबाद 75) और हसन इसाखिल ( 29 गेंद में 34) ने अफगानिस्तान को आक्रामक शुरूआत दी। बहीर शाह ( 52 गेंद में 51) और इमरान ने मिलकर टीम को 25.5 ओवर में दो विकेट पर 177 रन तक पहुंचाया जब फिर बारिश शुरू हो गई। उस समय अफगानिस्तान डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर लक्ष्य से चार रन आगे था जिसके आधार पर उसे विजयी घोषित कर दिया गया।

### श्रीलंका अंडर-19 के खिलाफ भाविका भारतीय टीम की होंगी कप्तान

**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज भाविका अहीर घरेलू मैदान पर सीमित ओवरों की आगामी अंडर-19 श्रृंखला में श्रीलंका के खिलाफ भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की महिला चयन समिति ने तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय मुकाबलों की श्रृंखला के लिए बृहस्पतिवार को टीम का चयन किया।

### द्रविड़ के बेटे अन्वय भारत की अंडर-19 टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय द्रविड़ को चार जुलाई से शुरू होने वाले श्रीलंका के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड की जूनियर क्रिकेट समिति ने श्रीलंका के आगामी दौरे के लिए भारत की पुरुष अंडर-19 टीम की घोषणा की। इस दौरे पर तीन वनडे और दो बहु-दिवसीय मैच खेले जाएंगे।द्रविड़ जूनियर को एक दिवसीय टीम में रजत बघेल के साथ दो विकेटकीपिंग विकल्पों में से एक के तौर पर चुना गया है।

# महिला टी20 वर्ल्ड कप आज से, भारत-पाक में 14 को भिड़ंत

## पहली बार 12 टीमें ले रहीं हिस्सा, फाइनल मुकाबला 5 जुलाई को खेला जाएगा

एजेसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत शुक्रवार 12 जून से होने जा रही है। इंग्लैंड की सरजमीं पर आयोजित होने वाले इस विश्व कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम खिताबी दावेदारी पेश करने वाली बड़ी टीमों में से एक है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह ने 2026 महिला टी20 वर्ल्ड कप को इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बताया है। यह टूर्नामेंट 12 जून से शुरू होने जा रहा है, जिसमें पहली बार 12 टीमें हिस्सा लेंगी। फाइनल मुकाबला 5 जुलाई को खेला जाएगा। भारत को ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। भारत का पहला मुकाबला 14 जून को पाकिस्तान के साथ होगा। पाकिस्तान आज तक एशिया के बाहर महिला टी-20 विश्व कप में भारत को नहीं हरा सकी है।




### किस ग्रुप में कौन सा देश

ग्रुप ए : भारत, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, बांग्लादेश, द.अफ्रीका।
ग्रुप बी: इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, स्कॉटलैंड।

### इंग्लैंड और वेल्स करेंगे मेजबानी

इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी इंग्लैंड और वेल्स कर रहे हैं। टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड सहित कुल 12 टीमें भाग लेंगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है, जिससे प्रतियोगिता और भी रोमांचक हो गई है।

### भारत का पूरा शेड्यूल

भारतीय महिला टीम अपना पहला मुकाबला 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम लगातार अहम मुकाबलों में मैदान पर उतरेगी। 14 जून: भारत बनाम पाकिस्तान। 17 जून: भारत बनाम नीदरलैंड्स। 21 जून: भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका। 25 जून: भारत बनाम बांग्लादेश। 28 जून: भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया।

### टीम इंडिया की नजर पहली ट्रॉफी पर

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम पहली बार यह खिताब जीतने की कोशिश करेगी। अब तक टीम इंडिया महिला टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी है, लेकिन इस बार टीम से बड़ी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। टूर्नामेंट के बढ़े हुए फॉर्मेट और 12 टीमों की भागीदारी ने इसे अब तक का सबसे बड़ा महिला टी20 वर्ल्ड कप बना दिया है।

# रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरते ही तोड़ देंगे 37 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेटर रोहित शर्मा अफगानिस्तान के खिलाफ पहले वनडे के दौरान मैदान पर कदम रखते ही इतिहार रच देंगे। मौजूदा फॉर्मेट में भारत के लिए खेलने के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे और इस तरह से 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूट जाएगा।

भारत और अफगानिस्तान के बीच खेली जाने वाली तीन मैचों का वनडे सीरीज का आगाज 13 जून से होने जा रहा है। इस सीरीज का पहला मैच धर्मशाल में होगा। इस मैच के दौरान मैदान पर कदम रखते ही टीम इंडिया के स्टार ओपनर हिटमैन रोहित शर्मा 37 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ेंगे। आपको बता दें कि टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और हरफनमौला हार्दिक पंड्या चोट के चलते इस सीरीज से बाहर से हो गए हैं। इंग्लैंड दौरे पर इन दोनों खिलाड़ियों की वापसी की उम्मीद की जा रही है।

### मोहिंदर अमरनाथ के नाम है सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का टैग

रोहित शर्मा जब अफगानिस्तान के खिलाफ 13 जून को धर्मशाला के मैदान में उतरेंगे तो उनकी उम्र 39 साल 44 दिन होगी और वह वन डे में भारत के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। आपको बता दें कि इससे पहले यह रिकॉर्ड 1983 के वर्ल्ड कप चैंपियन प्लेयर मोहिंदर अमरनाथ के नाम था। उन्होंने भारत के लिए आखिरी वनडे 1989 में खेला था, तब वह 39 साल 36 दिन के थे। अब 37 साल बाद रोहित शर्मा उनका यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए एकदम तैयार हैं।



# सिंधू और तन्वी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेसी ▶▶| सिडनी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे गेम में हराकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने राउंड ऑफ 16 मैच में हमवतन ईशारानी बरुआ को 42 मिनट में 22-20, 21-12 से शिकस्त दी।

बुधवार को चीनी ताइपे की पांचवीं वरीय और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी च्यू पिन चियान को हराकर उलटफेर करने वाली तन्वी ने हमवतन मालविका बंसोड़ को 21-13, 21-15 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अब सिंधू चीनी ताइपे की चेन सु यू से भिड़ेंगी जबकि तन्वी का सामना जापान की शीर्ष वरीय अकाने यामागुची से होगा। तान्या हेमंत का सफर थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से 12-21, 15-21 से हारकर खत्म हो गया।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

*भारत के हरिहरन अमसाकरुणन और एमआर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के माइकल ओवेन और डायलन सोएदजासा की जोड़ी को 21-17, 21-7 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।अब वे अगले दौर में चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लियू कुआंग हेंग की जोड़ी से भिड़ेंगे। ध्रुव रावत और के मनीषा की मिश्रित युगल जोड़ी दूसरे दौर में जापान के अकीरा कोगा और नात्सु सैतो की जोड़ी से 19-21, 18-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।*

# वनडे रैंकिंग में सलाना अपडेट के बाद भारतीय क्रिकेट टीम टॉप पर



एजेसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की पुरुष वनडे टीम रैंकिंग के सलाना अपडेट के बाद भी भारतीय क्रिकेट टीम शीर्ष स्थान पर बरकरार है। हालांकि, भारत और दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के बीच अंकों का अंतर कम हो गया है। भारत की रेटिंग 119 से घटकर 118 हो गई है, जबकि न्यूजीलैंड की रेटिंग 2 अंक बढ़कर 113 पहुंच गई है। इसके बावजूद भारतीय टीम वनडे रैंकिंग में पहले स्थान पर कायम है।

### अन्य टीमों की स्थिति

वनडे रैंकिंग में मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 109 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कायम है। शीर्ष-10 में एकमात्र बदलाव चौथे स्थान पर देखने को मिला है, जहां दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम (102) ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम (100) को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, 9वें स्थान पर मौजूद बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के बीच अंतर भी बढ़ गया है। दोनों टीमों के बीच अब रेटिंग अंकों का फासला 10 अंक का हो गया है।

### टी-20 में भी शीर्ष पर बरकरार भारतीय टीम

*भारतीय टीम सिर्फ वनडे क्रिकेट ही नहीं, बल्कि टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। भारतीय टीम के 275 रेटिंग अंक हैं। वहीं, टेस्ट रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर मौजूद है। इस प्रारूप में उसके 104 रेटिंग अंक हैं। टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया पहले और दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर काबिज हैं। यानी भारत 2 प्रारूपों में शीर्ष-3 टीमों में शामिल है, जबकि टी-20 में उसका दबदबा बरकरार है।* ***अफगानिस्तान के खिलाफ 13 से वनडे सीरीज :*** *आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप को देखते हुए भारतीय टीम इस साल कई 50 ओवर के मुकाबले खेलेगी। भारत का अगला वनडे कार्यक्रम अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर खेली जाने वाली 3 मैचों की सीरीज है। इस सीरीज की शुरुआत 13 जून से होगी।*

# क्रिकेट अंडर-19 : श्रीलंका दौरे में भारत की अगुवाई करेंगे यशबर्धन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड की जूनियर क्रिकेट समिति ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका के आगामी दौरे के लिए भारत की पुरुष अंडर-19 टीम की घोषणा की। इस दौरे में तीन वनडे और दो बहु-दिवसीय मैच शामिल हैं। टीम की अगुआई यशबर्धन सिंह चौहान करेंगे जबकि लक्ष्य रायचंदानी को उप-कप्तान नियुक्त किया गया। भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ भी वनडे टीम में शामिल हैं। एक दिवसीय टीम में विकेटकीपर रजत बघेल और अन्वय द्रविड़ होंगे जबकि बहु-दिवसीय मुकाबलों के लिए विकेटकीपिंग के लिए मानव कृष्णा और आर्यन संदेश सकपाल को चुना गया है।

## द. अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाएंगे मुकाबले

# वनडे विश्व कप 2027 का शुभारंभ 4 अक्टूबर से

एजेसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले साल होने वाला वनडे विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। इसके कार्यक्रम को तय कर दिया गया है, जिसके तहत टूर्नामेंट 4 अक्टूबर से 21 नवंबर, 2027 तक आयोजित हो सकता है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के मुताबिक इन तारीखों पर सहमति मई में अहमदाबाद में हुई इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल बोर्ड बैठक के दौरान बनी थी। अब इस कार्यक्रम को अंतिम रूप जुलाई में एडिनबर्ग में होने वाली आईसीसी की वार्षिक आम बैठक में दिया जाएगा।




### इस बार 14 टीमें लेंगी हिस्सा

साल 2003 के बाद पहली बार अफ्रीकी महाद्वीप पर वनडे विश्व कप खेला जाएगा। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका 2007 टी-20 विश्व कप, 2009 चैंपियंस ट्रॉफी और 2023 महिला टी-20 विश्व कप की मेजबानी कर चुका है। यह टूर्नामेंट फिर से 14 टीमों के प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। शीर्ष-3 टीमें सुपर-6 चरण में पहुंचेंगी। दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे सीधे क्वालीफाई करेंगे, जबकि नामीबिया को क्वालीफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा।

### ज्यादा मुकाबले दक्षिण अफ्रीका में खेले जाएंगे

दक्षिण अफ्रीका के 8 मैदानों में 2027 क्रिकेट विश्व कप के अधिकांश मुकाबले खेले जाने की संभावना है, जहां कम से कम 54 में से 41 मैच हो सकते हैं। जिम्बाब्वे को 8 से 10 मैच मिलने की उम्मीद है, जबकि नामीबिया में 3 मुकाबले खेले जाएंगे। जिम्बाब्वे के पास अब 2 के बजाय 3 स्टेडियम होंगे, जिसमें विक्टोरिया फॉल्स भी शामिल है। फाले मोसी-ओआ-तुनीया स्टेडियम इस साल पूरा होगा और अगले मई में आधिकारिक रूप से शुरू किया जाएगा।

### हांगकांग की बैठक में होगा आखिरी फैसला

यह विश्व कप 2027-2031 फ्यूचर टूर प्रोग्राम का पहला आईसीसी टूर्नामेंट भी होगा। इस पूरे कार्यक्रम को इस साल हांगकांग में होने वाली आईसीसी बैठकों में अंतिम रूप दिया जाएगा। फिलहाल इस पर शुरुआती चर्चा हो चुकी है, लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की संरचना और उसके संभावित विस्तार को लेकर बना हुआ है। इसी कारण एफटीपी की रूपरेखा को अंतिम रूप देने में देरी हो रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109





## यह जानकारी नौसेना ने एक बयान जारी कर दी

# नौसेना ने मार्शल द्वीप के जहाज से सुरक्षित बाहर निकाली बिना फटी हुई मिसाइल

### एमटी ओलंपिक लाइफ टैंकर मई में अज्ञात हमले का शिकार बना, तब से मिसाइल जहाज के ईंधन टैंक में धंसी हुई थी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया और खाड़ी के पूरे इलाके में युद्ध के बीच भारतीय नौसेना ने ओमान के तट के पास एक बेहद जटिल अभियान चलाकर मार्शल द्वीप के ध्वज वाले कच्चे तेल के जहाज एमटी ओलंपिक लाइफ से एक बिना फटी हुई मिसाइल को सुरक्षित बाहर निकालकर पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया है। इस जहाज में हालांकि कोई भारतीय नागरिक सवार नहीं था। इसकी समुद्री यात्रा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह से भारत के कोच्चि की ओर थी। जहाज पर पिछले महीने 26 मई को हुए एक अज्ञात हमले में मिसाइल पोत की पतवार को भेदती हुई सीधे उसके ईंधन टैंक में जाकर धंस गई थी। जिसकी सूचना मिलने के बाद नौसेना ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए इस पूरी कवायद को अंजाम दिया है। यह जानकारी नौसेना ने गुरुवार को एक बयान जारी कर दी है।

## दक्षिण कमांड ने की टीम की तैनाती

जहाज में बिना फटे हुए आयुध की मौजूदगी को लेकर सूचना मिलने पर इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर-हिंद महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर) के जरिए नौसेना ने मोर्चा संभाला और कोच्चि स्थित दक्षिणी कमांड ने मामले की व्यापक स्तर पर जांच करने के लिए विशेषज्ञों के साथ विस्फोटक आयुध निपटान दल (ईओडी) को घटनास्थल पर तैनात किया। जिसने अपनी पड़ताल के दौरान पाया कि एक प्रक्षेप्य जहाज के बाहरी हिस्से से इसके कई आंतरिक भागों से गुजरता हुआ सीधे ईंधन टैंक के अंदर जाकर धंस गया था। मामले की गंभीरता को भांपते हुए दल ने एमटी ओलंपिक लाइफ जहाज, उसके चालक दल और ओमान तट के आसपास के बंदरगाह ढांचे की पुख्ता सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सावधानी के साथ एक विस्तृत चरणबद्ध प्रक्रिया को अपनाया।

## मलबे की होगी जांच, सुरक्षित स्थान पर भेजा

नौसेना ने कहा कि मिसाइल को जहाज से बाहर निकालने के क्रम में सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए ईओडी दल ने उन्नत जांच तकनीकों का इस्तेमाल किया और उनकी मदद से मिसाइल वॉरहेड की पहचान कर उसे निष्क्रिय किया गया है। फिर इसके मलबे को सुरक्षित रूप से बाहर निकालकर उसमें से बरामद किए गए आयुध को सुरक्षित भंडारण, व्यापक तकनीकी जांच के लिए एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है।

## मजबूत हुई विश्वसनीय साझेदार की भूमिका

अभियान से भारतीय नौसेना की आयुध निपटान क्षमता, तकनीकी कुशलता और चुनौतीपूर्ण समुद्री परिदृश्य के बीच समाधान निकालने से जुड़े हुए प्रभावी अंतर-एजेंसी समन्वय की शानदार झलक देखने को मिलती है। इसके अलावा समुद्री क्षेत्र में जहाज चाहे किसी भी देश या स्वामित्व वाला हो, उस पर भारतीय नागरिक सवार हों या न हों। आपात परिस्थितियों के मध्य नौसेना ने हमेशा ही त्वरित आधार पर प्रतिक्रिया देते हुए सहायता प्रदान की है। जो उसकी क्षेत्र में वैश्विक समुद्री सुरक्षा के मामले में सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले समुद्री बल, एक भरोसेमंद सुरक्षा साझेदार की भूमिका को और अधिक मजबूती प्रदान करती है।

## मणिपुर में 6 शव मिलने से मचा हड़कंप

**मणिपुर।** मणिपुर में फिर एक बार चिंताजनक स्थिति पैदा हो गई है। 13 मई से लापता छह नागा पुरुषों के शवों को कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार तड़के इंफाल के जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की मोर्चरी में लाया गया। इन छह शवों के आने के साथ ही विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया। जिसके चलते लियांगमाई तापहौ इलाके में नागा पीपल्स फ्रंट के मणिपुर हेडक्वार्टर में आग लगा दी और हिंसा भड़क गई। बताया जा रहा है कि एनपीएफ के हेडक्वार्टर में आग 13 मई, 2026 को लेइलोन वाइफेई गांव से छह लोगों के अपहरण को लेकर फैले गुस्से के कारण हुई। इस बारे में और जानकारी का इंतजार है।

## एडवाइजरी काउंसिल की घोषणा

**नई दिल्ली।** आईटी इंडस्ट्री की प्रमुख संस्था नैसकॉम ने ब्रिटेन टेक्नोलॉजी एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) के गठन की घोषणा की है, जो ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के लिए एक रणनीतिक उद्योग सलाहकार निकाय के रूप में काम करेगी और भारत-ब्रिटेन तकनीकी साझेदारी को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सुझाव देगी। यह घोषणा गुरुवार को की गई। इस पहल का उद्देश्य सरकारों के नेतृत्व वाले तकनीकी सुरक्षा कार्यक्रमों को बढ़ावा देना, एआई के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना, सीमा-पार व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करना, प्रतिभा विकास को मजबूत करना तथा कारोबार करने की प्रक्रिया को आसान बनाना है।







